YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-154 | रविवार, 06 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सफलतापूर्वक बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि इन सेवाओं का लाभ देश के हर नागरिक को मिले।



स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में की गई पहलों से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समावेशी और रोगी–केंद्रित बनाया गया। **ओम बिरला**

किरेन रिजिजू ने दलाई लामा से लिया आशीर्वाद 11

नीतीश ने राज्य में अपराधों को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा 12

## संक्षेप

### हेट स्पीच के मामले में अब्बास अंसारी की दरख्वास्त खारिज

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले की एक विशेष अदालत ने हेट स्पीच मामले में पूर्व विधायक अब्बास अंसारी की दोषसिद्धि के खिलाफ दरख्वास्त खारिज कर दी है। शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि हेट स्पीच के मामले में पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को 31 मई को स्थानीय न्यायालय ने दोषसिद्ध करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इस फैसले के खिलाफ अब्बास अंसारी ने अपर जिला जज/एमपी एमएलए कोर्ट में दोषसिद्धि के खिलाफ दरख्वास्त दाखिल की थी। इसके साथ ही जमानत को बरकरार रखने के अपील की गई थी। शनिवार को एमपी एमएलए कोर्ट जज राजीव कुमार वत्स ने हेट स्पीच के मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ अब्बास अंसारी की दरख्वास्त खारिज कर दिया है। हालांकि उनकी जमानत बरकरार रहेगी।

### गरीब व असहाय लोगों का धर्मांतरण कराने का आरोपी झांगुर बाबा गिरफ्तार

**लखनऊ।** एटीएस ने गैर मुस्लिम गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों को कई तरह का लालच देकर धर्मांतरण कराने के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा और उसकी महिला सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार कर लिया। झांगुर पर 50 हजार रुपए इनाम घोषित किया गया था। लखनऊ में तीन दिन पहले झांगुर के चंगुल में फंस कर धर्म बदलने वालों ने फिर से अपना पुराना धर्म अपना लिया था। इस दौरान ही पीड़ितों के कई चौंकाने वाले खुलासे के बाद एटीएस ने झांगुर बाबा की तलाश तेज कर दी थी।

### संभल सड़क हादसे में मृतकों की संख्या हुई आठ

**संभल।** जिले के हरगोविंदपुर गांव में शुक्रवार देरशाम को बारात निकलने के दौरान एक कार स्कूल की दीवार से टकरा गई थी। हादसे में दूल्हा समेत 5 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि अस्पताल में भर्ती कई लोगों की हालत गंभीर बनी थी। तीन अन्य लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। मृतकों की संख्या बढ़कर अब 8 हो गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्ननोई ने बताया कि थाना जुनावई क्षेत्र के ग्राम हरगोविंदपुर में रहने वाले सुखराम के बेटे सूरज (19) की शुक्रवार को शादी थी। देरशाम बारात बंदायू में सिरसौल गांव जाने के लिए निकली। कार में सूरज की भाभी आशा (26), भतीजी (ऐश्वर्या), विष्णु (02) अन्य लोग सवार था। कई गाड़ियों के आगे निकलने के बाद सूरज की गाड़ी चली, जिसमें दूल्हा समेत 10 लोग बैठे थे। गांव के कुछ ही दूर जनता इंटर कॉलेज की दीवार पर दूल्हे की तेज रफ्तार कार टकरा गई।

# त्रिनिदाद-टोबैगो के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर

## कैरिबयाई देशों से संबंधों को मजबूत बनायेगा भारत

एजेंसी

पोर्ट ऑफ स्पेन/नई दिल्ली। भारत और त्रिनिदाद-टोबैगो ने जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा क्षेत्र की समसामयिक चुनौतियों से मिलकर निपटने के लिए सहयोग बढाने तथा भारत-कैरिकॉम साझेदारी को अधिक मजबूत बनाने पर सहमति व्यक्त की है।

त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार देर रात प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह बात कही। उनकी वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच फार्मा, ऊर्जा , संस्कृति और खेल आदि क्षेत्रों में सहयोग बढाने के छह समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पनहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत के लोगों को त्रिनिदाद एवं टोबैगो द्वारा दिए गए मजबूत समर्थन एवं एकजुटता की सराहना की। बाद में एक बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष ग्लोबल साउथ के देशों के बीच अधिक एकजुटता के लिए मिलकर काम करने और भारत-कैरिकॉम साझेदारी को मजबूत करने पर सहमत हुए। वार्ता के बाद फार्माकोपिया, त्वरित प्रभाव वाली परियोजनाओं, संस्कृति, खेल, राजनयिक प्रशिक्षण और हिंदी एवं भारतीय अध्ययन के लिए आईसीसीआर चेयर के क्षेत्रों में छह समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड की पेशकश सहित द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की गईं। दोनों नेताओं ने कृषि, स्वास्थ्य सेवा और फार्मास्यूटिकल्स, डिजिटल परिवर्तन, यूपीआई, क्षमता निर्माण, संस्कृति, खेल और लोगों के बीच संबंधों सहित संभावित सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा की।

❐ त्रिनिदाद-टोबैगो डिजी भुगतान प्लेटफॉर्म यूपीआई अपनाने वाला पहला कैरेबियाई देश बना



प्रधानमंत्री बिसेसर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करेगी। दोनों नेताओं ने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा जैसी समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर को भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री मोदी की त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा ने दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों को बढ़ावा दिया है। दोनों पक्षों ने छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जिनमें भारतीय फार्माकोपिया पर समझौता ज्ञापन, त्वरित प्रभाव वाली परियोजनाओं (क्यूआईपी) के कार्यान्वयन के लिए भारतीय अनुदान सहायता पर समझौता, वर्ष 2025-2028 की अवधि के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान का कार्यक्रम, खेलों में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, राजनयिक प्रशिक्षण में सहयोग पर समझौता ज्ञापन और वेस्टइंडीज विश्वविद्यालय (यूडब्ल्यूआई), त्रिनिदाद और टोबैगो में हिंदी और भारतीय अध्ययन के दो आईसीसीआर चेयर की पुनः स्थापना पर समझौता ज्ञापन शामिल है।

कैरीकॉम या कैरीबियाई समुदाय और साझा बाजार 20 कैरीबियाई देशों का एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें 15 पूर्ण और पांच सहयोगी सदस्य हैं। इसकी स्थापना 4 जुलाई 1973 को हुई थी और इसका मुख्यालय जॉर्जटाउन गुयाना में है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आर्थिक एकीकरण और सहयोग को बढ़ावा देना, विदेश नीति का समन्वय करना, मानव और सामाजिक विकास का समर्थन करना और क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाना है।

# बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विवाद अब उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गया।

स्वयंसेवी संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' ने पुनरीक्षण से संबंधित भारत के चुनाव आयोग की ओर से 24 जून 2025 को जारी आदेश को मनमाना और संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों का उल्लंघन करने वाला बताते हुए इसे शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर करके चुनौती दी है। अधिवक्ता प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर इस याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के इस आदेश से राज्य के लाखों मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। याचिका में दलील दी गई है कि चुनाव आयोग का यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के अलावा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

याचिका में दावा किया गया है कि आयोग के उक्त आदेश में बिहार की वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल न होने वाले मतदाताओं को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए निर्दिष्ट नागरिकता दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। याचिका में यह दलील दी गई है कि बिहार एक ऐसा राज्य है, जहां बड़ी संख्या में लोगों का पलायन होता है। ऐसी में यहां की एक बड़ी आबादी के पास जन्म प्रमाण पत्र या अपने माता-पिता से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं है। याचिका में आशंका जतायी गयी है कि चुनाव आयोग के ताजा आदेश से राज्य के तीन करोड़ से अधिक लोग मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और प्रवासी श्रमिक शामिल इसे प्रभावित होगें। याचिकाकर्ता ने अदालत से गुहार लगाते हुए कहा है कि चुनाव आयोग के जून में जारी उक्त आदेश को रद्द कर दिया जाए। यदि इसे रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया अपनाये बिना लाखों लोगों को उनके मताधिकार से वंचित किया जा सकता है। विशेष पुनरीक्षण का यह आदेश स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को प्रभावित करने के साथ ही संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार कर सकता है।



### बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम जोरों पर: आयोग

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का काम जोरों पर है और इसके अंतर्गत 7.38 करोड़ मतदाताओं को गणना फार्म दिये जा चुके हैं और चुनाव अधिकारियों ने 1.04 करोड़ गणना फॉर्म एकत्र कर लिये हैं। एकत्र फार्म की संख्या कुल मतदाताओं की 13.19 प्रतिशत ● शेष पेज 11 पर

# 'फूल' मंडी शुल्क से पूरी तरह मुक्त

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ मुख्यमंत्री योगी का बड़ा निर्णय, सभी प्रकार के फूल विनिर्दिष्ट कृषि उत्पाद श्रेणी की जगह अब गैर-विनिर्दिष्ट श्रेणी में होंगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल की खेती से जुड़े किसानों को बड़ी राहत देते हुए 'सभी प्रकार के फूलों' को विनिर्दिष्ट कृषि उत्पाद की श्रेणी से हटाकर गैर-विनिर्दिष्ट श्रेणी में रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूलों की ताजगी अल्पकालिक होती है और यह नाशवान प्रकृति का उत्पाद है। मंडी तक लाने में समय लगने से फूलों की गुणवत्ता पर असर पड़ता है और किसान उचित मूल्य से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में किसानों को फूलों की बिक्री मंडी के बाहर करने पर किसी भी प्रकार का मंडी शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे, सीमांत और फूलों की मौसमी खेती करने वाले किसानों के लिए बड़ा संबल सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 171वीं बैठक में लिए गए इस निर्णय के बाद अब फूल की खेती करने वाले किसानों को मंडी परिसर से बाहर व्यापार करने पर कोई शुल्क नहीं देना होगा, जबकि मंडी परिसर में उनसे मात्र प्रयोक्ता शुल्क लिया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी परिषद केवल एक संस्थागत निकाय नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान, अधिकार और आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने दो टूक कहा कि मंडियों की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जहाँ किसान सुविधाजनक, सुरक्षित और सम्मानजनक ढंग से अपनी उपज का विक्रय कर सकें। मुख्यमंत्री ने मंडियों को उत्तरदायी, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाते हुए इन्हें राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाने की आवश्यकता पर ● शेष पेज 11 पर

# लालू यादव 13वीं बार बने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव की एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शनिवार को ताजपोशी हुई। उनका कार्यकाल 2028 तक का होगा। लालू यादव 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। उन्हें पार्टी नेताओं ने प्रमाण पत्र और पुष्प गुच्छ देकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की बधाई दी। राजद की राष्ट्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आज पटना के बापू सभागार में चल रही है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे कर रहे हैं। इससे पूर्व लालू यादव को 13वीं बार राजद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की घोषणा की गयी और मंच पर उन्हें प्रमाण पत्र और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी गयी।

लालू यादव ने 23 जून को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था। उनके खिलाफ किसी और ने नामांकन नहीं किया। इसलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जिसकी औपचारिक घोषणा की गयी। पहले यह चर्चा थी कि लालू प्रसाद पार्टी की कमान अपने बेटे तेजस्वी यादव को सौपेंगे, लेकिन अब उन्हें इंतजार करना होगा। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू यादव ने 12 टर्म ● शेष पेज 11 पर

# भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी का भाई नेहल मोदी अमेरिका में गिरफ्तार

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने भारत को सूचित किया कि निहाल मोदी को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख 17 जुलाई है और उस सुनवाई में निहाल जमानत का अनुरोध कर सकता है, लेकिन अमेरिकी अभियोजक इसका विरोध करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा संयुक्त रूप से किये गये प्रत्यर्पण अनुरोध पर यह कदम उठाया गया। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा प्रत्यर्पण की कार्यवाही दो आरोपों पर की गई, जिसमें धन शोधन रोकथाम अधिनियम



(पीएमएलए), 2002 की धारा 3 के तहत धन शोधन का एक मामला और दूसरा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 201 (फरार होने) के तहत आपराधिक साजिश का मामला शामिल है। निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है। धोखाधड़ी का आरोप दोनों भाइयों (नीरव और निहाल मोदी) और उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी पर है।

### ब्रिटेन में रह रहा हथियार डीलर संजय भंडारी भगोड़ा घोषित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर शनिवार को ब्रिटेन में रह रहे हथियार डीलर संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया। अदालत ने 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018' के तहत भंडारी को भगोड़ा घोषित किया। ईडी के अनुसार, भंडारी वर्ष 2016 में भारत से ब्रिटेन भाग गया था। ब्रिटेन की एक अदालत ने भंडारी के प्रत्यर्पण के भारत के अनुरोध को हाल ही में ठुकरा दिया था। आयकर विभाग ने काला धन रोधी अधिनियम, 2015 के तहत भंडारी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए ईडी ने फरवरी 2017 में उसके (भंडारी) और अन्य लोगों के खिलाफ धनशोधन का आपराधिक मामला दर्ज किया था। संघीय एजेंसी ने वर्ष 2020 में भंडारी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।

# महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध अनुचित : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा के मामले में मारपीट की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि देश की सभी भाषाओं का सम्मान होना चाहिए मगर हिन्दी भाषी लोगों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

श्री यादव ने शनिवार को यहां एक प्रेस कंफ्रेंस में कहा कि महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा का विरोध सही नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है जो गलत है। भाजपा की मंशा समाज में खाई पैदा कर राजनीतिक लाभ उठाना है। उन्होने कहा कि समाजवादी लोग सभी भारतीय भाषाओं के पक्षधर है। हम चाहते हैं कि हिंदी, मराठी, तमिल, कन्नड, उर्दू समेत सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान हो। भाषाओं के मुद्दे को उठाकर लोग राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। किसी भी भाषा के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।



सबका सम्मान होना चाहिए। हम चाहते है भाषाओं के विकास पर हजारों करोड़ का बजट आये। भाषाओं का विकास हो। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा साजिश के तहत उन्हीं स्कूलों को बंद कर रही है। जिन बूथों पर वह चुनाव हारी है। 15 अगस्त को समाजवादी पार्टी के नेता इन स्कूलों के गांव-गांव जाकर स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराएंगे और गांव के लोगों को भाजपा की साजिश से सावधान करेंगे। उन्होने कहा कि सहारनपुर से लेकर सोनभद्र तक खनिजों की लूट चल रही ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री की पहल, बौद्ध व सिख श्रद्धालुओं के लिए शुरू होंगी दो तीर्थ यात्रा योजनाएं

# बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की तीर्थ यात्रा की आस पूरी कराएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध और सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्राओं की आस पूरी करने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थ यात्राएं भारतीय संस्कृति में आत्मिक उत्थान और सामाजिक समरसता का माध्यम रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों को उनकी आस्था से जुड़े स्थलों तक पहुंचने में सहायता प्रदान करे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बौद्ध श्रद्धालुओं की विशिष्ट तीर्थ यात्राओं के लिए 'बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना' और सिख श्रद्धालुओं के लिए 'पंच तख्त यात्रा योजना' प्रारंभ की जाए। इन योजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। ताकि वे अपनी आस्था के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा सुलभता से कर सकें। मुख्यमंत्री के मंशानुसार बौद्ध तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य प्रदेश के निवासी हिन्दू/बौद्ध श्रद्धालुओं को देश के विभिन्न भागों में स्थित बौद्ध तीर्थ स्थलों की यात्रा की साध पूरी कराना है। मुख्यमंत्री ने योजना के लाभार्थियों के चयन में बौद्ध भिक्षुओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, पंच तख्त यात्रा योजना सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश के निवासी सिख श्रद्धालुओं को भारत के पांच पवित्र 'तख्त साहिब' स्थल की यात्रा कराई जाएगी।



उल्लेखनीय है कि सिख पंथ के लिए पवित्र पंच तख्त स्थलों में 'श्री आनंदपुर साहिब, पंजाब, श्री अकाल तख्त साहिब, अमृतसर, पंजाब, श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो, पंजाब, श्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़, महाराष्ट्र, श्री हरमंदिर जी साहिब (पटना साहिब), बिहार,' शामिल हैं। प्रस्तावित दोनों ही योजनाओं में प्रति व्यक्ति न्यूनतम 10 हजार रुपये की राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दोनों योजनाओं के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी जानी चाहिए। श्रद्धालुओं के चयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कमजोर आय वर्ग के लोगों को वरीयता दी जानी चाहिए। दोनों ही योजनाएं आईआरसीटीसी के सहयोग से संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ये दोनों योजनाएं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और धार्मिक आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लागू की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ये योजनाएं प्रदेश की समावेशी विकास नीति और 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को और सशक्त करेंगी। प्रदेश की धार्मिक सहिष्णुता और पर्यटन को नया आयाम देंगी, साथ ही 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी मूर्त रूप प्रदान करेंगी।

# मसूद अजहर पाकिस्तान में मौजूद नहीं : बिलावल

नयी दिल्ली। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने दावा किया है कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित आतंकवादी मसूद अजहर के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। श्री भुट्टो ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान में अजहर की मौजूदगी के बारे में जानकारी देता है तो पाकिस्तान उसे गिरफ्तार करने में 'खुशी' महसूस करेगा। उन्होंने अल जजीरा न्यूज चैनल को दिये साक्षात्कार में कहा कि हाफिज सईद पाकिस्तान में एक स्वतंत्र व्यक्ति नहीं है और मसूद अजहर अफगानिस्तान में हो सकता है। गौरतलब है कि श्री भटुटो की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) देश में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है और मसूद अजहर भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक है। अजहर ने 2001 के संसद हमले, 26/11 मुंबई हमलों, 2016 पठानकोट हमले और 2019 के पुलवामा हमले में प्रमुख भूमिका निभाई थी। मसूद अजहर को 1267 संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति के तहत 2019 में ● शेष पेज 11 पर

# करारी थाना परिसर में खड़ा संदिग्ध जिप्सी वाहन, आरटीओ में पंजीकरण नहीं

### 35 साल पुराना टू-व्हीलर नंबर लगाने का बड़ा खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज/ कौशांबी। करारी थाना परिसर में खड़ा संदिग्ध जिप्सी वाहन (ठघ्70इ 0846) इन दिनों पूरे जनपद में चर्चा और संदेह का विषय बना हुआ है। परिवहन विभाग की ऑनलाइन और ऑफलाइन जांच में पाया गया कि यह वाहन देश के किसी भी आरटीओ में पंजीकृत नहीं है। सबसे चौंकाने वाली जानकारी यह सामने आई है कि सूत्रों के अनुसार यह नंबर लगभग 35 साल पुराना किसी टू-व्हीलर (मोटरसाइकिल या स्कूटर) का नंबर प्रतीत होता है, जिसका स्पष्ट रिकॉर्ड प्रयागराज के आरटीओ से भी अब उपलब्ध नहीं है। सवाल उठता है कि अगर यह नंबर पुराने टू-व्हीलर का था तो इसे इतने वर्षों से एक चार पहिया जिप्सी वाहन पर कैसे उपयोग किया जा




रहा है?स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह जिप्सी वाहन करारी थाने के प्रभारी विनीत सिंह के निजी उपयोग में है। वे वर्षों से इस वाहन का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि अब तक इस संदिग्ध वाहन के खिलाफ कोई भी विभागीय या कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई, यह बड़ा सवाल बन गया है। पुलिस विभाग में उच्च अधिकारियों की जानकारी के बावजूद इस लापरवाही से प्रशासनिक कार्यशैली भी कटघरे में आ गई है। फिलहाल कौशांबी जनपद में पूर्व कप्तान रहे बृजेश श्रीवास्तव का पूरा आशीर्वाद इनके साथ था यहां वजह रही कि इनको मनमानी करने और कानून से खिलवाड़ करने की पूरी आजादी मिली थी ।

### बीएनएस की धारा 318 और 336 के तहत गंभीर अपराध, जांच और कार्रवाई की मांग तेज

इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) 2023 की धारा 318 और 336 सीधे तौर पर लागू होती हैं। धारा 318 के तहत फर्जी दस्तावेज या गलत जानकारी का प्रयोग करने पर 3 से 7 साल तक की सजा का प्रावधान है, जबकि धारा 336 के तहत लोक सेवक द्वारा पद का दुरुपयोग कर अवैध कार्यों में संलिप्तता के लिए सख्त सजा और सेवा से निलंबन का प्रावधान है।इसके अलावा, मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 39 और 192 के तहत बिना पंजीकरण के वाहन चलाना गैरकानूनी है। वाहन को तत्काल जब्त कर कार्रवाई होनी चाहिए।स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक (ट्टघ), जिलाधिकारी (क्ख्र), आरटीओ और लोकायुक्त से स्वतः संज्ञान लेकर जांच और थाना प्रभारी के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी खुलासा हुआ है कि थाना स्तर पर वसूली और फर्जी मुकदमेबाजी के लिए दो कथित पत्रकारों का नेटवर्क सक्रिय है, जो इस पूरे मामले में दलाली की भूमिका निभा रहे हैं।जनता सवाल कर रही है कि थाना प्रभारी विनीत सिंह 35 साल पुराने नंबर के सहारे अब तक कैसे वाहन चला रहे हैं और यह अनदेखी क्यों हो रही है?

# कोरांव समाधान दिवस मे आई 227 शिकायतें एसडीएम ने10 का कराया निस्तारण

### पुलिस सुरक्षा के बीच समाधान दिवस हुआ सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह के नेतृत्व में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कोरांव तहसील किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 227 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान भारी पुलिस सुरक्षा बल मौजूद था।एसडीएम आकांक्षा सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय से, गुणवत्तापूर्वक और निष्पक्ष तरीके से करें। उन्होंने जोर दिया कि फरियादियों को न्याय मिलना चाहिए और शिकायतों का निस्तारण बिना किसी भेदभाव के किया जाना चाहिए।प्रभारी निरीक्षक कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने धरने पर बैठे अधिवक्ताओं से वार्ता की और उनसे आग्रह किया कि वे समाधान दिवस को बाधित न करें। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को अपनी मांगों के लिए धरना और भूख हड़ताल करने का अधिकार है, लेकिन समाधान दिवस के दौरान व्यवधान नहीं डालना चाहिए।एसडीएम ने कहाँ कीसंपूर्ण समाधान दिवस एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों का निस्तारण करना है। इस आयोजन के माध्यम से प्रशासन जनता के करीब आता है और उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास किया जाना चाहिए हम हम सबकी जिम्मेदारी है।

## मीडिया और कानून की साझा सरहद पर नई पहलः वरिष्ठ अधिवक्ता एस. बी. उपाध्याय विधि सचिव नियुक्त



**नई दिल्ली/लखनऊ।** मीडिया और कानून—दोनों ही लोकतंत्र के स्तंभ—अब एक साझा मंच पर और सशक्त हो रहे हैं। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया ने हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एस. बी. उपाध्याय को अपना विधि सचिव नियुक्त किया है। काउंसिल के सचिव/मुख्य कार्यकारी अधिकारी ठा श्रीश सिंह ने नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। श्री उपाध्याय सिर्फ एक विधिवेत्ता नहीं, बल्कि स्वतंत्र पत्रकारिता के सजग प्रहरी भी हैं। उनके पास दो दशकों से अधिक का विधिक अनुभव है, साथ ही उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मीडिया उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर अनेक मंचों पर सक्रिय भागीदारी की है।मीडिया काउंसिल के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने उनकी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा,› ''मीडिया की नैतिकता और विधिक मजबूती आज की आवश्यकता है। श्री उपाध्याय जैसे व्यक्ति का साथ मिलना काउंसिल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।''यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब पत्रकारिता के क्षेत्र में फर्जीवाड़ा, जिम्मेदार रिपोर्टिंग और अभिव्यक्ति की आज़ादी को लेकर नई बहसें तेज़ हैं। श्री उपाध्याय की नियुक्ति से उम्मीद की जा रही है कि काउंसिल इन जटिल सवालों पर न सिर्फ स्पष्ट नीति बनाएगी, बल्कि मीडिया संगठनों को कानूनी रूप से भी सशक्त करेगी।सचिव ठा श्रीश सिंह ने कहा की यह कदम मीडिया और कानून के बीच सेतु बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

## हाईकोर्ट से बड़ी राहत, सपा ब्लॉक प्रमुख मुजफ्फर को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने समाजवादी पार्टी के ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद मुजफ्फर को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने 2016 में नवाबगंज थाने में दर्ज एक मुकदमे में उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।मोहम्मद मुजफ्फर इस समय कई मामलों में नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ विभिन्न थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन इस पुराने मामले में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है।मामला वर्ष 2016 में नवाबगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जिसमें पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। हालांकि, अन्य मामलों में मुजफ्फर की जेल से रिहाई अभी संभव नहीं है, लेकिन इस निर्णय को उनके लिए एक बड़ी कानूनी राहत माना जा रहा है।

## एसडीएम ने भूख हड़ताल पर बैठे अधिवक्ताओ का कराया स्वाथ्य परिक्षणडॉ द्वारा बताया गया स्थिति सामान्य

**कोरांव, प्रयागराज।** एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक केबी सिंह ने एक टीम का गठन किया, जिसमें डॉ शमीम अख्तर और अन्य सहयोगी शामिल थे। इस टीम को तहसील कोरांव में भूख हड़ताल पर बैठे अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए भेजा गया था स्वास्थ्य टीम द्वारा किए गए परीक्षण के बाद बताया गया कि अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य सामान्य स्थिति में है। यह जानकारी स्वास्थ्य टीम की आख्या में दी गई हैएसडीएम आकांक्षा सिंह ने अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया था। उनका उद्देश्य अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की निगरानी करना और आवश्यक होने पर उचित कार्रवाई करना था।अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की निगरानी जारी रखने और आवश्यक होने पर आगे की कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य टीम को निर्देश दिए गए हैं। इससे अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य को लेकर किसी भी तरह लापरवाही न होने का निर्देश दिया गया है।

## आमरण अनशन पर बैठे अधिवक्ताओं से मिले लल्लन कुमार तिवारी



**कोरांव, प्रयागराज।** तहसील कोरांव में पूर्व अध्यक्ष मंत्री लल्लन कुमार तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का हड़ताल और आमरण अनशन जारी था, जिससे वादकारियों और अन्य अधिवक्ताओं को परेशानी हो रही थी। इस समस्या का समाधान करने के लिए क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने हस्तक्षेप किया और लल्लन कुमार तिवारी से वार्ता की। विधायक राजमणि कोल ने अधिवक्ताओं की पीड़ा और समस्या को समझते हुए वार्ता में भाग लिया और उन्हें भरोसा दिलाया कि आपसी मतभेद जल्द ही खत्म हो जाएंगे और अधिवक्ता मिल जुलकर अच्छा काम करेंगे। उन्होंने जोर दिया कि वादकारियों का हित सर्वोपरि है और इसे ध्यान में रखते हुए समाधान निकाला जाएगा। बैठक में सूर्य कांत तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता संतरा देवी, संजय सिंह पटेल, पीआरओ राम आश्रय शुक्ला पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत कोरांव रमेश चंद्र सोनी, और अन्य लोग मौजूद थे। सभी ने मिलकर समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया और अधिवक्ताओं के हित में निर्णय लेने का आश्वासन दिया।विधायक की पहल और अधिवक्ताओं के साथ वार्ता के बाद उम्मीद है कि जल्द ही हड़ताल और आमरण अनशन समाप्त हो जाएगा और अधिवक्ता अपने काम पर लौट आएंगे। इससे वादकारियों और अन्य अधिवक्ताओं को राहत मिलेगी और न्यायिक प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहेगी।

## दलहनी व मोटे अनाज की मिनी किट का वितरण

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** राजकीय कृषि बीज भंडार सरोजनीनगर द्वारा शनिवार को विकासखंड के कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों को विभिन्न दलहनी व मोटे अनाज की मिनीकिट का निशुल्क वितरण किया गया। दलहनी फसलों में उर्द,मूंग,अरहर तथा मोटे अनाज की फसलों में ज्वार, बाजरा, कोंदो, रागी, सांवा कृषकों को वितरित किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों को दलहन व मोटे अनाज की खेती करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बीजों को निशुल्क वितरित किया जा रहा है। सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा बताया गया कि निशुल्क दिए गए बीज को बोना अनिवार्य है व समय-समय पर कृषि विभाग के कार्मिकों व अधिकारियों द्वारा मिनी किट का निरीक्षण भी किया जाता है। कृषि कार्मिकों व अधिकारियों के निरंतर भ्रमण से कृषकों को समय-समय पर फसल में आने वाली कीट, रोग आदि परेशानियों से निदान हेतु परामर्श एवं सहायता भी प्रदान की जाती है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व महामंत्री राजेन्द्र सिंह राजू, मंडल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह,योगेश तिवारी नवीन,शिव सागर यादव ग्राम प्रधान माती,राम गोपाल सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं अभिषेक द्विवेदी प्रभारी कृषि बीज भंडार मौजूद रहे।

## विधानसभा बारा के इरादतगंज मार्ग की बदहाली से ग्रामीण बेहाल

**प्रयागराज।** बारा विधानसभा क्षेत्र के इरादतगंज ग्राम सभा में रीवा रोड से इरादतगंज और बोंगवा ग्राम को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पिछले एक दशक से बदहाल हालत में पड़ा है। बारिश के मौसम में यह सड़क जलभराव के कारण नदी जैसी नजर आने लगती है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात में इस सड़क पर कमर तक पानी भर जाता है, जिससे स्कूली बच्चे, कॉलेज के छात्र-छात्राएं और आम राहगीर जान जोखिम में डालकर आने-जाने को मजबूर होते हैं। इस मार्ग से ही कृष्णार्पित ग्रुप ऑफ फार्मेसी जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राएं भी गुजरते हैं, जिन्हें प्रतिदिन खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों के मुताबिक त्रिवेणी ग्लास फैक्ट्री के बंद होने के बाद से इस सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण की ओर किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है। आए दिन फिसलन और कीचड़ के कारण लोग गिरकर घायल हो जाते हैं।

# नैनी थाना क्षेत्र में अपराध बेलगाम, इंस्पेक्टर और जेल रोड चौकी इंचार्ज की कार्यशैली पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । नैनी थाना क्षेत्र में अपराध और अराजकता की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना और चौकी स्तर पर पुलिस की पकड़ कमजोर हो गई है और अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर जेल रोड चौकी में हालात और भी खराब हो गए हैं, जहां फरियादियों की सुनवाई की जगह अब दलालों का दबदबा दिखाई दे रहा है।आरोप हैं कि सुबह से देर रात तक चौकी पर दलालों का जमावड़ा लगा रहता है और उन्हीं के इशारे पर अधिकतर कार्रवाई होती है। आम लोगों की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। फरियादी चौकी और थाने के चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। इससे स्थानीय जनता में गहरी नाराजगी है।लगातार बढ़ रहे अपराध, पुलिस लाचारहाल ही में एडीए कॉलोनी के सी ब्लॉक में एक बुजुर्ग उमाकांत के साथ युवकों द्वारा घर में घुसकर की गई मारपीट और फायरिंग की घटना इसका ताजा उदाहरण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर गौतम ने कार्यभार संभाला है, अपराध नियंत्रण की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।घटनाओं के समय पुलिस मौके पर देर से पहुंच रही है, जबकि अपराधी खुलेआम वारदात करने के बाद भी पकड़ से बाहर हैं। क्षेत्रीय जनता का कहना है कि पुलिस की कार्यशैली लापरवाह हो चुकी है और अधिकांश मामलों में प्रभावशाली लोगों के दबाव में काम किया जा रहा है।

उच्च अधिकारियों से जांच की मांगस्थानीय लोगों ने नैनी थाना और जेल रोड चौकी में दलालों की सक्रियता, फरियादियों की अनदेखी और बढ़ते अपराधों पर गंभीर चिंता जताई है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रयागराज पुलिस के उच्चाधिकारियों से नैनी इंस्पेक्टर और जेल रोड चौकी इंचार्ज की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई नहीं की गई, तो नैनी थाना क्षेत्र में अपराध और अराजकता पर नियंत्रण मुश्किल हो जाएगा।

# मोहनलालगंज और दुबग्गा में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलडीए ने अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई की। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1, जोन-2 और जोन-7 की टीमों ने मोहनलालगंज और दुबग्गा में दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया, वहीं गोमती नगर के विभूति खंड में मानकों के विपरीत किए जा रहे तीन निर्माणों को सील कर दिया। गोमती नगर स्थित विभूति खंड में मोहम्मद तौफीक व मोहम्मद तौसीफ द्वारा लगभग 990 वर्गमीटर भूखंड पर, अर्चना वर्मा व अन्य द्वारा 243 वर्गमीटर क्षेत्रफल पर, और विनय सिंह द्वारा 450 वर्गमीटर क्षेत्र में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। एलडीए प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह के अनुसार ये सभी निर्माण प्राधिकरण के मानकों के विरुद्ध पाए गए, जिन्हें प्रवर्तन टीम द्वारा पुनः सील कर दिया गया। इसी तरह मोहनलालगंज के खुजौली इलाके में न्यू जेल रोड स्थित सरस्वती लॉन के पीछे लगभग 16 बीघा भूमि पर राजू कुमार, अभिषेक सिंह व अन्य द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। बिना ले-आउट स्वीकृति के की जा रही इस प्लाटिंग के विरुद्ध पहले से वाद चल रहा था, जिस पर विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया था। आदेश के चलते प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने सड़कों, नालियों व बाउंड्रीवॉल आदि को मौके पर ध्वस्त कर दिया। वहीं, प्रवर्तन जोन-7 के अंतर्गत दुबग्गा क्षेत्र में रफीक व अन्य द्वारा ग्राम कुसमौरा हलुआपुर में लगभग 10,000 वर्गमीटर क्षेत्र में शान सिटी नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। बिना ले-आउट स्वीकृति के बनाई जा रही इस कॉलोनी को भी प्रवर्तन टीम द्वारा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया।

# एलडीए में आम जनता के लिए नई सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । एलडीए ने आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्राधिकरण के सभी विशेष कार्याधिकारी गोमती नगर स्थित कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर बैठेंगे, जिससे आमजन को अफसरों से संपर्क करने में आसानी होगी और उन्हें भवन के अलग-अलग तलों पर भटकना नहीं पड़ेगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को कार्यालय का निरीक्षण करते हुए यह व्यवस्था जल्द लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विशेष रूप से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के हित में लिया गया है, जो अब सीधे ग्राउंड फ्लोर पर संबंधित अधिकारियों से मिल सकेंगे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अभी तक अधिकारी प्राधिकरण की नई और पुरानी इमारतों के विभिन्न मंजिलों पर बैठते थे, जिससे आम नागरिकों को असुविधा होती थी। अब उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी विशेष कार्याधिकारियों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर अलग कार्यालय कक्ष तैयार किए जाएंगे। वहीं सचिव, अपर सचिव और संयुक्त सचिव पहले की तरह प्रथम तल पर बैठेंगे और मुख्य अभियंता व वित्त नियंत्रक की व्यवस्था पूर्ववत द्वितीय तल पर बनी रहेगी। इसके अलावा लेखा कार्यालय को भी और अधिक सुव्यवस्थित किया जाएगा और महत्वपूर्ण फाइलों के सुरक्षित संरक्षण हेतु एक आधुनिक रिकॉर्ड रूम भी बनाया जाएगा।

### सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे' में हुआ त्वरित निस्तारण

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को प्राधिकरण में 'सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे' का आयोजन भी किया गया। इस दौरान सभी अनुभागों के अधिकारी और कर्मचारी पारिजात सभागार में संबंधित फाइलों के साथ उपस्थित रहे। कार्यवाही के अंतर्गत कुल 38 फाइलों का मौके पर निस्तारण किया गया, जिनमें 14 फाइलें रजिस्ट्री से संबंधित, 7 फ्री-होल्ड के प्रकरण से संबंधित और 11 नामांतरण से जुड़े मामले, 6 अभियंत्रण अनुभाग की पत्रावलियां शामिल हैं। उपाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य जनता के कार्यों को तेज गति से निस्तारित करना है और यह सिलसिला आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

# क्षेत्रीय विधायक ने बसहरा वन ब्लाक में डी एफ ओ के साथ लगाए कई प्रजाति के पौध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। कोरांव रेंज के अंतर्गत बसहरा वन ब्लॉक में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजमणि कोल, माननीय विधायक कोरांव, अरविंद कुमार यादव प्रभागीय वनाधिकारी प्रयागराज, ग्राम प्रधान बसहरा, संतरा देवी, संजय सिंह पटेल, पारस नाथ प्रजापति क्षेत्रीय वनाधिकारी कोरांव प्रमोद कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान , सागौन, शीशम, कंजी, आम, आंवला कठसागौन आदि प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण किया गया। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और वनस्पति वृद्धि के उद्देश्य से किया गयावन महोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में हरियाली बढ़ती है और पर्यावरण संतुलन में सुधार होता है।आने वाले समय में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने की योजना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण में शामिल किया जा सके और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# नैनी थाना क्षेत्र में अपराध बेकाबू, आंकड़ों में गड़बड़ी और पुलिस वसूली में रहती है लिप्त ,दलालों का बोलबाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र में अपराधों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस का पूरा फोकस अपराध नियंत्रण के बजाय वसूली में लगा हुआ है। क्षेत्र में अपराध बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन पुलिस के आंकड़ों और ऑनलाइन रिकॉर्ड में गंभीर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे पूरे सिस्टम पर सवाल उठने लगे हैं। नैनी थाना क्षेत्र और जेल रोड चौकी इलाके में दलाल सुबह से देर रात तक सक्रिय रहते है ।

### मुकदमों के आंकड़ों में बड़ा खेल, दो क्राइम नंबर गायब

सूत्रों के अनुसार, अप्रैल 2025 से 5 जुलाई 2025 तक नैनी थाने में लगभग 140 से अधिक मुकदमे पंजीकृत हुए हैं, लेकिन इनमें से कई मुकदमों का ऑनलाइन रिकॉर्ड या तो अधूरा है या जानबूझकर अपलोड नहीं किया गया है।सबसे गंभीर मामला क्राइम नंबर 289/25 के बाद सीधे क्राइम नंबर 292/25 दर्ज करने का है। इसमें क्राइम नंबर 290 और 291 गायब कर दिए गए हैं, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### जून और जुलाई में भी आंकड़ों में भारी विसंगति

जून माह में क्राइम नंबर 258 से 304 तक मुकदमे दर्ज हुए हैं, लेकिन ऑनलाइन रिकॉर्ड में सिर्फ 28 मुकदमे ही दिखाए जा रहे हैं। जुलाई में भी अब तक केवल दो मुकदमे ऑनलाइन अपडेट हुए हैं, जबकि क्षेत्र में अपराध की घटनाएं लगातार हो रही हैं।मई माह में क्राइम नंबर 205 से 257 तक कुल 52 मुकदमे दर्ज हुए थे, लेकिन कई मुकदमों की स्थिति अस्पष्ट है। अप्रैल में 44 मुकदमे दर्ज किए गए, जिनमें भी कुछ मुकदमे रिकॉर्ड से गायब बताए जा रहे हैं।लंबित विवेचनाएं, वसूली में व्यस्त पुलिसक्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि नैनी पुलिस विवेचनाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। बड़ी संख्या में मुकदमों की विवेचनाएं महीनों से लंबित हैं, जिससे पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना और चौकियों पर वसूली का नेटवर्क ज्यादा मजबूत हो गया है, जबकि अपराध नियंत्रण पूरी तरह से उपेक्षित है।जेल रोड चौकी की स्थिति और भी खराब बताई जा रही है, जहां सुबह से लेकर देर रात तक दलालों का खुला जमावड़ा रहता है। आरोप है कि कई मामलों में कार्रवाई और निर्णय दलालों के इशारे पर ही हो रहे हैं।

### इंस्पेक्टर सवालों से बचते नजर आए

जब इस पूरे मामले में नैनी इंस्पेक्टर बृजेश कुमार गौतम से सीधा सवाल किया गया तो उन्होंने अपराध के आंकड़ों, मुकदमों की गड़बड़ी और लंबित विवेचनाओं पर बात करने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने खुद को व्यस्त बताते हुए संवाददाता का फोन बीच में ही काट दिया।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रयागराज के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि नैनी थाना और जेल रोड चौकी की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन रिकॉर्ड में हेराफ़ेरी, लंबित विवेचनाओं और वसूली जैसे गंभीर आरोपों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## मोहर्रम जुलूस में करंट हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट

लखनऊ। शहर में मोहर्रम के जुलूस के दौरान करंट लगने की घटना ने नगर प्रशासन को सकते में डाल दिया है। शुक्रवार की रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब जुलूस के दौरान एक स्ट्रीट लाइट पोल में करंट उतर आया और दो लोग उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे के बाद सुरक्षा व्यवस्था और विभागीय समन्वय को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार नगर निगम के मुख्य अभियंता ने पहले ही लखनऊ विकास प्राधिकरण को एक पत्र जारी कर आगाह किया था कि छोटे इमामबाड़े से घंटाघर मार्ग तक एलडीए द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइटें काफी समय से खराब पड़ी हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की, जो अब हादसे की एक बड़ी वजह बनकर सामने आई है। घटना के तुरंत बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (एडीएम) ने आपात बैठक बुलाई, जिसमें नगर निगम, एलडीए, बिजली विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो और प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करे। प्रशासन की सख्ती के बावजूद लोगों में यह सवाल बना हुआ है।

# शिक्षा के क्षेत्र में इंडिया जीनियस अवॉर्ड का अमूल्य योगदान : डॉ राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । इंडिया जीनियस अवॉर्ड के सफल आयोजन पर संस्था द्वारा डॉ राजेश्वर सिंह जी का सम्मान प्रयास सोसाइटी के अमित श्रीवास्तव द्वारा किया। डॉ राजेश्वर सिंह जी ने कहा शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है। शिक्षा ही संसार में हमें श्रेष्ठ बनाती है सिर्फ किताबी ज्ञान ही शिक्षा नहीं होता। अपितु हमारा मानसिक विकास भी सफलता के लिए आवश्यक है। सिर्फ कल्पना करने से हमें सफलता नहीं मिल सकती उन सफलताओं को पूरा करने के लिए हमें कड़े परिश्रम की आवश्यकता है। शिक्षा से ही आन बान शान होती है। प्रयास स्टूडेंट्स वेलफ़ेयर सोसाइटी ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रदेश के 75 शहरों में 1700 से अधिक स्कूलों के 2.7 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग



किया जिससे व्यापक स्तर पर छात्रों को अपनी प्रतिभा के आंकलन का अवसर प्राप्त हुआ। आयोजन में 1 लैपटॉप, 10 टेबलेट, 100 स्मार्टवॉच सहित 800 बच्चों को सम्मानित किया गया था।

# मोहनलालगंज तहसील दिवस में भड़का प्रधान संघ

## एडीएम के कथित अभद्र व्यवहार पर जमकर हंगामा, धरने पर बैठे प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज । लखनऊ, मोहनलालगंज तहसील समाधान दिवस के दौरान उस समय हंगामा मच गया जब प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह द्वारा उठाई गई समस्याओं को एडीएम वित्त एवं राजस्व द्वारा नजरअंदाज करते हुए कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायतों से जुड़ी शिक्षा और विकास कार्यों की समस्याओं को लेकर जब प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने मंच पर अपनी बात रखनी चाही, तो



एडीएम ने कहा आप कौन होते हैं इस समस्या को लेकर आने वाले? चलो, निकलो यहां से !इस टिप्पणी से आक्रोशित प्रधान संघ के पदाधिकारी भड़क गए और मौके पर ही मौजूद अधिकारियों से तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते तहसील समाधान दिवस का सभागार नारेबाजी से गूंज उठा।प्रधान संघ के पदाधिकारी धरने पर बैठ गए और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह हंगामा घंटों चलता रहा और पूरे तहसील समाधान दिवस की प्रक्रिया बाधित हो गई।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसीपी रजनीश वर्मा और उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला मौके पर पहुंचे और प्रधानों को शांत कराने का प्रयास किया। दोनों अधिकारियों ने प्रधानों से बातचीत कर मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन प्रधान संघ अपनी मांगों और एडीएम की टिप्पणी को लेकर अडिग रहा।काफी देर तक चली वार्ता के बाद प्रधान संघ ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया, लेकिन यह चेतावनी दी कि यदि आगे भी जनप्रतिनिधियों के साथ इसी प्रकार का व्यवहार हुआ तो वे जिले भर में आंदोलन छेड़ देंगे।

# विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई को, युवा शक्ति को मिलेगा नया मंच

## जनपद स्तरीय कार्यक्रम में दिखेगी उत्तर प्रदेश के युवा प्रतिभाओं की चमक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में 15 जुलाई को पूरे प्रदेश में विश्व युवा कौशल दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इस कार्यक्रम की श्रृंखला में 12, 13 या 14 जुलाई को (जनपद की सुविधानुसार) रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय उद्योगों और कम्पनियों को आमंत्रित कर युवाओं को सीधी नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा। रोजगार मेले की तैयारी के लिए जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं।

युवाओं में कौशल विकास के प्रति आएगी जागरूकता




व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि 15 जुलाई को आयोजित विश्व युवा कौशल दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कौशल विकास की सफल कहानियां, प्रशिक्षण केंद्रों की प्रदर्शनी, प्रेरक संवाद सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। जिले के सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें मंच पर अपनी कहानी साझा करने का अवसर मिलेगा। जनपद में स्थापित महत्वपूर्ण उद्योगों के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही, कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें समस्त प्रशिक्षण प्रदाता हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में वो उत्पाद रखे जाएंगे जो इन संस्थानों के छात्र या छात्राओं द्वारा निर्मित किए गए हों। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। इससे पूर्व जनपदों की सुविधा के अनुसार 12 से 14 जुलाई के मध्य किसी एक दिन रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा। रोजगार मेले में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई), राज्य की अन्य कौशल विकास योजनाओं और आईटीआई से प्रशिक्षित युवाओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। चयनित युवाओं की नियुक्ति का विवरण मिशन मुख्यालय को प्रेषित किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों द्वारा मेले का शुभारम्भ कराया जाएगा और नियुक्ति प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कराया जाएगा। चुनिंदा (न्यूनतम 11) रोजगार पाने वालों को 15 जून को होने वाले कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। रोजगार मेले की तिथियों का सभी माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका हिस्सा बनकर लाभ ले सकें। इन दोनों कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी जनपदों को व्यय के लिए 50 हजार रुपये आवंटित किए गए हैं।

# धान की रोपाई करते समय महिला को सांप नें डसा,इलाज के दौरान मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रहीमाबाद/लखनऊ। खेत में धान की रोपाई करते समय एक महिला को सर्प ने डस लिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रहीमाबाद क्षेत्र के ग्राम भदौरिया खेड़ा मजरा ससपन निवासी रामदेवी 40 वर्ष पत्नी स्व. चंद्रपाल शुक्रवार शाम करीब 6 बजे खेत में धान की रोपाई के दौरान बेड़ की मुट्ठी डाल रही थीं। इस दौरान वह खेत की मेड़ पर पहुंचीं और वहां पड़ी घास हटाने लगीं। तभी घास में छिपे एक विषैले सांप ने उनके हाथ में डंस लिया। सर्पदंश के बाद रामदेवी किसी तरह घर पहुंचीं और परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक



उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात रामदेवी की मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत्तिका अपने पीछे दो बेटे मुकेश और लवकुश को छोड़ गई हैं दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मानसिक रूप से परेशान रतिराम ने खुद को लगाई आग, इलाज के दौरान मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पत्नी के अवैध संबंधों से तंग आकर रतिराम ने की आत्महत्या-ग्रामीण**

रहीमाबाद/लखनऊ। पत्नी के अवैध संबंधों के चलते मानसिक रूप से परेशान एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद के ग्राम रामनगर मजरा जिन्दौर निवासी रतिराम 45 वर्ष पुत्र स्व. मदारी ने शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर के बाहर खुद पर तारपीन का तेल छिड़ककर आग लगा ली। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने तुरंत कंबल डालकर किसी तरह आग बुझाई और उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले जाया गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने रतिराम को सिविल अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक रतिराम पिछले काफी समय से मानसिक तनाव में था। जिसका कारण उसकी पत्नी बताई जा रही है। मृत्तक की पत्नी के घर के पास के एक युवक से अवैध संबंध थे जिसके चलते पति पत्नी में आयेदिन लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। पुलिस के अनुसार, रतिराम ने मानसिक परेशानी और नशे की लत के चलते खुद को आग लगाई हैं जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। रहीमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लखनऊ में 13 जुलाई को होगी नर्सिंग की नेशनल कॉन्फ्रेंस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में 13 जुलाई को 'नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन नर्सिंग लीडरशिप एंड एक्सिलेंस 2025' का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न राज्यों के 01 हजार से अधिक नर्सिंग छात्र हिस्सा लेंगे। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। यह जानकारी शनिवार को गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान टिशा केयर्स के निदेशक मनीष वैष्णव ने दी। मनीष वैष्णव ने बताया कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी नर्सों पर होती है, वे न केवल डॉक्टर के निर्देश का पालन करती हैं, बल्कि मरीजों की शारीरिक और भावनात्मक जरूरतों को भी समझती हैं। नर्सों की वजह से ही मरीजों को तत्काल और बेहतर उपचार मिलता है, जिससे वह जल्दी ठीक होते हैं और अस्पतालों पर विश्वास बढ़ता है। उन्होंने बताया कि यही वजह है कि नर्सिंग के क्षेत्र में कॉरियर बनाने वालों के लिए इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# जेपीएनआईसी सपा की नहीं जनता की संपत्ति : आलोक अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गये वक्तव्य पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने प्रतिक्रिया दी है। आलोक अवस्थी ने कहा कि जेपीएनआईसी सपा का निजी स्मारक नहीं, जनता की संपत्ति है। नई पीढ़ी को जेपी आंदोलन के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। जेपी आंदोलन जनता की क्रांति थी, किसी परिवार की जागीर नहीं। अगर जेपी के विचारों से सच्चा जुड़ाव होता, तो समाजवाद की आड़ में परिवारवाद और अवसरवाद की खेती नहीं होती और फाइव स्टार कल्चर नहीं होता।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जेपीएनआईसी (जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर) एक सफ़ेद हाथी बन



गया था। जनता का पैसा बर्बाद किया गया और उपयोग शून्य था। जब तक अखिलेश के पास कुर्सी थी, तब तक याद नहीं आई, अब सत्ता छिनने के बाद भावनात्मक लगाव जाग गया? जनता जानती है कि ये आपका भावनात्मक नहीं, राजनीतिक निवेश था।

संस्थान पर राजनीतिक कब्जा नहीं जमाया जा सकता। जेपीएनआईसी कोई निजी महल नहीं है कि जब मन करे छत पर चढ़ जाएं। राजनीति में जब तर्क खत्म हो जाते हैं तब कुतर्क का सहारा लिया जाता है । आलोक अवस्थी ने कहा कि सरकार का जेपीएनआईसी को एलडीए को सौंपना एक प्रशासनिक निर्णय और स्वागत योग्य कदम है, ताकि भवन का उपयोग हो, न की दुरुपयोग हो। यह किसी के परिवार की मिल्कियत नहीं है। एलडीए की आलोचना करने वाले भूल गए कि उसी गोमतीनगर की जमीन पर आपने रिश्तेदारों के नाम प्लॉट दिलवाए थे। आपको बाज़ार की बदबू आती है, जनता को तो घोटालों की सड़ांध आई थी, जो अब हटाई जा रही है। जो नेता जेपीएनआईसी को हेलीपैड वाला हॉल समझते हैं, उन्हें प्रशासनिक कामकाज की एबीसीडी सीखनी चाहिए। जेपी आंदोलन की विरासत का मतलब ये नहीं कि कोई परिवार उस पर ठप्पा लगाए। जनता की संपत्ति पर भावनात्मक ड्रामा नहीं चलेगा।

## लखनऊ के मुन्नू खेड़ा में नमकीन गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान स्वाहा

लखनऊ। लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र में मुन्नू खेड़ा सदरौना स्थित सुशील कुमार के नमकीन के गोदाम में शनिवार की सुबह लगी आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। इस आग में लाखों रूपये का माल जलकर स्वाहा हो गए। फायर स्टेशन आलमबाग के प्रभारी अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि एक नमकीन गोदाम में आग की सूचना मिलते ही दो फायर टैंकर को घटनास्थल भेजा गया। भयंकर आग को हौज पाइप लगाकर बुझाना शुरू किया गया। इस बीच एक और टैंकर आग की विकरालता को देखते हुए और बुलाया गया। काफी प्रयास से सभी यूनिटों ने आग को पूरी तरह से बुझाया। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन कार्य के बाद जानकारी की गई तो पता चला है कि नमकीन गोदाम सुशील कुमार का है। गोदाम को शौक्कित गुप्ता से किराये पर लिया गया है। नमकीन गोदाम के मालिक के अनुसार उनका लाखों का नुकसान हुआ है। शेष कार्यवाही पारा थाना की पुलिस कर रही है।

## सपा सांसद सुमन ने अलीगढ़ में पीड़ित व्यापारियों से मिलकर दी सहायता राशि

लखनऊ ।अलीगढ़ में बीते दिन अतरौली में वैध पर्ची के आधार पर मीट ले जा रहे चार व्यापारियों अक़ील, अरबाज़, क़दीम और मो. अकील पर हरदुआगंज थाना क्षेत्र के पनैठी गांव के पास असामाजिक तत्वों की पिटाई मामले में शनिवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के नेतृत्व में मिला। इस दौरान पार्टी सांसद सुमन ने घटना को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि सरकार को मारपीट करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से पीड़ितों की आर्थिक मदद करने की भी मांग की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को 1-1 लाख रुपये का चेक देकर मदद की और घायल चेयरमैन आरिफ खान और अन्य लोगों का अलीगढ़ के जे.एन. मेडिकल कॉलेज पहुंच कर हालचाल लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक वीरेश यादव, ज़िलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर, ज़िला उपाध्यक्ष शान मियां, पूर्व कोल प्रत्याशी अज्जू इश्हाक, महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोषी, जिला उपाध्यक्ष एवं डॉक्टर बादशाह खान, जिला कोषाध्यक्ष राजेश यादव, जिला महासचिव मनोज यादव, कार्तिक चौधरी, मुकेश महेश्वरी, सरदार करतार सिंह आदि मौजूद रहे।

## नवविवाहित युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



सरोजनी नगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके में एक नवविवाहित युवक ने शनिवार को फांसी लगाकर जान दे दी। बताते हैं कि युवक की शादी 6 माह पहले ही हुई थी। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है अनुमान है कि किसी घरेलू कलह के चलते युवक ने ऐसा कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार इलाके के परवर पश्चिम गांव निवासी अंशुमान द्विवेदी पुत्र स्वर्गीय राकेश द्विवेदी (22) ने शनिवार सुबह घर में साड़ी के सहारे छल्ले से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिवार में मां, पत्नी रिया द्विवेदी, एक अविवाहित छोटा भाई व तीन बहने हैं, जिनकी शादी हो चुकी है सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## महिलाओं ने गाली गलौज के साथ की मारपीट

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के ऐन गांव निवासी प्रेमचंद पुत्र झगडू ने थाने में एक लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती 1मई को सुबह करीब 8:30 बजे मुहल्ले की ही रहने वाली हिमांशी पुत्री संजय गौतम, उषा पत्नी संजय व हिमांशी की चाची ने अनायास ही मेरी पत्नी विजय कुमारी को गंदी-गंदी गालियां देकर लात घूंसों से खूब मारा पीटा जिससे वह अत्यंत चोटिल हो गई है और उसे खूब अंदरूनी चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सफाई कर्मचारियों की गांव में उपस्थिति अनिवार्य करने की तैयारी : ओमप्रकाश

लखनऊ । उप्र के पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों की गांव में उपस्थिति अनिवार्य करने की तैयारी हो रही है। जो सफाई कर्मचारी गांव तक नहीं जा रहे हैं, उन्हें गांव तक लेकर जाएगें। बहुत सारे अधिकारी भी गांव में ड्यूटी करने नहीं जा रहे है। जो कर्मचारी अधिकारी गांव तक नहीं जाएगें, उनके विरूद्ध कार्यवाही करेगें। ओमप्रकाश राजभर ने पंचायत चुनाव और आरक्षण पर कहा कि नयी पंचायतों के गठन में कुछ गांवों में दिक्कत आ रही है। कुछ गांव नगर क्षेत्र में चले गये हैं। उन्हें ठीक किया जा रहा है। पंचायत चुनाव वर्ष 2026 में हो रहा है। उसके बाद जातीय जनगणना का विषय 2027 का है। पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराया जाएगा। इसके पहले मुख्यमंत्री से मिलकर आरक्षण के विषय को उठाया गया है। पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से पंचायती राज विभाग में जो योजनाएं संचालित हैं, उन्हें जमीन तक उतारने के लिए समीक्षा की गयी है। प्रमुख सचिव एवं निदेशक के माध्यम से तमाम बिन्दुओं पर वार्ता हुई है। योजनाओं से जुड़े 70 प्रतिशत कार्यो को नीचले स्तर पर डीपीआरओ और अन्य अधिकारी के प्रयास से कराया गया है। इधर बीच सत्र में योजनाओं से जुड़े कार्यो में प्रगति ज्यादा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायती राज विभाग की ओर से गांव में चौपाल लगाकर महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को जमीन तक उतारने के लिए हम लोग क?टीबद्ध है। गांव गांव तक हर एक काम को पूरा करायेगें।

## मृतक युवती के शोकाकुल परिजनों से मिलेगा सपा का प्रतिनिधि मंडल

लखनऊ । वाराणसी में विधानसभा क्षेत्र सेवापुरी थाना मिर्ज़ामुराद के ग्राम मेंहदीगंज निवासी चन्द्रशेखर बिन्द की पुत्री की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पीड़ित परिवार से मिलने समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधि मंडल छह जुलाई रविवार को मिलने जाएगा। यह जानकारी शनिवार को मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल में शामिल पदाधिकारी व नेतागण मृतक युवती के पिता चन्द्रशेखर बिन्द से मिलेंगे और घटना की जानकारी लेंगे। इस दौरान शोकाकुल परिवार से मिलकर घटना के संबंध में पुलिस कार्रवाई के बारे में जानकारी के बारे में जानेंगे। मुख्य प्रवक्ता ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, पूर्व सांसद रमेश बिन्द, पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल,जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, पूर्व विधायक पूनम सोनकर, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप, समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मुरारी कश्यप, वरिष्ठ नेता डॉ0 वीरेन्द्र बिंद एवं सेवापुरी विधान सभा अध्यक्ष पखण्डी बिंद शामिल हैं।

# शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत श्रावस्ती के निजी स्कूलों में 460 बच्चों का हुआ दाखिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के भविष्य यानी बच्चों को समान शिक्षा का अधिकार देने एवं तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। पिछली सरकारों में बदहाली का शिकार रहे सरकारी स्कूल आज प्राइवेट स्कूलों को भी फ़ेल कर रहे हैं। इसके साथ ही योगी सरकार ने गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही जनता दर्शन में मुरादाबाद की एक बच्ची का निजी स्कूल में निशुल्क दाखिला कराया और पढ़ाई का खर्च भी उठाया, जो उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। इतना ही नहीं प्रदेश में प्राथमिकता के आधार पर गरीब बच्चों का आरटीई के




तहत निजी स्कूलों में दाखिला कराया जा रहा है। इस कड़ी में पूरे प्रदेश में श्रावस्ती ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों का दाखिला कराने में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि गोंडा दूसरे और बस्ती तीसरे स्थान पर है। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में श्रावस्ती जनपद में 460 बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला कराया गया है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आरटीई के तहत लक्ष्य के सापेक्ष सबसे अधिक निजी स्कूलों में दाखिला कराने में श्रावस्ती ने बाजी मारते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। गोंडा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में गोंडा को 2079 बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में कराने का लक्ष्य दिया गया था। इसके सापेक्ष 1975 बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला कराया गया है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आरटीई के तहत लक्ष्य के सापेक्ष निजी स्कूलों में दाखिला कराने में गोंडा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह बस्ती ने 591 लक्ष्य के सापेक्ष 553 बच्चों का दाखिला कराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जिसका रेश्यो 93.57 प्रतिशत है। वहीं फिरोजाबाद ने 4,358 लक्ष्य के सापेक्ष 4,060 बच्चों का दाखिला कराकर चौथा स्थान प्राप्त किया है, जिसका रेश्यो 93.16 प्रतिशत है। वहीं बलरामपुर पांचवें स्थान पर है, जहां 771 लक्ष्य के सापेक्ष 712 बच्चों का दाखिला कराया गया। इसका रेश्यो 92.35 प्रतिशत है। आरटीई के तहत पात्रता श्रेणी में आने वाले अभिभावकों से उनके बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन मांगे जाते हैं। फिर आवेदन पत्रों की जांच के बाद लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाता है। यह प्रक्रिया चार चरणों में होती है। इसके बाद चयनित बच्चे का दाखिला कराया जाता है।

# सीएसजेएमयू में 'यति जर्नल' का विमोचन रिसर्च को मिलेगा नया आयाम : कुलपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर। वीएसएसडी कॉलेज ने अपनी 100 वर्ष की समृद्ध विरासत को कायम रखते हुए शोध के क्षेत्र में यति जर्नल के जरिये एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस जर्नल की शुरुआत रिसर्च एवं शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि का संकेत है। यह बातें छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के एकेडमिक काउंसिल कक्ष में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने वीएसएसडी कॉलेज की शोध एवं नवाचार परंपरा को बढ़ावा देने वाली अंतरानुशासनिक शोध पत्रिका 'यतिः द जर्नल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी थॉट एंड इनीशिटिव ' के कवर पेज का विमोचन के दौरान कही।कुलपति प्रो. विनय पाठक ने कहा कि यति जर्नल विश्वविद्यालय के शोध और शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो आने वाले समय में नवाचार, विचारों के समागम और अकादमिक संवाद को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें समय के साथ साथ टेक्नोलॉजी से भी लैस होना होगा। शोध और रिसर्च के लिए एआई में पारंगत होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हर छात्र के आइडिया को प्रोडक्ट में बदलने की जरूरत है।सचिव सीए नीतू सिंह ने कुलपति को उनके कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और विश्वविद्यालय द्वारा एनएएसी में प्राप्त ए++ ग्रेड, डिस्टेंस लर्निंग और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान के लिए उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा, ‟यति जर्नल निश्चित रूप से शोधकर्ताओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा और विचारों के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।‟इस शोध पत्रिका का उद्देश्य मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान एवं तकनीक, विधि, शिक्षा और पर्यावरण अध्ययन जैसे विविध विषयों के बीच संवाद को सशक्त बनाना है। यह प्रयास बहुविषयक अनुसंधान को बढ़ावा देगा।इस प्रेस वार्ता में विश्वविद्यालय के शीर्ष पदाधिकारियों और अनेक शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संयोजन प्रो. नीरू टण्डन (उप प्राचार्या एवं कार्यकारी संपादक, यति जर्नल) द्वारा किया गया, जबकि संचालन डॉ. अंशू सिंह (एसोसिएट डीन, अकेडमिक्स) ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंशू सिंह सेंगर (निदेशक, स्ववित्तपोषित) ने प्रस्तुत किया।प्रेस वार्ता में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी, रजिस्ट्रार राकेश कुमार, प्रो. सुधांशु पाण्ड्या, प्रो. वृष्टि मित्रा , प्रो. बिपिन चन्द्र कौशिक (प्राचार्य), प्रो. आनन्द शुक्ल (मुख्य संपादक, यति जर्नल), प्रो. प्रमोद सिंह डोबाल, प्रो. आर.के. पाण्डेय, प्रो. इन्द्र मणि और प्रो. मंजरी श्रीवास्तव सहित कई विशिष्टजन शामिल रहे।

## एडीएम (प्रशासन) व एएसपी ने कावड़ यात्रा को लेकर घाटों का किया निरीक्षण

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने सावन मास व कावड़ यात्रा के दृष्टिगत डलमऊ व गोकना घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पुलिस बल की तैनाती और घाटों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, घाटों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई का विशेष प्रबंध किया जायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान, उपजिलाधिकारी ऊंचाहार राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरूण कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## डीएम-एसपी ने तहसील दिवस में सुनी लोगों की शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश



**रायबरेली ।** डीएम एवं पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने तहसील लालगंज में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी के सामने बिजली,पानी, सड़क, सुरक्षा, पेंशन, स्वास्थ्य, राजस्व, राशन व सिंचाई आदि से संबंधित शिकायत आईं। जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। भूमि विवाद और राजस्व से संबंधित मामलों में संयुक्त टीम बनाकर मामले की जांच की जाए। निर्णय लेने से पहले दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। कार्यवाही नियमानुसार ही सुनिश्चित कराई जाए। वही दूसरी ओर लालगंज समाधान दिवस में जिलाधिकारी के सामने कुल 85 शिकायते आयीं जिनमें से नौ का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिनमें राजस्व 36,पुलिस 23, विकास 09,समाज कल्याण 01 सहित अन्य 16 मामलें आयें। सदर तहसील में कुल 90 मामले आए जिनमें से 11 का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। महाराजगंज तहसील में 36 मामले आए छः का मौके पर ही निस्तारण हुआ। ऊंचाहार तहसील में 36 मामलें आयें तीन का तत्काल निस्तारण किया गया। तहसील डलमऊ में 41 मामले आए जिनमें से सात का निस्तारण हुआ। सलोन तहसील में 89 शिकायतें आयीं जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण हुआ।

## सावन मास व कावड़ यात्रा के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने घाटों का किया निरीक्षण



**रायबरेली ।** तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने आगामी सावन मास और कावड़ यात्रा के दृष्टिगत गंगा घाट गेगासो व बालेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने घाट का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, शौचालय,और पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए स्थापित कंट्रोल रूम में कर्मचारी समय से उपस्थित रहे। बढ़ते जल स्तर की लगातार निगरानी भी की जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने निर्देश दिया कि बैरिकेटिंग की व्यवस्था पहले से ही करा ली जाए और गोताखोरों की तैनाती कर ली जाए। सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करा ली जाए। पार्किंग स्थान पर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से रोकने की व्यवस्था की जाए। बालेश्वर मंदिर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए साफ सफाई, बिजली, पेयजल आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाए।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 40 में मात्र दो का निस्तारण

**गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस पर आये फरियादियों की समस्यायों को सुना गया और निस्तारण के निर्देशित किया। समाधान दिवस पर कुल 40 मामले आए जिसमें से दो मामलो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।। शेष मामलों को संबंधित विभाग को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। समाधान दिवस पर सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग से संबंधित आये थे। इस अवसर पर तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार संजय सिंह, बीडीओ ब्रह्मपुर गरिमा सिंह, बीडीओ सरदारनगर श्याम लाल, प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा , राजस्व निरीक्षक रामानंद यादव, अम्बरीष त्रिपाठी अन्य विभागों से आये कर्मचारी अधिकारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# हाईवे पर ट्रक ने पिकअप और बाइक को मारी टक्कर

**3 लोगों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल, ट्रक चालक फरार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर शाम एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। शेखपुर नरी कट के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने सामने चल रही पिकअप और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक सवार दूर जा गिरा। घटना में कुल छह लोग घायल हुए। राहगीरों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। चार अन्य लोगों की स्थिति अभी भी गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, ट्रक का अगला हिस्सा अचानक असंतुलित हो गया। वह सड़क पर दूसरी दिशा में मुड़ गया। इससे उसकी चेचिस ने आगे जा रहे वाहनों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। चालक नियंत्रण खो बैठा और हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। कोतवाली सदर प्रभारी अवनीश सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने हाइड्रा मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। हाईवे पर बनी जाम की स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। फरार चालक की तलाश जारी है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों में रंजीत कुमार निवासी सिंगरोसी, रमेश निवासी होशियार नगर और मो. असगर निवासी कासिम नगर शामिल हैं। जबकि मोहिनी और बाबूराम गंभीर रूप से घायल हैं। जिला अस्पताल में इलाज जारी है। ट्रक की चपेट में आए वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चश्मदीदों के अनुसार ट्रक की रफ्तार बेहद तेज थी और अचानक नियंत्रण खोने से यह भयावह हादसा हुआ। सड़क दुघर्टना में मृतकों के परिजनों से मिलने पोस्टमॉर्टम पहुंचें भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, भाजपा नेता विमल द्विवेदी, प्रदीप सिंह , पवन सिंह सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू , मनीष जयसवाल, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।हर सम्भव मदद करने की बात भी कही गई।

# जिला कृषि अधिकारी की उर्वरक कालाबाजारी को लेकर लगातार कार्यवाही जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी शाशक उन्नाव द्वारा जनपद उन्नाव में उर्वरकों का सुचारू रूप से उपलब्धता कराने वितरण कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी ओवर रेटिंग टैगिंग को रोके जाने हेतु लगातार उर्वरकों की दुकान पर छापेमारी की जा रही है, जिसमें अभी तक जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद के अबतक कुल 27 दुकानदारों को कारण बताओं नोटिस, 08 दुकानों को लाइसेंस निलंबित, व 03 लाइसेंस निरस्त किये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त दुकानदारों को निर्देशित किया गया है की उर्वरको की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग व टैकिंग किसी भी दशा में ना की जाए तथा अपनी दुकान पर स्टॉक रजिस्टर वितरण रजिस्टर कैश मेमो आदि रखें और संस्तुत मात्रा के हिसाब से ही उर्वरकों का वितरण पी0ओ0एस0 के माध्यम से कृषकों में करें। यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल से अधिक मूल्य पर बिक्री, कालाबाजारी या ओवर रेटिंग की जाती है तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत विधि कार्रवाई की जाएगी।साथ ही अवगत कराया गया कि जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जनपद में किसी प्रकार की कोई कमी नही है। आगे मॉग के अनुसार उपलब्धता कराई जायेगी। साथ ही उर्वरक सम्बन्धी किसी प्रकार के शिकायत हेतु कन्ट्रोल रूम नम्बर 7839882173 पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से सायः 5 बजे तक कर दर्ज करा सकतें है।

# समाजवादी पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकारिणी बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में आज समाजवादी पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकारिणी बैठक बीघापुर में संपन्न हुई। बैठक का संयोजन करते हुए युवा सपा नेता अंकित सिंह परिहार ने कहा की संगठन की मजबूती और सक्रियता से ही समाज में समाजवादी विचारधारा को मजबूती मिलेगी और हमारा लक्ष्य है की विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर में एक एक मतदाता तक हमारे संगठन की पहुंच हो और हम अपने संगठन का विस्तार कर के इसे जमीनी स्तर पर बूथ तक मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। श्री परिहार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है की हम सभी मिलकर श्री अखिलेश यादव जी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बना कर प्रदेश में समाजवादी सरकार के माध्यम से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को लाभ पहुंचा सकें।इसके लिए हम सभी अपना योगदान देते हुए संगठन को मजबूती देने का कार्य करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष एवं विधान सभा भगवंतनगर के संगठन के प्रभारी राजेश कुमार साधु यादव ने नेतृत्व के देश निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत करने के संबंध में अपने दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जिस सक्रियता से विधान सभा क्षेत्र भगवंतनगर में संगठन को मजबूत बनाये जाने का कार्य चल रहा है उसे देखते हुए पूरा विश्वास है कि आगामी समय में यह क्षेत्र श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए विधायक बना कर अपना बड़ा योगदान देगा। बैठक का संचालन विधान सभा अध्यक्ष ओम प्रकाश पासवान ने किया प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष रूप नारायण पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष गण विजय यादव, शिव नारायण गौड़, बिंदा प्रसाद लोधी, श्री कृष्ण गौतम, ओम प्रकाश यादव, सूरज राजपूत लोधी, निर्मल रावत, मनीष पटेल,चंद्रिका प्रसाद रावत, सत्येन्द्र यादव, धर्मेंद्र पटेल, रोशन लाल यादव, यश करण पटेल, कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह, डा. देवराज, पंकज सोनी, आशीष यादव, संतोष पटेल, विशम्भर यादव, परमेश्वरदीन वर्मा, इंद्रसेन, सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बुन्देलखंड विश्वविद्यालय में अवर अभियंता की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



झांसी । नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में एक आवास में अवर अभियंता (जेई) का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने मौत पर सवाल खड़े करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस पूरे प्रकरण में जांच कर रही है।उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा के छत्ता थाना क्षेत्र निवासी 50 वर्षीय अमरीश गौतम बुंदेलखंड विश्विद्यालय में जेई के पद पर कार्यरत थे। वह विश्वविद्यालय कैंपस में आवास टाइप-2 में रहते थे। उनकी पत्नी पूनम कोटा में अपने बेटे के पास गई थीं। उसे छोड़कर वह वापस झांसी आ गए थे। शनिवार को पत्नी पूनम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अक्सर शाम को उनसे बात हो जाती थी। उसने शुक्रवार को कई बार फोन किया, किंतु अमरीश ने कॉल रिसीव नहीं की। उनके दोनों मोबाइल नंबर बंद आ रहे थे। परेशान होकर पूनम ने गणित की शिक्षिका को आवास पर भेजा। जब वह पहुंची, तब दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में नवाबाद पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस के दरवाजा तोड़ा तो उनका शव बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस के मुताबिक शरीर पर बाहरी चोट के कोई निशान नहीं मिले।पत्नी ने आशंका जाहिर की कि उनके पति ने विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। कई अधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही है। उनके पति को शिकायतें वापस लेने और शांत बैठने की धमकियां दी जा रही थी। यही नहीं तत्कालीन रजिस्ट्रार ने नियम विरुद्ध जाकर उसके पति को बर्खाश्त किया था। जबकि विजिलेंस जांच की जद में आने वाले कई लोग आज भी नौकरी पर हैं। इन तमाम समस्याओं के चलते वह तनाव में रहते थे। अमरीश ने तीन साल से अपील भी डाल रखी थी उस पर भी सुनवाई नहीं हो रही थी। यह भी बताया जा रहा है कि उनकी मृत्यु करीब तीन से चार घंटे पहले हो चुकी थी। घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए गए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा कि उनकी मृत्यु किन कारणों के चलते हुई है। सूत्रों ने बताया कि एक विभागीय जांच के चलते वह अवसाद में रहते थे। चर्चाएं आम हैं कि एक अन्य अभियंता की भी रहस्यमय तरीके से मौत हो गई थी। उसमें भी कोई परिणाम सामने नहीं आया था।

# मोदी और योगी जी के नेतृत्व में किसान उन्नत की ओर हो रहे अग्रसर : सुरेश प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के नेतृत्व में आज देश का किसानों उन्नत की ओर आगे बढ़ रहा है किसानों को सम्मान निधि के साथ उनकी उपज का दुगना दाम देने के साथ सस्ती दर पर लोन और खाद बीज की सुविधा दी जा रही है यह बात आज भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश प्रताप सिंह ने कही उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था जय जवान जय किसान जिस तरीके से देश की रक्षा करने में देश के जवान की भूमिका होती है इस तरह से देश की आर्थिक समृद्धि में किसानों की अहम भूमिका होती है किसान हमारा अन्नदाता होता है किसान दिन रात खेत में मेहनत करके अनाज पैदा करता है तभी देशवासियों का पेट भरता है उन्होंने कहा देश का किसान आर्थिक रूप से मजबूत होगा तो देश उन्नत की और बढ़ेगा उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी लगातार किसानों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य के साथ-साथ ऐसी तकनीकी विधि दे रहे हैं की कम लागत में अधिक पैदावार हो किसान की आय दुगनी हो इसके लिए उन्हें एमआरपी के तहत भुगतान किया जा रहा है उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह पूरे प्रदेश में किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ उनकी हर छोटी-मोटी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर कर रहे हैं आज देश की किसानों का यह मत है कि भाजपा ही किसान की सच्ची हितैषी है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने कहा आज किसान नई तकनीकी को अपनाते हुए गेहूं चावल के साथ साथ-साथ सब्जियां फूल जड़ी बूटी फल मसाला की खेती कर रहे हैं इससे उनकी आय दोगुनी हो रही है यही नहीं खेती-बाड़ी के साथ किसान पशुपालन डेरी पालन मछली पालन मुर्गी पालन का भी कार्य कर रहे हैं इससे उनकी आय दोगुनी हो रही है उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा लगातार किसानों को जागरुक कर रही है इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह ने कहा कि आज तिलहन दलहन और मोटे अनाजों की पैदावार में देश काफी आगे बढ़ रहा है पहले बाजार मक्का तिल की खेती होती थी लेकिन यह खेती धीरे-धीरे विलुप्त हो गई प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी ने इन फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान को जागरूक किया आज 5 साल में मोटे अनाजों की इतनी अधिक पैदावार हो रही है और लोग इसका बहुत अधिक मात्रा में सेवन भी करने लगे हैं इससे उनके स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ रहा है इस अवसर पर युवा नेता सार्थक प्रताप सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नई तकनीकी को अपनाकर खेती की ओर बढ़ रहा है बीटेक एमटेक किए हुए बच्चे खेती को अपना रहे हैं नई तकनीकी को अपनाकर हजारों युवाओं को रोजगार भी दे रहे हैं और पैसा भी कमा रहे हैं इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह सत्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह सार्थक प्रताप सिंह आदित्य प्रताप सिंह पूर्व प्रधान धर्मेंद्र प्रताप सिंह दीपांकर सिंह शुभम निरंजन सिंह मनीष सिंह सतीश सिंह आदि लोक उपस्थित थे।

# सिलाई कला सीख महिलायें बनें आत्म निर्भर : डॉ. दिलीप कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर । क्षेत्र के ग्राम सभा बलुआ स्थित पंचायत भवन पर जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित नमांमि गंगे परियोजना और भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून द्वारा आयोजित 3 महीने के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य डॉ दिलीप कुमार सिंह द्वारा किया गया‍ मुख्य अतिथि डा0 दिलीप कुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर फीता काट कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुये कार्यक्रम में पहुची महिलाओ व लड़कियों को सिलाई प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुये बताया कि आज के परिवेस में जब हम आप दर्जी के पास कपड़ा सिलवाने जाते है तो जितने का कपड़ा नहीं उससे ज्यादा सिलाई लग जाती है इसलिए आप सभी पुरे मनोभाव से सिलाई प्रशिक्षण सीखे जो आपको स्वावलम्बी बनाएगी‍ साथ ही आर्थिक कमी को दूर करेगी उक्तकार्यक्रम जो जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित है इसमें 3 महीने के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जायेगा उक्त अवसर पर भारतीय वन्यजीव संस्थान व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट अभिमन्यु सिंह और जलज परियोजना सहायक दीपक साहनी और फील्ड असिस्टेंट रितेश कुमार के साथ ही सिलाई प्रशिक्षिका स्नेहलता सिंह सहित स्थानीय महिलाएं और लड़कियां उपस्थित रही‍ अभिमन्यू सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि इस सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से जलीय जीवों के प्रति जागरूक और जैवविविधता सरंक्षण के प्रति जागरूक किया जायेगा।

# डीसी मनरेगा मेहरबान,भ्रष्टाचारी प्रधान व एपीओ बने पहलवान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। सूबे क़े मुख्यमंत्री योगी जहाँ एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जीरोटालरेंस की नीति पर काम करने की बात कर रहे है।वही मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने का खेल गोण्डा जिले क़े हलधरमऊ ब्लॉक में थमने का नाम नहीं ले रहा है।वही ब्लॉक हलधरमऊ की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़का लगाने में विख्यात एपीओ और तकनीकी सहायक विख्यात हो चुके हैं।आम चर्चा है कि एपीओ की जिस ब्लॉक में तैनाती होती है,वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किए ही उनकी फोटो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।इससे न सिर्फ भ्रष्टाचार के तले श्रमिकों का हित कुचला जा रहा है,बल्कि बड़े पैमाने पर सरकारी धन की भी बंदरबांट की जा रही है।जिले के विकास खंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत सोनवार,बरवलिया कुर्मी, निदुराधोबहाराय,खानपुर,नगवा कला,वीरपुर, उमरिया मलौना,मैजापुर व नकहा बसंत में ऑनलाइन हाजिरी फर्जी फोटो अपलोड करने का खेल चल रहा है।बानगी के तौर

**मैजापुर,सोनवार,बरवलियाकुर्मी,धोबहाराय रोनवारी,खानपुर,निंदूरा, नगवा कला,वीरपुर, उमरिया,मलौना , मैजापुर व नकहा बसंत में ऑनलाइन हाजिरी में चल रहा फर्जीवाड़ा**

पर ग्राम पंचायत सोनवार में तीस श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन वास्तविकता के धरा तल पर एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है।मौके पर कार्य बंद है, किंतु एक ही कुछ लोगों को खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर का मस्टर रोल अपलोड किया गया है।यह मामला ऑनलाइन पकड़ में आया है।वहीं दूसरी तरफ काम कोई और करे और फोटो किसी




और की अपलोड हो रही है।महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है।यह हाजिरी ऑनलाइन में रोजगार सेवक या मेट करते हैं।गांव के तमाम लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है। एक ही फोटो कई मस्टर रोल में अप लोड किया जा रहा है।इस समय हलधर मऊ ब्लॉक क्षेत्र की सोनवार,बरवलिया कुर्मी, धोबहा राय, खानपुर, निंदूरा,नगवा कला, वीरपुर, उमरिया,मलौना,मैजापुर व नकहा बसंत ग्राम पंचायतों में नाला सफाई, सड़क पर मिट्टी पटाई, तालाब खुदाई व समतलीकरण सहित अन्य काम चल रहा है। इसके साथ ही मनरेगा में फर्जीवाड़ा भी चल रहा है। कहीं पर महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अप लोड की गई,लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है, जो कि बड़े आश्चर्य की बात है। इससे माना जाता है कि अधिकारियों ने निग रानी नहीं की है।

वही एक ग्राम प्रधान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि डीसी मनरेगा के आफिस में वर्षों से तैनात एक बाबू बहुत बड़ा खिलाड़ी है।आरोप है कि वह जांच से संबंधित फाइलों को दबाने,लीपापोती करने और सेटिंग-गेटिंग कराने तक के खेल में मुख्य भूमिका निभाता है।इससे साफ जाहिर होता है कि बीडीओ,एपीओ और तकनीकी सहायक, प्रधान और रोजगार सेवक की मिलीभगत से हलधरमऊ ब्लॉक में बड़े स्तर पर मनरेगा योजना में लूट मची हुई है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं।

# वन महोत्सव वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम हुआ संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । पर्यावरण ,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में व लोक भारती हरियाली एवं प्रकृति परिवार पंथ के सहयोग से वन महोत्सव 2025 एक पेड़ मां के नाम से आज वृक्षारोपण का कार्यक्रम नवोदय विद्यालय के सन्नीकट एक स्थान पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी जिला अध्यक्ष श्री बृजेश पाण्डेय जी व विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की महामंत्री ज्योति सिंह जी, नगर अध्यक्ष अमित मिश्रा जी एवं नवोदय विद्यालय के संगीत अध्यापक श्री अजय शर्मा जी व संस्थान के सभी पदाधिकारियों ने मिल के वृक्षारोपण किया। बीजेपी अध्यक्ष श्री बृजेश जी ने बातचीत में कहा कि पर्यावरण का शुद्ध होना आज की जरूरत ही नहीं बल्कि आने वाले भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है। आज जिस प्रकार से पर्यावरण में प्रदूषण व्यापक रूप लेता जा रहा है उससे तामपान बहुत ही तीव्र गति से बढ़ा रहा है पिछले साल ही लगभग अधिकतम तापमान 52ल पार कर गया था तो इसकी रोकथाम के लिए एक पेड़ ही है जो इस कार्बन डाइऑक्साइड को ले सकता है ताकि वातावरण में बढ़ते तामपान को कम किया जा सके। घरों में दिन प्रति दिन एयर कंडीशनर बढ़ते जा रहे है पेड़ धीरे धीरे कटते जा रहे है ऐसे में पर्यावरण हर तरह से दूषित हो रहा है अतः मेरी सभी से यही अपील है कि ज्यादा से ज्यादा वन महोत्सव के इस अभियान से जुड़े और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। संस्थान के अध्यक्ष जसवीर सिंह ने भी कहा कि वातावरण में दूषित हवा को कम करने के साथ साथ बढ़ते तामपान को रोकने में मात्र ये पेड़ ही जिसके माध्यम से इसको कम किया जा सकता है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज 112 शिकायतें, सात का निस्तारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। संपूर्ण समाधान दिवस में 112 प्रार्थना पत्र पहुंचे।इसमें सात प्रार्थना पत्रों पर समस्या ओं का मौके पर निस्तारण कराया गया।अन्य प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को देकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।पांच जुलाईको सदर तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं।शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।इस दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स



के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश,अवैध कब्जा,चकरोड, नाली,अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।शिकायत कर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी,वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्ता रण करना सुनिश्चित करें।संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील सभागार में ही मोहर्रम को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट,सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी अधिका रियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने ड्यूटी स्थान पर समय से पहुंचकर मोहर्रम पर विशेष ध्यान देते हुए सकुशल संपन्न करायें।बैठक के दौरान उन्होंने सभी अधिका रियों को स्पष्ट निर्देश दिये है कि मोहर्रम के समय जनपद में कहीं किसी प्रकार की कोई समस्या की संभावना होती है तो तुरंत जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सूचना दें ताकि किसी प्रकार की कोई बात होती है तो उसे तत्काल पुरी सक्रियता के साथ निपटाया जा सके।

# नगर पालिका परिषद नहीं,नरक पालिका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। बारिश कभी भी मेहरबान हो सकती है, लेकिन सफाई व्यवस्था को लेकर गोण्डा नगर पालिका प्रशासन बेपरवाह है।नगर की सफाई व्यवस्था तार-तार हो गई है।हर गली-मुहल्ले में बजबजाती नालियां व कूड़ों का अंबार से लोग नगर पालिका को नरक पालिका की संज्ञा देने लगे हैं।गली और चौराहो हाल बुरा है। मार्गों में इस कदर गंदगी है कि लोगों का निकलना दूभर है।सबसे बड़ी समस्या झूले लाल चौराहे की है। यहां के चोक नालों का पानी सड़क की पटरी पर तक भरा हुआ है।इस वर्ष नगर वासियों को बारिश के दिनों में विकराल जलभराव की सम स्या का सामना करना पड़ेगा।विगत वर्षों मुख्य नालों व नालियों की सिल्ट सफाई का काम कुछ तेजी से हुआ था और बरसात भी औसत से कम ही हुई थी,लेकिन इस वर्ष सफाई का काम सिर्फ कागज में शुरू किया गया है नगर के चौराहे मुख्यमार्ग व गलियां गंदगी से पटी पड़ी हैं।अभी तक नगर पालिका



प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।सबसे खराब स्थिति ईदगाह रोड की है।यहां पर हल्की सी ही बर सात में नाले-नालियां चोक होने के कारण इन का गंदा पानी उफनाकर फुटपाथों व मार्गों तक पहुंच रहा है।झूलेलाल चौराहा बड़गांव पुलिस चौकी के पास एक मिठाई की दुकान के करीब दो माह से चौराहे पर बदबू उठ रही है जिससे बजबजाती नालियों की सड़ांध भरी गंदगी से संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं।झूलेलाल चौ राहे से गुजरने वाले यात्रियों ने बताया कि नाली का पानी कई माह से इस मिठाई की दुकान से निकलने वाले कचरा गन्दा पानी फुटपाथ व मा र्ग किनारे तक पहुंच रहा है,कई बार मिडिया खबर प्रकाशित हुई और शिकायत करने के बाद भी लोगो को निदान नहीं मिल रहा है।

# वन महोत्सव- 2025: वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम अंतर्गत हुकुम सिंह इंटर कालेज में हुआ वृक्षारोपण

**वन विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ने किया वृक्षारोपण**

**वन ही जीवन है: संदीप सिंह बिसेन**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कैसरगंज, बहराइच। स्थानीय हुकुम सिंह इंटर कॉलेज कैसरगंज परिसर में वन विभाग कैसरगंज के तत्वाधान में वृक्षारोपण



किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लाक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन ने वन क्षेत्राधिकारी ओंकार नाथ यादव के साथ परिसर में आंवले के पेड़ का वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन ने बोलते हुए कहा कि वन संपदा की सुरक्षा व संरक्षण मानव जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है, जब तक वन है तब तक पृथ्वी पर जीवन है। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी ओंकार नाथ यादव ने कहा कि वन हमें जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं जो मानव जीवन व समस्त जीवों के लिए अति आवश्यक है, इसीलिए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर वन संपदा को बढ़ाना चाहिए। वनों के द्वारा हमें दैनिक जीवन की हर आवश्यक वस्तु की प्राप्त होती है इसलिए जीवन में वन संपदा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कई वृक्षारोपण किए गए। कार्यक्रम में सहायक वन क्षेत्राधिकारी राम विनोद यादव, हुकुम सिंह इंटर कॉलेज प्रबंधक विश्वपाल सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानचंद, वन विभाग कर्मचारी सोनू सिंह, शिक्षक राम शंकर सरोज, अखिलेन्द्र चौधरी, नीलेंद्र विक्रम सिंह, रंजीत वर्मा, लाल बहोरन, देवेंद्र मिश्रा, शिवकुमार, अरविंद चौधरी, अरस्तु कुमार, देवेश सिंह, कमलेश सिंह, संपूर्णानंद गुप्ता, हेमंत कुमार सिंह, नृपेन्द्र प्रताप सिंह, वनकर्मी जय प्रकाश, अरुण यादव, संजय तिवारी, संत राम आदि सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीएम ने की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आईसीडीएस के स्टाल के निरीक्षण के दौरान 05 गर्भवती महिलाओं सुषमा, राजकुमारी, संगीता, ननकना व राजकुमारी की गोदभराई भी किया।

# न्यायालय में मामला लंबित,फिर भी भूमाफिया कब्जा करने की फिराक में,जिम्मेदार मौन

**पीड़ित 22 बार कौड़िया थाने का लगा चुका है चक्कर,फिर भी नहीं सुना थानेदार साहब ने**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जले के थाना कौड़िया क्षेत्र के ग्राम कोटिया मदारा में एक असहाय पीड़ित व्यक्ति की रोड किनारे की बेशकीमती जमीन पर भूमाफियाओं की नजर पड़ गईं है।जिससे दबंग भूमाफिया कानूनगो और कौड़िया पुलिस की मिलीभगत से न्यायालय के आदेश को दर किनार कर विवादित भूमि पर जबरन अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।मामला ग्राम न्यायालय तहसील कर्नलगंज में विचारा धीन है,जहां न्यायालय ने भूमि की यथास्थिति बनाए रखने का स्थगनादेश जारी किया है। इसके बावजूद दबंग भी भूमि की नवैयत बदलने की फिराक में हैं।पीड़ित पिछले आठ महीनों से अपनी जमीन बचाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।हताश होकर पीड़ित ने पूर्व में आत्मदाह की चेतावनी भी दी है।इस मामले ने स्थानीय प्रशासन की कार्य शैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।पीड़ित ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है,ताकि उसकी जमीन को अवैध कब्जे से बचाया जा सके और उसे न्याय मिल सके वही पीड़ित ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस तहसील कर्नलगंज व इसके उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया है कि उनकी पुश्तैनी कृषि भूमि गाटा संख्या 604 पर दबंग भूमाफिया लोग जबरन अवैध कब्जा करने पर आमादा हैं।आरोप है कि कानूनगो व कौड़िया पुलिस की मिलीभगत से विपक्षी दबंगई के बल पर जबरन अवैध कब्जा करने की फिराक में हैं और प्रशासन इस मामले में मौन है।यह भूमि गंगवल-दुबहा बाजार रोड के किनारे स्थित है और राजस्व अभिलेखों में गया प्रसाद के नाम दर्ज है।ग्राम न्यायालय करनैलगंज ने 6 दिसंबर 2024 को उनके पक्ष में अंतरिम निषेधाज्ञा जारी की,जिसमें विपक्षियों निरंजन, मुकेश, राकेश पुत्रगण विजयराज,विजयराज पुत्र सत्यपाल और रेनू पत्नी निरंजन को भूमि पर कब्जा करने से रोका गया है,फिर भी ये लोग लगातार अवैध कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। वही गया प्रसाद का आरोप है कि विपक्षी भूमाफिया हैं और उनकी स्थानीय पुलिस व प्रशासन से मिलीभगत है।पीड़ित का कहना है कि पिछले आठ महीनों से वह थाना कौड़िया के थाने दार से 22 बार गुहार लगा चुके हैं,लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। गया प्रसाद का कहना है कि उनके बच्चे भूखे मरने की कगार पर हैं,क्योंकि दबंग खेत में जुताई-बुआई नहीं करने दे रहे हैं।उन्होंने चेता वनी दी है कि यदि दस जुलाई 2025 की सुबह 11 बजे तक उन्हें न्याय ना मिला तो वह परि वार सहित आत्मदाह करेंगे।उन्होंने कहा कि उनकी मौत की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# शिक्षा हासिल कर आप समाज की दुनिया बदल सकती है:चारु चौधरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । विकास खंड सरदारनगर के ग्राम पंचायत सरैया स्थित पंचायत भवन पर ग्रामीण महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी की अध्यक्षता में किया गया द्य जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। तथा मौक़े पर उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्या को चिन्हित कर पात्र होने पर सचिव राकेश ठाकुर से अविलम्ब अवश्यक कार्यवाही किये जाने तथा अग्रिम कार्यवाही से अवगत कराने के भी निर्देश दिए। उक्त अवसर पर राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष के पीआरो बंदना गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के खंड प्रेरक चेतई प्रसाद पटवा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अलोक यादव, उर्मिला यादव पंचायत सहायक गुड्डी देवी.सहित तमाम ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को जारी की गई नोटिस

बहराइच । जिला निर्वाचन अधिकारी बहराइच मोनिका रानी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग में पंजीकृत उत्तर प्रदेश राज्य के 119 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से वर्ष 2024 (06 वर्षों) के मध्य आयोग द्वारा आयोजित निर्वाचनों में एक भी चुनाव नहीं लड़े जाने के फलस्वरूप भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 56 दिनांक 20 जून, 2025 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के कम में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. द्वारा राजनैतिक दलों को ''कारण बताओ नोटिस'' जारी किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा भारतीय किसान जनशक्ति पार्टी के पंजीकृत पते मकान नं. 600, वार्ड नं. 5, घसियारीपुरा, नौवागढ़ी, बहराइच पर भी रजिस्टर्ड डाक द्वारा नोटिस प्रेषित की गयी है। उन्होंने बताया कि ''कारण बताओ नोटिस'' के सम्बंध में पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव अपना प्रत्यावेदन हलफनामा एवं सुसंगत अभिलेखों के साथ 14 जुलाई, 2025 तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र., चतुर्थ तल विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ-226001 को उपलब्ध करा सकते हैं एवं सुनवाई हेतु नियत 21 जुलाई, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के समय के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि पार्टी की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में निर्धारित तिथि के भीतर प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और पार्टी को राजनैतिक दलों की सूची से हटाये जाने के सम्बंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. की ओर से संस्तुति सहित प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया जायेगा।

# बलहा शिक्षा क्षेत्र का नया कार्यालय भवन तैयार, विधायक ने किया उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र बलहा में नवनिर्मित कार्यालय भवन का विधिवत उद्घाटन नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पुराना कार्यालय भवन अत्यधिक जर्जर अवस्था में पहुंच चुका था, जिसे दृष्टिगत रखते हुए यह नया भवन बनवाया गया है। अब यहां से शैक्षिक गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक तरीके से हो सकेगा। इस दौरान विधायक श्री वर्मा ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बलहा शिक्षा क्षेत्र को मिला यह नया



कार्यालय भवन न सिर्फ शिक्षकों बल्कि अधिकारियों को भी एक बेहतर कार्य वातावरण देगा। इससे शिक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी। खंड शिक्षा अधिकारी अरुण वर्मा ने कहा, इस भवन से कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यालयीय कार्यों में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित होगी। हमारा संकल्प है कि बलहा को शिक्षा के क्षेत्र में और ऊंचाई तक पहुंचाया जाए। इस मौके पर वित्त एवं लेखाधिकारी बीरेश कुमार वर्मा, मिहींपुरवा के बीईओ डॉ. अजीत सिंह, नवाबगंज के राधेश्याम वर्मा, कैसरगंज के जितेन्द्र चौधरी, पयागपुर की डॉली मिश्रा, महसी के तिलक राम वर्मा और फखरपुर के राकेश कुमार सहित कई खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नोडल संकुल आफाक अहमद खान, वरिष्ठ सहायक गौस उमर हसेरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविन्द चौधरी, अमन वर्मा, हरिहर वर्मा, सौरभ वर्मा समेत अनेक शिक्षक, कर्मचारी और गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी उपस्थित जनों ने इस भवन को बलहा शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और विधायक व विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वर्टेक्स ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर, चौरीचौरा। क्षेत्र के वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल सरदार नगर में विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ आरके मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को विश्व पर्यावरण दिवस वृहद रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने पौध रोपण किया और शपथ लिया बेहतर पर्यावरण, बेहतर कल पृथ्वी ग्रह को बचाएँ आदि की शपथ लिया। बच्चों ने अपने ग्रह को



एक बेहतर स्थान बनाएं तथा प्रदूषण बंद करने की शपथ लिया। इसी के साथ स्कूल चेयरमैन ई. अरविंद त्रिपाठी स्कूल निदेशक तूलिका त्रिपाठी एवं शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बच्चों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# हाइटेक गांव के रूप में विकसित किया जायेगा बैसड़ा गांव : डीएम

भेंटुआ ब्लाक के गांव बैसड़ा में विगत दिनों अग्निकांड में सोलह घर हुये थे क्षतिग्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास खण्ड भेटुआ के बैसड़ा गांव को हाइटेक गांव के रूप में विकसित किया जायेगा। गांव में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर, कृषि हेतु पट्टा, शुद्ध पेयजल, अमृत सरोवर, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग आदि योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। इसके लिये जिला प्रशासन द्वारा बैसड़ा गांव में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसको लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा आज बैसड़ा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि विगत दिनों हुए अग्निकांड में इस गांव के सोलह घर क्षतिग्रस्त हो गये थे जिसमें पीड़ित परिवारों को शासन द्वारा दैवीय आपदा के तहत रुपये चार हजार की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है जिससे यह सोलह लोग मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हो गए जिसमें इनको मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त दी जा चुकी है आवास के साथ ही इन लोगों को शौचालय की भी सुविधा दी जायेगी। इन लोगों को सोलर रूफटॉप, कैटल शेड, बायोगैस प्लांट की भी सुविधा दी जायेगी साथ ही इस गांव को पुनर्वासित किया जायेगा जिसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से इस गांव में नए सिरे से कॉलोनी विकसित की जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि भूमिहीन परिवारों को कृषि आवंटन योजना के तहत कृषि पट्टा भी दिया जा रहा है विधायक निधि योजना से यहां पर सोलर लाइट लगवाई जाएंगी।जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल परियोजना से हर घर नल की सुविधा उपलब्ध कराते हुये शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा है तथा जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को भी पुनः मरम्मत कराया जाएगा, इसके साथ ही जल भराव की समस्या को देखते हुए क्षेत्र पंचायत योजना से तालाब को खुदवा कर अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा, ओपन जिम, सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित अन्य सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्राम वासियों को देकर उनका जीवन बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह गांव पूरी तरह से जीरो कार्बन उत्सर्जन वाला गांव बनेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी तक इस प्रकार की सुनियोजित कॉलोनी कहीं और विकसित नहीं की गई है अमेठी के बैसड़ा गांव को शासन की सभी योजनाओं से अच्छादित करते हुए सुनियोजित तरीके से विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रकृति की सुंदरता को बरकरार रखते हुए होने चाहिए विकास कार्य : डॉ आस्था अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देश भर के निकायों के अध्यक्षों के सम्मेलन को किया संबोधित

लोकसभा स्पीकर और हरियाणा सरकार के सहयोग से हुआ सम्मेलन

पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और हरियाणा सरकार की ओर से हुए देश भर के नगर निकायों के अध्यक्षों के सम्मेलन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रकृति की सुंदरता को बरकरार रखते हुए नगरों के उत्थान और विकास कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर नगर निकायों में किस प्रकार विकास कराया जाए, इस विषय पर विस्तृत चर्चा की।भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और हरियाणा विधानसभा के सहयोग से आईसीएटी सेंटर-2, मानेसर, गुरुग्राम में हुआ। यह अपने आप में देश का पहला अनोखा महाकुंभ था, जिसमें नगर निकायों के अध्यक्ष एक साथ जुड़े। संवाद और दिशा-निर्धारण पर विचार-विमर्श हुआ।सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि स्थानीय स्वशासन लोकतंत्र का मजबूत आधार है, जहाँ जनता का सीधे संवाद से जुड़ाव होता है। भारत सदियों से संवाद, समितियों और ग्राम सभाओं की परंपरा से लोकतांत्रिक कार्यशैली का पालन करता रहा है - इसलिए भारत ऌमदर ऑफ डेमोक्रेसीङ्क कहलाता है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों की बैठकों में प्रश्नकाल, शून्यकाल जैसी व्यवस्थाएँ हों, कार्यपालिका जवाबदेह रहे और प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़े। कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब संवाद, भागीदारी और जवाबदेही हर स्तर पर सुनिश्चित होगी। आम जनता की अगर सबसे ज्यादा आवश्यकता या सबसे ज्यादा नजदीकी है। आम जनता से अगर सीधा संवाद है। तो नगरीय सरकार के प्रतिनिधियों से है। गांव में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों से है और हमारी ग्राम पंचायत, हमारी नगरीय सरकार में जितना लोकतंत्र सशक्त होगा, मजबूत होगा। उतना ही हम लोकतंत्र के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र की जनता की अपेक्षाएं आकांक्षाओं को पूरा कर पाएंगे। नगर पालिका पीलीभीत अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि पेडों को काटकर फैक्ट्रियां लगाना, कंक्रीट के जंगल खड़े कर देना, वे इसको विकास नहीं मानती हैं। पीलीभीत वन क्षेत्र से घिरा हुआ है, हमें वनों को काटकर विकास कार्य नहीं करना चाहिए। बल्कि प्रकृति की सुंदरता को बरकरार रखते हुए विकास कार्यों का खाका तैयार करना चाहिए। शहरों में यदि बेहतर सफाई व्यवस्था की योजनाएं बनेगी, लोग जागरूक होंगे, तो शहर अपने आप सुंदर हो जाएंगे।

नगर निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय स्तर के दो दिवसीय सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण और देशभर के निकायों के अध्यक्ष मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नई ओपीडी निर्माण हेतु शासन की स्वीकृत



बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज में पुराने अनावासीय एवं आवासीय भवनों के स्थान पर नया ओपीडी व इमरजेंसी वार्ड निर्माण के लिए शासन से स्वीकृत मिल गई है। क्षेत्र के प्रधान एव अन्य क्षेत्र वासियो ने इस निर्माण हेतु बड़ी संख्या में हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र शासन को दिया था शासन ने इसकी जांच करवाई व केन्द्र की आवश्यकता को देखते हुए ओपीडी तथा अन्य भवन निर्माण हेतु धन की स्वीकृत दे दी है। अधीक्षक अरूणेश सिंह ने बताया कि ओपीडी के निर्माण होने से मरीजो की भीड़ कम होगी और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी।

## सपा की मासिक बैठक का हुआ आयोजन



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया है।मासिक बैठक में संगठन को लेकर समीक्षा की गई।बैठक के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अरशद पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव हैं।बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की है।बैठक में मुख्य रूप से सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,पूर्व विधायक अरशद खां,पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय भारती,सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष संजय खां साहब,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव ओमप्रकाश यादव, नि. नगराध्यक्ष हाजी लाडले,नि. नगराध्यक्ष मो.याकूब अंसारी,जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी,सपा जिला सचिव आदर्श पाण्डे एडवोकेट,सपा मजदूर सभा जिलाध्यक्ष तुफैल खां,सपा महिला सभा पूरनपुर नगराध्यक्ष मीनू शर्मा,पूरनपुर ब्लॉक अध्यक्ष नजमुल हसन खां,पूरनपुर विधानसभा महासचिव इमरान बली खां,सतीश चंद्र वर्मा,अफजल अंसारी,शोएब कुरैशी,ओम शर्मा,अहीद खां,सपा युवजन सभा जिला सचिव शेखर यादव,सदाकत अली,कृपाल वर्मा,अमित वर्मा,कल्याण सिंह सरोज, सुमन यादव,राजाराम वर्मा,सुरेश भैया,सपा छात्र सभा महासचिव नाबिर अली मंसूरी,अमन यादव आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं

## बीईओ को प्राथमिक विद्यालय में लटकता मिला ताला

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय पूरे जोरई में ताला लटकता मिला जिसमें प्रभारी प्रधानाध्यापिका के साथ ही एक शिक्षक अनुपस्थित पाया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने जांच आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दिया है। प्रदेश सरकार के साथ ही जिलाधिकारी की लाख हिदायतों के बावजूद परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का मनमाना रवैया थमने का नाम नही ले रहा है।शुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने जब प्राथमिक विद्यालय पूरे जोरई का प्रातः आठ बजकर तीन मिनट पर जब औचक निरीक्षण किया तो विद्यालय में ताला लटकता मिला और विद्यालय के बाहर दो बच्चे विद्यालय के खुलने का इंतजार करते पाये गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि मानव सम्पदा पोर्टल पर किये गये आकस्मिक निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय पूरे जोरई की प्रभारी प्रधानाध्यापिका निधि उपाध्याय व सहायक अध्यापक सुनील कुमार अनुपस्थित पाये गये हैं। उन्होंने बताया कि जांच आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी गई है।इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम ने जर्जर तहसील का किया निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को प्रगतिशील अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना के आग्रह पर जर्जर हुई तहसील का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोतवाली रोड को चौड़ा करने की बात कही है। निरीक्षण में मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, प्रगतिशील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना, अधिवक्ता यूनुस खान, सुनील सक्सेना मोहम्मद आरिफ सुनील वर्मा फजल अहमद, शाहिद खान, मुकेश श्रीवास्तव सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे हैं।

## राजस्व कर्मियों की मिली भगत से भू-माफियाओं के हौसले बुलंद

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों की शासकीय भूमि पर इन दिनों धड़ल्ले से अवैध कब्जा हो रहा है। शिकायत है कि भूमाफियाओं के संरक्षण में लोग रातों रात बिल्डिंग खड़े कर रहे हैं। आरोप यह भी है कि इस खेल में न केवल भूमाफिया, बल्कि राजस्व अमला और पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल हैं। सदर तहसील क्षेत्र में लंबे अरसे से अतिक्रमण को ले कर चर्चा में है। आम आदमी से लेकर करोड़पति लोगों ने बेशकीमती सरकारी जमीन को घेर कर झोपड़ी, बिल्डिंग, दुकानें, छोटे-छोटे कारखाने बना रखे हैं। बानगी के तौर पर टांडा बांदा राजमार्ग पर ग्राम सभा आंकारीपुर में ग्राम समाज की जमीन को भूमाफियाओं ने प्लानिंग कर बेंच दिया। ग्राम समाज की करोड़ों की जमीन बेंच दिया। इसी प्रकार तहसील क्षेत्र में तमाम भूमाफिया गरीबों और दलितों की जमीन पर अवैध कालोनियों को बसा रहे है। वही दूसरा मामला सदर तहसील क्षेत्र के उघरपुर ग्राम सभा से जुड़ा है।जहां इसी ग्राम सभा के निवासी गजेन्द्र सिंह व राम जीवावन यादव ने गाटा संख्या 1153(तालाब), 2231व 2230 में हो अवैध निर्माण को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग की है। इसी क्रम में टांडा बांदा राजमार्ग पर ग्राम सभा उघरपुर का ही चर्चित चौराहा जो महेश्वर गंज के नाम से जाना जाता है जो पूरी तरीके से दर्जनों दुकानदारों द्वारा सरकारी जमीन को अवैध कब्जा कर के अतिक्रमण कर लिया गया है। अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग स्थित पकड़ी गांव जहां बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिग कर के बेचने का खेल जारी है। लखनऊ-वाराणसी राज्य मार्ग पर इस्लामगंज चौराहे जो शासकीय जमीन घिरा हुआ है जिसे अवैध रूप से दुकान बनाकर कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है। अवैध कब्जे के इस खेल में भूमाफियाओं के साथ ही राजस्व अमला और पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत की आशंका इसलिए होती है कि शिकायत के बावजूद अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## विद्यालय हुआ विलय डीएम से मिले प्रधान ग्रामीण आदेश वापस करने की करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत हरिपुर फुलहर में स्थित प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर का विलय कम्पोजिट विद्यायल नवदिया टोडरपुर में किया गया हैं।चूंकि यह प्राथमिक विद्यालय दो किलोमीटर है।इसलिए छोटे क्यों के लिए बहुत दूर है। ग्रामवासी मजदूर हैं। इसलिए प्रतिदिन बच्चों को नवदिपा टोडरपुर लाना ले जाना संभव नहीं है।

# वृक्षारोपण अभियान को औपचारिकता नही बल्कि अपना दायित्व मानकर करें देखभाल : मयंकेश्वर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत माहिया सिंदुरिया में शनिवार को वन विभाग के तत्वावधान में वन महोत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर वृक्षारोपण करते हुये पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल आक्सीजन के स्रोत नही बल्कि प्रकृति का संतुलन बनाये रखने वाले स्तंभ हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुये कहा कि वह वृक्षारोपण को महज औपचारिकता न समझें बल्कि हर पौधे की देखभाल को अपना दायित्व मानें। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व अंकित पासी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिये हमें आज ही संकल्प लेना होगा कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी रक्षा करें। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह व ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी द्वारा जागृति इण्टर कालेज कुकहा रामपुर में शिक्षारत बच्चों को पौधे वितरित किये गये।वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्ज़ा ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।इस मौके पर एसडीएम अमित सिंह, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा, सज्जन पाण्डेय, कौशलेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह,मोहम्मद इलियास सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# ज़मीन के नीचे गाड़े गए पुराने ज़ेवर भी उड़ा ले गये चोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील के इसौली गांव स्थित गुरुवार बीती रात निषाद जीबी बस्ती कटरा में एक अजीबो-ग़रीब चोरी की घटना सामने आई है। फुलमती नामक बुज़ुर्ग के घर में लगभग पचास साल पुराने ज़ेवर, जिन्हें उन्होंने पुराने लोहे के बक्से में बंद कर ज़मीन में गड्ढा खोद कर सुरक्षित स्थान पर छुपा रखा था, चोरी हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार, इन ज़ेवरात को उन्होंने वर्षों पहले से संभाल कर रखा था और किसी को इसकी जानकारी नहीं थी। फिर भी, चोरों ने बक्सा निकालकर उसमें रखे कीमती ज़ेवरात पार कर दिए। हैरानी की बात यह है कि चोरी इतनी सफाई से की गई कि आस-पास के किसी को भनक तक नहीं लगी। परिवार का कहना है कि यह घटना तब सामने आई जब वे पूरे परिवार संग छत पर सो रहे थे रात 11बजे बारिश होने पर नीचे आए तो देखा समान बिखरा ज़ेवर गायब। पीड़ितों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी में दे दी है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है और लोग अपने-अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और गांव में रात के समय गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके।

# सपा की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने पर दिया गया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। विकास खंड धनपतगंज के ग्राम पंचायत पडरे में समाजवादी पार्टी इसौली विधानसभा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता इसौली विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद ताहिर खान मौजूद रहे।उबैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनहित और विकास के मुद्दों पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा से संगठन को मजबूत करें और जनता की समस्याओं का समाधान कराने में मदद करें। इस अवसर पर नरेंद्र यादव ने विधायक ताहिर खान और विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रामनाथ यादव, बृजेश यादव, सफीर पठान, जितेंद्र यादव, बद्रीनाथ यादव, तनवीर आलम, शिव प्रसाद यादव, रवि शंकर, हृदयराम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया। आज तहसील अमेठी में कुल चालीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें पांच का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में साठ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें पांच का निस्तारण किया गया।तहसील तिलोई में सत्ताइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया, तथा तहसील मुसाफिरखाना में चौबीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम आशीष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने गांधी पार्क की सुंदरता देख चेयरमैन के प्रयास को सराहा

नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे गांधी पार्क के सौंदर्यकरण को देख कर चेयरमैन की करी प्रशंसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा पार्कों के सौंदर्यकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिसके चलते नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। नगरवासी कह रहे हैं इतने कम समय के कार्यकाल में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने इतने कार्य कर दिए है।कि जो की पूर्व में रहे अध्यक्ष नहीं कर पाए है। सौंदर्यकरण को लेकर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्वयं पहुंचकर गांधी पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों को देखकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की जमकर तारीफ की है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि गांधी पार्क को भव्य रूप से सौंदर्यकरण करके राष्ट्रपति महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व भारत माता के अलावा अन्य प्रतिमाये लगाई जाएगी। प्राकृतिक सौंदर्य के वातावरण को और स्वच्छ हरा भरा करने के लिए विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों को लगा कर झरने का निर्माण किया कराया जाएगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 172 मामलों में 23 का हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिलाधिकढारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लम्भुआ गामिनी सिंगला की उपस्थिति में तहसील सभागार लम्भुआ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा आये हुए फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन विभागों की शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उन विभागों के अधिकारी सन्दर्भित प्रकरण को गम्भीरता से देखे और उसका निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 172 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 23 शिकायतों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कराया गया। शेष शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा ससमय करने के निर्देश दिये गये हैं।

# कैब नियमन मानक

समय की जरूरत और नई पीढ़ी के रुझान के मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में देश में कैब सेवाओं का आधार व्यापक हुआ है। कैब सेवाएं उपलब्ध कराने वाली देशी-विदेशी कंपनियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र को आशातीत विस्तार दिया है। लेकिन साथ ही चालकों के हित संरक्षण और उपयोगकर्ताओं के हितों के नियमन की आवश्यकता भी लंबे समय से महूसस की जा रही थी। इन सवारी सेवाओं पर लागू होने वाले नये दिशा-निर्देशों का मकसद कैब एग्रीगेटर्स को अधिक अवसर प्रदान करना, ड्राइवरों के कल्याण को सुनिश्चित करना और उपयोगकर्ताओं के हितों की रक्षा के बीच संतुलन बनाना है। सरकार ने उबर,ओला,इन-ड्राइव और रैपिडो जैसे एग्रीगेटर्स को पीक ऑवर्स के दौरान बेस किराए से दुगना तक चार्ज करने की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि पहले यह बेस किराए से डेढ़ गुना अधिक था। जिसे सेवाओं में दबाव की स्थिति में किराये की तेजी के रूप में दर्शाया जाता था। इसके साथ ही, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025 में गैर-पीक ऑवर्स के शुल्क को बेस किराए से पचास प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है। दरअसल, यह कदम ये सुनिश्चित करने के लिये है कि पीक ऑवर्स के दौरान यात्रियों पर बोझ न पड़े और एग्रीगेटर्स अन्य समय में भारी छूट के माध्यम से प्रतिस्पर्धा को कम न करे। केंद्र सरकार के अनुसार, वर्ष 2020 के दिशा-निर्देशों के संशोधित संस्करण के नए मानदंड उपयोगकर्ता की सुरक्षा और चालक के कल्याण के मुद्दों पर ध्यान देते हुए एक हल्की-फुल्की नियामक प्रणाली प्रदान करने का एक प्रयास है। इसमें शामिल अन्य प्रावधानों के अनुसार एग्रीगेटर्स को वाहन की लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस लगानी होगी। इसका मकसद यात्रा करने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करना भी है। ट्रैकिंग डिवाइस लगाने का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें वाहन की स्थिति की जानकारी मिलती रहे। जिसका राज्य सरकारों के एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर से जुड़ा रहना भी जरूरी है। निश्चय ही यह महिला सवारियों की सुरक्षा के मद्देनजर अपरिहार्य कदम है। इसके अलावा ड्राइवरों के हितों का भी ध्यान रखा गया है। उनके लिये बेहतर कमाई का प्रतिशत अनिवार्य किया गया है। उनके पास क्रमशः कम से कम पांच लाख और दस लाख रुपये का स्वास्थ्य और टर्म बीमा होना चाहिए। केंद्र सरकार के इस हालिया प्रयास ने राज्यों के लिये बाइक टैक्सियों को अनुमति देने का रास्ता भी खोल दिया है। निस्संदेह, ये प्रयास जहां अधिक राजस्व पैदा करने का जरिया बन सकता है, वहीं रोजगार सृजनकर्ता भी साबित हो सकता है। देश में जिस तरह बेरोजगारी की समस्या है, उसमें रोजगार के नये क्षेत्र पैदा करना वक्त की जरूरत है। यदि चालकों के लिये बेहतर कार्य परिस्थितियां और सम्मानजनक आय की व्यवस्था हो पाती है तो कई बेरोजगार इस दिशा में पहल कर सकते हैं। लेकिन जरूरी है कि एग्रीगेटर चालकों के साथ मनमानी न कर सकें। हर छोटे-बड़े व्यक्ति को आत्मसम्मान के साथ जीविका उपार्जन का अधिकार है। किसी भी काम को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। कई छात्र बेहतर कैरियर की चाह में अपनी पढ़ाई के खर्च के लिये पार्ट टाइम कार व बाइक टैक्सियां चलाते हैं। उन वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी इनके साथ सम्मानजनक ढंग से पेश आना चाहिए। उनके जीवन संघर्ष को हमें संबल देना चाहिए। नये प्रावधानों में राज्य सरकारों को सभी वाहनों, यहां तक कि ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सियों के लिये भी आधार किराया अधिसूचित करना होगा। उन्हें अगले तीन महीने के भीतर नये मानदंडों को अपनाने की सलाह दी गई है। निश्चित रूप से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025 मौजूदा वक्त की जरूरतों के अनुरूप ही हैं। जो एक ओर कैब चालकों के हितों की रक्षा करते हैं, वहीं यात्रा करने वालों की सुरक्षा व आर्थिक हितों को भी संरक्षण प्रदान करते हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नये प्रावधानों के नियमन के लिये कितनी पारदर्शी व्यवस्था बनायी जाती है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : राष्ट्र को समर्पित जीवन

**6 जुलाई जयंती पर विशेष**



डॉ. सौरभ मालवीय

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। उनका परिवार धर्म परायण था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा। उनके संपूर्ण जीवन पर इसका प्रभाव देखने को मिलता है। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के संस्थापक उपकुलपति थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके पश्चात वह वर्ष 1923 में सेनेट के सदस्य बने। अपने पिता की मृत्यु के पश्चात वर्ष 1924 में उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया। कुछ समय पश्चात अर्थात वर्ष 1926 में वह इंग्लैंड चले गए। वहां उन्होंने वर्ष 1927 में बैरिस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह अत्यंत परिश्रमी थे। इसलिए निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे थे। वह मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए। उन्होंने वर्ष 1938 तक कुलपति का कार्यभार संभाला। अपने कार्यकाल में उन्होंने सुधार के अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। इस समयावधि में उन्होंने 'कोर्ट एंड काउंसिल ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलोर' तथा इंटर यूनिवर्सिटी बोर्ड के सक्रिय सदस्य के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राजनीतिक जीवन कांग्रेस से प्रारंभ हुआ था। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में बंगाल विधान परिषद का सदस्य चुना गया था। परन्तु कांग्रेस ने विधायिका का बहिष्कार करने का निर्णय ले लिया। इसके कारण उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा।**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद्, गंभीर चिन्तक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक चेतना को समर्पित था। वह केवल एक राजनेता नहीं थे, अपितु भारत माँ के सपूत थे। उनकी दूरदर्शिता, निर्भीकता एवं प्रतिबद्धता आज भी प्रेरणास्रोत बनी हुई है। वह कहते थे- राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है। राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानना चाहिए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। उनका परिवार धर्म परायण था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा। उनके संपूर्ण जीवन पर इसका प्रभाव देखने को मिलता है। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के संस्थापक उपकुलपति थे। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके पश्चात वह वर्ष 1923 में सेनेट के सदस्य बने। अपने पिता की मृत्यु के पश्चात वर्ष 1924 में उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया। कुछ समय पश्चात अर्थात वर्ष 1926 में वह इंग्लैंड चले गए। वहां उन्होंने वर्ष 1927 में बैरिस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की। वह अत्यंत परिश्रमी थे। इसलिए निरंतर सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे थे। वह मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए। उन्होंने वर्ष 1938 तक कुलपति का कार्यभार संभाला। अपने कार्यकाल में उन्होंने सुधार के अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। इस समयावधि में उन्होंने 'कोर्ट एंड काउंसिल ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलोर' तथा इंटर यूनिवर्सिटी बोर्ड के सक्रिय सदस्य के रूप में भी उल्लेखनीय कार्य किए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राजनीतिक जीवन कांग्रेस से प्रारंभ हुआ था। उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में बंगाल विधान परिषद का सदस्य चुना गया था। परन्तु कांग्रेस ने विधायिका का बहिष्कार करने का निर्णय ले लिया। इसके कारण उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। तदुपरांत उन्होंने स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा एवं विजय प्राप्त की। उन्हें वर्ष 1943 में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। उन्होंने वर्ष 1946 तक यह कार्यभार संभाला। देश की स्वतंत्रता के पश्चात प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अंतरिम सरकार में सम्मिलित किया। उन्हें उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू से मतभेद के कारण उन्होंने अपनी दिशा परिवर्तित कर ली। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के मध्य हुए समझौते के पश्चात 6 अप्रैल 1950 को मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजनीति के माध्यम से जनसेवा करने के प्रबल पक्षधर थे। वह मानते थे कि राजनीति के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने संघ की राजनीतिक शाखा बनाने के लिए हिंदू महासभा छोड़ दी थी। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी अर्थात माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर से भेंट कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में दिल्ली के कन्या माध्मिक विद्यालय में आयोजित एक सम्मलेन में भारतीय जनसंघ के गठन की घोषणा की गई। इस प्रकार 21 अक्टूबर, 1951 को भारतीय जनसंघ का गठन किया गया। सम्मलेन में आयताकार भगवा ध्वज स्वीकृत हुआ, जिस पर अंकित दीपक को चुनाव चिन्ह के रूप में स्वीकार किया गया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव का घोषणा-पत्र भी स्वीकृत किया गया। इसका श्रेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को ही जाता है। वर्ष 1951-52 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनसंघ के तीन प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की, जिनमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी सम्मिलित थे। इसके पश्चात उन्होंने 32 लोकसभा एवं 10 राज्यसभा सांसदों के सहयोग से नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना की। वे देश की अखंडता एवं कश्मीर के विलय के प्रबल समर्थक थे। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा एवं रामराज्य परिषद के साथ मिलकर सत्याग्रह आरंभ किया। वह जम्मू-कश्मीर से धारा-370 समाप्त करके इसे भारत का अभिन्न अंग बनाने के इच्छुक थे। उन्होंने संसद में दिए अपने भाषण में धारा-370 को समाप्त करने का स्वर मुखर किया। उन्होंने अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर में आयोजित एक विशाल रैली में कहा- या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। अपने इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए उन्होंने वर्ष 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू-कश्मीर की यात्रा के लिए प्रस्थान किया। उन्हें 11 मई 1953 को उन्हें परमिट सिस्टम का उल्लंघन करके कश्मीर में प्रवेश करते समय गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पश्चात विषम परिस्थितियों में 23 जून, 1953 को उनका निधन हो गया। अपने पुत्र की मृत्यु का समाचार सुनकर उनकी माता योगमाया देबी ने कहा था- ''मेरे पुत्र की मृत्यु भारत माता के पुत्र की मृत्यु है। देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार एवं सिद्धांत प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कश्मीर के संबंध में एक नारा दिया था- नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान उनका यह विचार आज भी देश की एकता का मूल मंत्र है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कहना था कि वास्तविक राष्ट्रीय प्रगति धार्मिक शिक्षाओं का उल्लंघन करके नहीं, अपितु धार्मिक शिक्षाओं को अधिक दृढ़ता से अपनाने से प्राप्त की जा सकती है। वह सांस्कृतिक एकता पर भी विशेष बल देते थे। उन्होंने कहा था- ल्लयदि भारत की स्वतंत्रता को सारपूर्ण बनाना है, तो इसे भारत की संस्कृति के मूल्यों और आधारभूत तत्वों को ठीक प्रकार से समझने और इसके प्रचार एवं प्रसार में मददगार बनना पड़ेगा। जो भी राष्ट्र अपनी पुरातन उपलब्धियों से गौरव महसूस नहीं करता या प्रेरणा नहीं लेता, वह कभी भी न तो अपने वर्तमान को निर्मित कर सकता है और न ही कभी भी अपने भविष्य की रूपरेखा तैयार कर सकता है। कोई भी कमजोर राष्ट्र कभी भी महानता की ओर अग्रसर नहीं हो सकता। वह कहते थे- ल्लआप जो भी काम करते हैं, इसे गंभीरता से अच्छी तरह करें। इसे कभी भी आधा अधूरा नहीं करें। तब तक स्वयं को संतुष्ट न समझें जब तक कि आप इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे दें। अनुशासन और गतिशीलता की आदतों को विकसित करें। अपने दृढ़ विश्वास को न टूटने दें। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जीवन राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समर्पण, शिक्षा और विकास के नवीन विचारों का एक अद्भुत संगम था। बंगाल की रक्षा के लिए उनके संघर्ष और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हर भारतवासी ऋणी है। डॉ. मुखर्जी जी की विद्वता और ज्ञान सम्पदा का लोहा उनके राजनीतिक विरोधी भी मानते थे। वह जानते थे कि उस समय की सरकार जिन विचारों और नीतियों पर चल रही थी उससे देश की समस्याओं का निराकरण सम्भव नहीं होगा। इसलिए उन्होंने राष्ट्रहित में सत्ता सुख को त्याग कर लंबे संघर्ष का जटिल मार्ग चुना। डॉ.मुखर्जी का मानना था कि एक राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य उसकी अपनी मूल संस्कृति और चिंतन की मजबूत नींव पर ही संभव है। इसीलिए उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण व वैकल्पिक राजनीतिक सोच देश के सामने रखी। उनके वही विचार आज देश को हर क्षेत्र में आगे ले जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा कहते हैं कि एक देश में 'दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' यह केवल उद्घोष नहीं था, अपितु राष्ट्र की एकता के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का अडिग संकल्प था। आज जब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अनुच्छेद-370 इतिहास बन चुका है, यह केवल संवैधानिक सुधार नहीं, अपितु डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान को एक सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ. मुखर्जी जी का जीवन सत्ता नहीं, सिद्धांतों के लिए था। उनके विचार आज भी राष्ट्रवाद की सबसे शुद्धतम अभिव्यक्ति हैं। निःसंदेह अखंड भारत के जिस संकल्प के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया था, वह संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज राष्ट्र के नवनिर्माण के साथ साकार हो रहा है। उनके प्रखर विचार, चिंतन एवं सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन गौरवशाली भारत के निर्माण के आधार स्तंभ हैं।

**(लेखक – लखनऊ यूनिवर्सिटी में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष हैं)**

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में भारत की छवि चमकाने का अवसर

**नित्य चक्रवर्ती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 6 और 7 जुलाई को ब्राजील के रियो डीजेनेरियो में होने वाली ब्रिक्स की बैठक में वैश्विक दक्षिण के हितों के रक्षक के रूप में भारत की छवि को बेहतर बनाने का कठिन काम है। इस बैठक में वे भाग लेंगे। 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी ब्राजील करेगा और इसका मुख्य विषय अधिक समावेशी और सतत शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना होगा। इस व्यापक विषय के अलावा, चर्चाएं आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक लड़ाई और गाजा में इजरायली नरसंहार से संबंधित होंगी, जिसकी ब्रिक्स के अधिकांश सदस्यों ने कड़ी निंदा की है। शुरुआत में ब्राजील, रूसी संघ, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने इस गठबंधन का हाल ही में विस्तार हुआ है। विस्तारित हुए देशों में अब मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल हो गये हैं। आने वाले शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शामिल नहीं होंगे। इस तरह, भारतीय प्रधानमंत्री दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के राष्ट्रपतियों के अलावा एक प्रमुख शख्सियत होंगे। ब्राजील की अध्यक्षता दो प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करेगीरू वैश्विक दक्षिण सहयोगय और सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय विकास के लिए ब्रिक्स की भागीदारी। ब्राजील छह मुख्य क्षेत्रों वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग, व्यापार, निवेश और वित्त पर भी ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव करता है। जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता शासन, बहुपक्षीय शांति और सुरक्षा वास्तुकला और संस्थागत विकास भी प्रमुख मुद्दे होंगे। भारत के लिए, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए, शिखर सम्मेलन में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ब्रिक्स सदस्यों को आतंकवाद पर भारतीय दृष्टिकोण और पाकिस्तान की भूमिका के बारे में देश के आकलन से राजी किया जाये। पाकिस्तान ब्रिक्स का सदस्य नहीं है और चीनी राष्ट्रपति की शिखर सम्मेलन में बड़ी उपस्थिति नहीं होगी। इसलिए, नरेंद्र मोदी वैश्विक दक्षिण देशों के बीच पाकिस्तान द्वारा बनाई गई पीड़ित की धारणा को दूर करने के लिए कुछ उचित काम कर सकते हैं। चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के रक्षा मंत्रियों के हालिया सम्मेलन में, भारत को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा क्योंकि संयुक्त घोषणा में पहलगाम का कोई संदर्भ नहीं था जबकि बलूचिस्तान को आतंकवादी कार्रवाई के मामले के रूप में उल्लेख किया गया था। दस एससीओ सदस्यों में से नौ, जिनमें चीन, रूस और पाकिस्तान शामिल थे, ने भारत की अनदेखी करते हुए उस घोषणा का समर्थन किया। हालांकि भारत ने उस पर हस्ताक्षर नहीं किये और इसे जारी नहीं किया जा सका, लेकिन एससीओ बैठक में भारत के अलग-थलग पड़ने से ऑपरेशन सिंदूर, जो 10 मई को युद्धविराम में समाप्त हुआ था, के बाद से विदेशों में भारत के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता का पता चला। हालांकि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा है कि ब्राजील शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स घोषणापत्र आतंकवाद पर भारत की स्थिति को प्रतिबिंबित करेगा, लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि चीनी वरिष्ठ मंत्री अभी भी बैठक में भाग लेंगे और अधिकांश ब्रिक्स सदस्य मोदी के तीन सूत्री सिद्धांत से सहमत नहीं हैं। भारतीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत सारी तैयारियां करनी होंगी कि इस बार ब्राजील में ऐसी कोई शर्मिंदगी न हो जैसी पिछले महीने चीन में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई थी। घोषणापत्र का पर्यवेक्षण मेजबान ब्राजील के राष्ट्रपति लूला करेंगे। इसलिए संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद पर भारत के विचारों को शामिल करने के लिए राष्ट्रपति लूला के साथ नरेंद्र मोदी के व्यक्तिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता होगी। वास्तविकता यह है कि नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स सदस्यों की नजर में वैश्विक दक्षिण के लिए लड़ने वाले के रूप में अपनी व्यक्तिगत छवि खो दी है। पिछले तीन वर्षों में,सामान्य कारणों से वैश्विक दक्षिण में भारत का अलगाव बढ़ गया है क्योंकि भारतीय प्रधानमंत्री ब्रिक्स, एससीओ और यहां तक कि जी-20 के बजाय क्वाड में अधिक रुचि ले रहे हैं। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक मंगलवार 1 जुलाई को वाशिंगटन में हो रही है जिसमें भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भाग ले रहे हैं। इसके बाद इस साल के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन होगा, संभवतः नई दिल्ली में।

## सेहत मंत्र

# सही तरीके से खाएं, तो वजन घटाने के साथ बॉडी टोन करेगा खजूर

वजन कम करने के लिए जितना जरूरी एक्सरसाइज करना है, उतना ही जरूरी है कि आप वजन कम करने के लिए सही प्रकार के आहार का सेवन करें। इन दोनों में से किसी एक भी चीज के प्रति लापरवाही आपको वजन कम करने के प्रयास में अच्छा परिणाम नहीं मिलेगा। बैली फैट को कम करने और वजन को तेजी से कम करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप पौष्टिक आहार, उच्च फाइबरयुक्त, और कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। यदि आप अपने वजन को कम कर अपनी कमर को अच?छी शेप देना चाहते हैं, तो आप अपनी डाइड में खजूर का सेवन करना चालू करें, यह ऐसा फल है, जो आपके वजन करने के साथ और भी कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देता है। इससे शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने और सूजन को कम करने में मदद मिलती है। खजूर में 44 से 88 प्रतिशत कार्ब्स, 6.4 से 11.3 प्रतिशत डाइटरी फाइबर, 2.3 से 5.6 प्रतिशत प्रोटीन और 0.2 से 0.5 प्रतिशत वसा होता है। इसके अलावा, इसमें आयरन मैग्नीशियम, तांबा, कैल्शियम और जरूरी विटामिन्स पाये जाते हैं खजूर में उच्च फाइबर पाया जाता है, जो कि आंत में अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं, जिससे आप लंबे समय तक तृप्त यानि भरा हुआ महसूस करते हैं। फाइबर आंत में शॉर्ट चेन फैटी एसिड के उत्पादन में मदद करता हैं, जो पाचन प्रक्रिया में मदद करता है और मेटाबॉल्जिम को बढ़ावा देता है। जिससे आपका वजन तेजी से कम होता है क्योंकि धीमा मेटाबॉल्जिम मोटापे के लिए जिम्मेदार होता है। सभी तरह के वसा स्वास्थ्य के लिए खराब नहीं होते हैं। खजूर में अनसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है, जो कि विभिन्न कारणों से होने वाली सूजन और चोट को कम करने में मदद करता है। यह आपके दिल के लिए भी फायदेमंद होता है और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार होता है। इसके अलावा, यह आपके शरीर को फिट और हेल्दी रखने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# चमत्कार और रहस्य से भरा है भगवान जगन्नाथ का मंदिर, कभी भक्तों को कम नहीं पड़ता प्रसाद

पुरी के भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आज निकलेगी। वह अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर गुंडीचा मंदिर अपनी मौसी के घर जाएंगे, जहां वे तीनों 7 दिनों तक विश्राम करेंगे। नौ दिनों तक चलने वाली यह रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडीचा मंदिर तक जाती है और फिर वहां से जगन्नाथ मंदिर वापस आती है। इस रथ यात्रा में शामिल होने के लिए दुनिया भर से लोग आते हैं, जो लोग इस रथ को खींचते हैं, वे खुद को भाग्यमान मानते हैं। जगन्नाथ पुरी हिन्दुओं के पवित्र चार धामों में से एक है। इस मंदिर की कुछ ऐसी खासियतें हैं, जिन्हें जानकर आप आश्चर्यचकित हो जाएंगे। रथ यात्रा के अवसर पर हम आपको बता रहे हैं जगन्नाथ मंदिर के बारे में – 1. पुरी का जगन्नाथ मंदिर वैष्णव सम्प्रदाय के प्रमुख मंदिरों में से एक है। यह भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण को समर्पित है। भगवान जगन्नाथ इस मंदिर में अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ विराजन हैं। 2. गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय के संस्थापक श्री चैतन्य महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की नगरी पुरी में कई साल तक रहे थे, इस वजह से इस मंदिर का गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय में खास महत्व है। 3. 400,000 वर्ग फुट में फैले इस विशाल मंदिर के शिखर पर चक्र और ध्वज स्थित हैं। इन दोनों का खास महत्व है। चक्र सुदर्शन चक्र का और लाल ध्वज भगवान जगन्नाथ के मंदिर के अंदर विराजमान होने का प्रतीक है। अष्टधातु से निर्मित इस चक्र को नीलचक्र भी कहा जाता है। 4. कलिंग शैली में बने इस विशाल मंदिर के निर्माण का कार्य कलिंग राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव ने शुरू कराया था। बाद में अनंग भीम देव ने इसे वर्तमान स्वरुप दिया था।

## पर्यटन



# उत्तरी भारत का नंदनकानन है खूबसूरत पिंजौर गार्डन

भारत के सुंदर, स्वच्छ और शांत शहर चंडीगढ़ से केवल 21 किमी. दूर अंबाला-शिमला राजमार्ग पर कालका और चंडीगढ़ के मध्य स्थित पिंजौर गार्डन के आकर्षण को शब्दों में बयां कर पाना थोड़ा मुश्किल है। इस खूबसूरत गार्डन को उत्तरी भारत का नंदन-कानन कहें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाने वाला पिंजौर घग्घर नदी की सहायक कौशल्या और झज्जर नदी के संगम स्थल पर स्थित है। पिंजौर राजा विराट की नगरी थी और पहले इसका नाम पंचपुर था, जो बाद में पिंजौर के नाम से मशहूर हुआ। राजा विराट प्रजापालक, धर्मात्मा और दयालु प्रकृति के शासक थे। यहां 365 बावड़ियां बनी हुई थी, जो बाद में लुप्त हो गई। प्राचीन हिंदू मंदिरों, जलकुंडों के चिह्नों और धरती के नीचे से निकली देवी-देवताओं की प्रतिमाओं से प्रतीत होता है कि यह एक पवित्र एवं दर्शनीय धर्मस्थल रहा होगा। ऐतिहासिक दृष्टि से पिंजौर का संबंध आर्यों के समय से है, जब इस गांव में भीमा देवी मंदिर का निर्माण हुआ था। यह पांडवों के वनवास का समय था। इतिहासकार बताते हैं कि तभी यह जगह पंचपुरा कहलाई थी। पिंजौर का द्रोपदी कुंड भी बहुत ही मशहू है। कहा जाता है कि द्रोपदी इसी कुंड में स्नान किया करती थी। 13वीं शताब्दी के मध्य पिंजौर सिरमौर के राजा के अधीन था। शमसुद्दीन इल्तुमिश इस स्थान के सौंदर्य से इतने प्रभावित हुए कि उसने सिरमौर के राजा से यह क्षेत्र छीन लिया। बाद में यह राजा रत्नसेन के पास चला गया। लेकिन जब जनवरी 1399 ई. में तैमूर दिल्ली से वापस जा रहा था, तो उसने राजा रत्नसेन से यह क्षेत्र छीन कर वहां खूब लूटमार की। इस तरह पिंजौर और आस-पास का क्षेत्र बहुत सालों तक जीत-हार तथा लूट-खसोट का क्षेत्र बना रहा। औरंगजेब के भाई फिदाई खान ने 1661 ई. में पिंजौर पर अधिकार कर लिया। फिदाई खान शिल्पकारी और भवन निर्माण कला में सिद्धहस्त था। उसने लाहौर के शालीमार बाग के नमूने पर पिंजौर मुगल गार्डन बनवाया और कई भवन भी निर्मित करवाए, जो 400 साल गुज़र जाने पर भी अपनी सुंदरता को बरकरार रखे हुए हैं।

# तहसील दिवस बना औपचारिकता दिवस, समस्याएं वही की वही!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी, संवाददाता। शनिवार को रामनगर तहसील सभागार में ल्लसम्पूर्ण समाधान दिवसङ्क का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी विवेक शील यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जनों फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश भी दिए। लेकिन, तहसील क्षेत्र की जनता का अनुभव इससे बिल्कुल विपरीत है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्यक्रम केवल कागजों पर समाधान का दिन है, हकीकत में यह मात्र औपचारिकता बनकर रह गया है।

समस्या सुनी जाती है, लेकिन हल नहीं होती। यह कहना है सलेमपुर नंदऊपारा निवासी दक्षराज सिंह, हसनापुर पहाड़पुर के राम गोपाल, बेलपुरवा बिझला के अशोक कुमार, तथा डिहुवा मजरे मदरहा के आसाराम का। इन सभी फरियादियों ने संवाददाता से स्पष्ट शब्दों में कहा कि तहसील दिवस महज दिखावा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी मोबाइल में व्यस्त रहते हैं और दोपहर दो बजने का इंतजार करते हैं।

''न्याय की उम्मीद लेकर तपती धूप में आए फरियादी लौटते हैं मायूस होकर।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अधिकारी आदेश तो देते हैं, लेकिन फील्ड पर जाने वाले कर्मचारी ऽ विशेषकर लेखपाल ऽ विपक्षी पक्ष से सांठगांठ कर ल्लकानूनी दांवङ्क सिखाते हैं। महीनों तक न तो सुनवाई होती है और न ही समाधान। जनता सवाल पूछ रही है ऽ समाधान दिवस से समाधान कहां? समस्या वही, पीड़ा वही, व्यवस्था वैसी की वैसी। बस तारीख बदल जाती है।

# महानिदेशक कारागार ने किया जेल का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । श्री पीएनसी नीणा, महानिदेशक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश एवं श्री शैलेन्द्र कुमार नैयर, उप महानिदेशक कारागार, अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या द्वारा जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उच्च सुरक्षा बैरक, पाकशाला, अस्पताल, महिला बैरक, बंदी गृह व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई तथा बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्था की वास्तविकता को परखा गया। साथ ही जेल कर्मियों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के समय अधीक्षक श्री कुन्दन कुमार, अधीक्षक श्री जितेन्द्र प्रताप तिवारी, जेलर श्री राजेन्द्र सिंह एवं उप जेलर श्री श्यामा चरण सहित श्रीमती रन्जू शुक्ला, श्रीमती कुसुम, श्री अनिल कुमार एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीपीआरओ भोगडे का प्रयास नदी के कल्याण की आश बंधी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## निंदूरा में कल्याणी नदी की साफ सफाई




निंदूरा बाराबंकी। जिला पंचायत राज अधिकारी के दिशा निर्देशन में विकास खंड निंदूरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडार व जजियामऊ से होकर निकली कल्याणी नदी के किनारों पर आज शनिवार को अभियान के तहत नदी किनारों की साफ सफाई की गई।अतिक्रमण मुक्त अभियान का नेतृत्व एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह व ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी और आनंद सिंह कर रहे थे।विशेष सफाई अभियान की अगुवाई कर रहे एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान नदी संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और इसका उद्देश्य नदी को साफ करके उसे पुनर्जीवित करना है।

आज ग्राम पंचायत भंडार व जजियामऊ के बीच में कल्याणी नदी के किनारों पर सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ नदी के संरक्षण हेतु कूड़ा ढेर व झाड़ियों की साफ सफाई की गई।

उधर गांव वालों में कल्याणी नदी की सफाई होते देखकर एक बार पुनः कल्याणी नदी के पुनरुद्धार की आश जगी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान चंदनलाल,खंड प्रेरक राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विधायक साकेंद्र ने किया वृक्षारोपण,आवाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। वन महोत्सव सप्ताह अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को रीवा सीवा के गोल्लाबीर बाबा मंदिर प्रांगण में विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने पौधरोपण किया।इस मौके पर विधायक ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है।जिससे मानव जीवन, जीव-जंतु पर बुरा असर पड़ रहा है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शुद्ध वायु और शुद्ध जल आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है। ये तभी संभव है, जब हम पर्यावरण का संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। रेंज देवा वन क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए। सभी को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। जितने अधिक पेड़ होंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। इस मौके पर जिला सह संयोजक बुद्ध जीवी प्रकोष्ठ डा राम कुमार गिरी,मंडल अध्यक्ष बड्डूपुर योगेन्द्र पटेल,मंडल अध्यक्ष निंदूरा विनय मौर्य, प्रबंधक बाबू हरिनाथ सिंह शिशोदिया विद्या पीठ मनोज सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र प्रदीप रावत, अरविंद मौर्या,प्रधान अवनीश वर्मा,अमर सिंह रावत,चंदन वर्मा,अभय सैनी,अरविन्द मौर्य,देवकुमार वर्मा,हरिनाम रावत,विनय यादव आदि उपस्थित रहे।

# कदीमी मजलिस ! काला कपड़ा है काबा का कवर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर अंतर्गत बड़ी बाजार स्थित प्रसिद्ध इमामबाड़ा मे 9 मोहर्रम को इमामबाड़ा हुसैनिया बड़ी सरकार में क़्दीमी मजलिस संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दूर के सैकड़ो अजादार शामिल हुए। मजलिस में शबीह ए ज़ुल्जनाह की ज़ियारत कराई गई,। मजलिस को मौलाना जाबिर साहब जौरासी ने ख़िताब किया, बाद मजलिस के मुसव्विर ज़ैदपुरी ने नौहा ख़्वानी की और अज़ादारों ने मातम करा, बाद मजलिस के अज़ादारों को शरबत पिलाया गया। औ रोटी का तबररूक तक़्सीम किया गया। बताते चले की इसी प्रसिद्ध बड़ी सरकार इमामबाड़ा में 120 वर्ष पुरानी जरी (विशेष किस्म का ताजिया) जिसे पूर्वजों द्वारा इराक से मंगाया गया था। इसके साथ ही एक विशेष किस्म का काला कपड़ा है काबा का कवर, जो कि इन्हीं के पूर्वजों द्वारा लगभग 120 साल पहले मक्का से हज के दौरान मंगाया गया था। मजलिस में मशहूर न्यूरो फ़िज़ीशियन डॉक्टर असद अब्बास, निहाल रिज़वी, ख़ादिम जाफ़र, अबूद रज़ा गुलफाम रिजवी सहित बड़ी संख्या में अजादारो ने हिस्सा लिया।मजलिस के पश्चात डॉक्टर अली मुस्तफ़ा ने सभी अज़ादारों का शुक्रिया अदा किया।

# रुदौली तहसील वापसी पर अडिग अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। तहसील रुदौली को जनपद में सम्मिलित किए जाने, अधिवक्ताओं का टोल टैक्स माफ करने तथा जिले को लखनऊ मंडल में शामिल करने को लेकर वकीलों ने उत्तर प्रदेश व भारत सरकार को तीन सूत्रीय ज्ञापन अपर जिला अधिकारी को दिया। जिला बार अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा व महामंत्री रामराज यादव तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरीत ज्ञापन में बताया गया है कि तत्कालीन बसपा सरकार ने 31 अक्टूबर 2007 को रुदौली जिले को बिना किसी मांग के फैजाबाद जनपद में शामिल कर दिया था। तब से अधिवक्ता लगातार जन आंदोलन कर रहे हैं ।बताया कि रुदौली जनपद का अभिन्न अंग रही है और फैजाबाद में शामिल किए जाने से जनमानष को काफी दिक्कत हो रही है। इसके साथ ही भूतल परिवहन सड़क मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद में दो हाईवे टोल टैक्स संचालित हैं जिसमें आए दिन अधिवक्ता गणों को मुख्यालय आना पड़ता है और

## टोल टैक्स माफी की मांग

उनसे भी वाहनों का टोल टैक्स वसूला जा रहा है जिसे फ्री किया जाना अति आवश्यक है। वकीलों ने इसके साथ ही जनपद को अयोध्या मंडल के स्थान पर लखनऊ मंडल में शामिल किए जाने की मांग की है बताया कि जनपद से लखनऊ मंडल की दूरी 23 किलोमीटर जब की अयोध्या मंडल की दूरी 100 किलोमीटर है ऐसी दशा में अधिवक्ताओं व वाद कारियों को सुलभ न्याय पाने हेतु काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।ज्ञापन से पूर्व जिला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ता गण कचहरी परिसर में एकत्रित हुए तथा जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए अयोध्या रोड पहुंचे और जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एडीएम को ज्ञापन सोपा। इस दौरान उपाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, मनोज कुमार सिंह अनुराग शुक्ला, देवराम यादव, अनूप कल्याणी,नवीन कुमार रस्तोगी , हिमालय जायसवाल दिवाकर सिंह सतीश पांडे, रमन लाल द्विवेदी देवेन्द्र यादव, मदन लाल यादव राकेश तिवारी, सी बी सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में एसडीएम ने सुना शिकायतें, आठ का निदान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों से कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं।राजस्व विभाग से 10, पुलिस विभाग से 12, विकास विभाग से 3, पूर्ति विभाग से 9, प्रोबेशन विभाग से 1, विद्युत विभाग से 3, जल निगम से 1 और बाल विकास पुष्टाहार विभाग से 1 शिकायत दर्ज की गई। कुल प्राप्त शिकायतों में से 8 का मौके पर निस्तारण किया गया। पूर्ति विभाग की 6 और राजस्व विभाग की 1 शिकायत का निपटारा किया गया।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. देव प्रताप सिंह, कोतवाल संतोष कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक और नायब तहसीलदार अनु सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि समाधान ऐसा हो कि पीड़ित को दोबारा शिकायत न करनी पड़े।

## बीमारी से पीड़ित युवक ने की आत्महत्या, दो दिनों से था लापता

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीमारी से त्रस्त एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।युवक का शव शनिवार सुबह गांव के बाहर आम के पेड़ से फंदे से लटकता मिला।सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सुलेनीपुर मजरे खिझना निवासी शनि मौर्य 18 पुत्र सियाराम का शव शनिवार सुबह गांव के बाहर आम के पेड़ पर गमछे से लटकता मिला।युवक शुक्रवार शाम को घर से लापता हो गया था परिवारजन युवक की तलाश कर रहे थे।शनिवार सुबह जब गांव के लोग खेतों को ओर निकले जहां रास्ते में आम के पेड़ से युवक का शव पेड़ से लटकता देखा,और मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि युवक न्यूरो की बीमारी ग्रस्त था। लखनऊ स्थित निजी अस्पताल से युवक इलाज भी चल रहा था। प्रथम दृष्टया युवक बीमारी से तंग आकर आत्महत्या करने की बात सामने आई है। मृतक शनि तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## हजारों कीमती जेवरात नगदी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के चंदीपुर गांव में बीती रात अज्ञात चोर करन कुमार यादव के घर से करीब 55 हजार कीमती सामान ले उड़े ।जिसमें 20 लीटर मेंथा तेल सोने की झुमकी व ?5000 नकद शामिल है।सूचना पर आई पुलिस ने जांच शुरू की पीड़ित ने एक आदमी पर शक जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दी है।थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया कि कार्यवाही की जा रही है।

## पंचायत भवन भेथरा माधव में चोरी, इन्वर्टर-बैट्री लेकर फरार हुए चोर

महमूदाबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना महमूदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेथरा माधव स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर इन्वर्टर बैट्री चोरी कर ली। चोर मुख्य गेट और कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। चोरी की जानकारी शनिवार सुबह उस वक्त हुई जब पंचायत सहायक पूनम भार्गव ड्यूटी पर पहुंचीं। उन्होंने तुरंत ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों को घटना की सूचना दी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार ने पुलिस चौकी सिरौली को सूचित किया, जिस पर चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, पंचायत सहायक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पंचायत भवन की सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की है।

## घुघंचाई निवासी युवती की उपचार के दौरान मौत, ई रिक्शा पलटने से युवती हुई थी घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचाई निवासी रामखिलौना पुत्र मिश्रीलाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया। कि 25 बर्षीय पुत्री प्रियंका शुक्रवार को भगौतीपुर मंदिर से ई रिक्शा से घर बापस लौट रही थी। इस दौरान ई रिक्शा में आधा दर्जन लोग सवार थे। आरोप है कि ई रिक्शा चालक लापरवाही से ई रिक्शा चला रहा था। जिसकी वजह से ई रिक्शा कढैया कनपारा के पास खाई में पलट गया था। हादसे में सभी लोग घायल हो गए थे जिसमें प्रियंका, अंजू, अंजली को अस्पताल में भर्ती कराया था। प्रियंका की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीएम एसपी ने पूर्ण मनोयोग से सुनी जन शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## तत्काल दुरुस्त हुई लिपिकीय त्रुटि की खतौनियां



रामसनेहीघाट बाराबंकी।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील रामसनेहीघाट में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम रामसनेहीघाट अनुराग सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जिले और तहसील स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा निम्नलिखित शिकायतकर्ताओं की समस्यायों का तत्काल निस्तारण कराया गया। डिग्सरी गांव के आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा खतौनी में नाबालिग से बालिग, शत्रोहन द्वारा खतौनी में त्रुटि के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गए प्रार्थना पत्र में खतौनी की त्रुटि को तत्काल दुरुस्त करवाया गया। आवेदक धनञ्जय का तत्काल राशनकार्ड, नीलम पत्नी राकेश के प्रार्थना पत्र पर कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित करवाया तथा सुनील कुमार सिंह निवासी सेमौर को तत्काल उनकी घरौनी प्रदान करवाई। शिकायतकर्ता राजेन्द्र प्रसाद नि. नियामतपुर द्वारा राजस्व टीम की उपस्थिति में खाली कराये गए चकमार्ग पर पुनः अतिक्रमण करने की शिकायत की गई जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम को टीम भेजवा कर पुनः अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए सम्बन्धित अतिक्रमणी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। फरियादी कुसुम तिवारी द्वारा धारा 24 अन्तर्गत अपने खेत की पैमाइश करवाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर उन्होंने सम्बन्धित कानूनगो को बुलाकर एक सफ्ताह के अन्दर खेत की पैमाइश करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी शिक़ायत कर्ताओं से सहजता से बात करें और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण करते समय अधिकारी शिकायतकर्ताओं से उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करके इस बात को भी सुनिश्चित कर ले कि शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि मिली है या नहीं, शिकायत निस्तारण का अंतिम पैमाना शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही है। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद के मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील रामसनेहीघाट में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 256 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें से 32 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील परिसर में कचनार व महोगनी का पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।बाराबंकी जिले में शनिवार को सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 648 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 60 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।इसी क्रम में तहसील फतेहपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। तहसील रामनगर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 89 प्रार्थना प्राप्त हुए, जिसमें से आज 14 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।नवाबगंज तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 134 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

# मुझे चुनौतियां पसंद हैं, मुझे जिम्मेदारी पसंद है : सिराज

एजेंसी



बर्मिंघम। घर के बाहर जब भी मोहम्मद सिराज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरते हैं तो उनमें एक अलग ही निखार देखने को मिलता है या यूं कहें वह एक अलग ही तरह से जिम्मेदारी लेते दिखते हैं। एजबस्टन में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को सिराज ने अपने टेस्ट करियर में तीसरी बार पारी में पांच या उससे अधिक विकेट लिए। मैच के बाद सिराज ने कहा कि जब भी चुनौती आती है तो उनको वह पसंद आती है, क्योंकि उन्होंने जिंदगी में भी काफी चुनौतियां झेली हैं। सिराज ने मैच के बाद जियो हॉटस्टार पर दीप दासगुप्ता से बातचीत में कहा, ''हां, बिलकुल जब आपके साथ आकाश दीप हो जो तीन-चार टेस्ट ही खेला हो, प्रसिद्ध कृष्णा हो जो दो-तीन मैच ही खेला हो, तो मेरे 38 मैच हो गए हैं, तो मैं जिम्मेदारी ले रहा था। मेरा भी मन करता है कि बोर्ड पर 600 रन हैं तो मैं कुछ अलग करूं, मेरा बस यही था कि दबाव बनाकर रखूं, अगर मुझे विकेट नहीं मिल रहा है तो जो मेरे साथ गेंदबाजी कर रहा है उसको विकेट मिले। घर के बाहर बुमराह के साथ खेलने पर सिराज की औसत 32.4 की है लेकिन जब वह बुमराह के बनिा उतरते हैं तो औसत 23.3 की हो जाती है। यानि बुमराह के बिना वह ज्यादा प्रभावित करते हैं। इसको लेकर उन्होंने कहा, ''ये तो केवल आंकड़ें है लेकिन मुझे चुनौतियां पसंद हैं, जहां से मैं आता हूं मैंने जिंदगी में काफी चुनौतियां झेली हैं, वहां से उबरकर आया हूं, तो मुझे चुनौतियां पसंद हैं। सिराज के लिए इंग्लैंड में यह पहली बार पारी में पांच विकेट हैं, इससे पहले वह दो बार एक विकेट से यह क़ामयाबी हासिल करने से चूक गए थे। लेकिन सिराज इस मुकाम को हासिल करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। सिराज ने कहा, ''मैं बहुत समय से इंतज़ार कर रहा था, गेंदबाज़ी अच्छी कर रहा था लेकिन पांच विकेट नहीं मिल पा रहे थे। लॉर्ड्स में भी चार विकेट थे, यहां पर भी पहले चार विकेट मेरे नाम थे। अब अच्छा लग रहा है। विकेट धीमा था और जिम्मेदारी मेरे पास थी। मैं बस एक ही जगह पर गेंद करने की कोशिश कर रहा था। मैं अपनी ओर से अधिक कुछ नहीं करने का प्रयास कर रहा था। इससे टीम में भी आत्मविश्वास आता है और माहौल भी बदल जाता है। भारत अभी भी मैच में 244 रनों से आगे है और पिच लगातार बेजान होती जा रही है, लेकिन सिराज जानते हैं कि उनको अगली पारी में किस तरह की गेंदबाजी करनी होगी। सिराज ने कहा, ''अभी तो मैच में हम बहुत आगे हैं, अभी यही कोशिश रहेगी कि बोर्ड पर जितना अधिक हो सके रन लगाएं।

### मैं शतक बनाने के लिए बेताब था: हैरी ब्रूक

बर्मिंघम। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि वह भारत के खिलाफ यहां चल रहे दूसरे टेस्ट में शतक बनाने के लिए बेताब थे , क्योंकि लीड्स में पहले मैच में अपनी टीम की पांच विकेट की जीत के दौरान वह दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे। दूसरे टेस्ट मैच में भारत के पहली पारी के 587 रन के जवाब में जब इंग्लैंड की टीम 84 रन पर पांच विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, तब ब्रूक (158) और जेमी स्मिथ (184) ने 303 रन की साझेदारी करके उसे संकट से उबारा। ब्रूक ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैं पहले टेस्ट की दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाया था और इसलिए मैं अच्छी शुरुआत करना चाहता था।'' इंग्लैंड का यह युवा बल्लेबाज पहले टेस्ट की पहली पारी में 99 रन पर आउट होने के बाद शतक से चूक गया था। उन्होंने कहा, ''मैं आज निश्चित रूप से शतक बनाने के लिए बेताब था। जाहिर है कि खेल की स्थिति को देखते हुए हम पीछे थे और स्मज (स्मिथ) के साथ मिलकर लय को अपने पक्ष में लाने का प्रयास करते हुए बड़ी साझेदारी निभाकर अच्छा लगा। मैच में अब भी भारत का पलड़ा भारी है। उसने पहली पारी में 180 रन की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बना लिए हैं, तथा उसकी कुल बढ़त 244 रन की हो गई है। ब्रूक ने कहा, ''हम अभी वापसी करने में सक्षम हैं और उम्मीद है कि हम इसमें सफल रहेंगे। अगर मैं आउट नहीं होता तो स्थिति अच्छी होती लेकिन हमने पहले टेस्ट मैच में देखा की स्थिति किस तरह से बदल जाती है।''

# ग्रैंड चेस टूर 2025: गुकेश ने ज़ाग्रेब में रैपिड खिताब जीता

एजेंसी




ज़ाग्रेब (क्रोएशिया)। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर 2025 के ज़ाग्रेब चरण में रैपिड खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को समाप्त हुए रैपिड सेक्शन में पोलैंड के जान-क्रिज़्टोफ डूडा दूसरे स्थान पर रहे।

गुकेश की शुरुआत पहले राउंड में हार के साथ हुई थी, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीत लिए, जिनमें एक जीत पूर्व विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ भी शामिल रही। इसके बाद गुकेश ने सातवें और आठवें राउंड में क्रमशः अनीश गिरी और इवान सारिच के साथ ड्रॉ खेला। अंतिम राउंड में उन्होंने अमेरिका के वेसली सो को हराकर रैपिड सेक्शन में कुल 14 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। डूडा 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कार्लसन ने 10 अंक जुटाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। भारत के ही आर. प्रज्ञानानंद ने 9 अंकों के साथ फैबियानो करूआना के साथ संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। अब प्रतियोगिता का ब्लिट्ज सेक्शन खेला जाएगा। रैपिड और ब्लिट्ज दोनों सेक्शनों के संयुक्त अंक के आधार पर समग्र विजेता का फैसला किया जाएगा। यह ग्रैंड चेस टूर 2025 का तीसरा टूर्नामेंट है। इससे पहले पोलैंड और रोमानिया चरण क्रमशः अप्रैल और मई में खेले गए थे। प्रज्ञानानंद ने रोमानिया के बुखारेस्ट में खिताब जीता था और वारसॉ, पोलैंड में तीसरे स्थान पर रहे थे। अमेरिका में अगस्त में दो और टूर्नामेंट होंगे, जबकि अंतिम चरण ब्राज़ील में सितंबर से अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों प्रारूप शामिल होंगे।

# दीप्ति शर्मा बनीं महिला टी 20 आई में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज़

एजेंसी




नई दिल्ली। लंदन के द ओवल में शुक्रवार को इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने करियर का 144वां विकेट लेकर महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज़ बनने का गौरव हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की पूर्व कप्तान निदा डार की बराबरी भी कर ली। महिला टी20आई में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की पूर्व तेज गेंदबाज़ मेगन शट के नाम है, जिन्होंने 151 विकेट लिए हैं। दीप्ति शर्मा महिला टी20आई में 100 विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज़ भी हैं। अब उनके बाद राधा यादव इस सूची में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय गेंदबाज़ बन गई हैं, जिन्होंने इस मैच में इंग्लैंड की स्टैंड-इन कप्तान टैमी ब्यूमोंट को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। 27 वर्षीय दीप्ति ने जनवरी 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20आई डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने अपने पहले चार ओवर के स्पेल में 19 रन देकर एक विकेट लिया था। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी प्रदर्शन 4 विकेट पर 10 रन है, जो उन्होंने नवंबर 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हासिल किया था।

# इंग्लैंड ने रोमांचक जीत से भारत का विजय अभियान रोका

एजेंसी




लंदन। भारत की बल्लेबाजी अंतिम क्षणों में लड़खड़ा गई जिससे इंग्लैंड ने तीसरे महिला टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से करीबी जीत दर्ज करके पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत रखा। किया ओवल में शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में इंग्लैंड बल्लेबाजी के पतन और खराब क्षेत्ररक्षण के बावजूद भारत को जीत की हैट्रिक लगाने और श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने से रोकने में सफल रहा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सोफिया डंकले (75) और डैनी व्याट-हॉज (66) ने पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी करके उसे शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन इंग्लैंड ने 25 गेंदों में 31 रन के अंदर नौ विकेट गंवा दिए और इस तरह से आखिर में नौ विकेट पर 171 रन बनाए। इसके जवाब में भारत एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहा था। स्मृति मंधाना (56) और शेफाली वर्मा (47) ने कई जीवनदान का फायदा उठाकर पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। लॉरेन फाइलर (2/30) ने 16वें ओवर में मंधाना को आउट करके इंग्लैंड की जीत की नींव रखी। सोफी एक्लेस्टोन (1/24), लॉरेन बेल (1/37) और इस्सी वोंग (1/36) ने एक-एक विकेट लेकर भारत को 20 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन पर रोक दिया। भारत को अंतिम गेंद पर छह रन की जरूरत थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (23) बेल की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हो गई। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, ''मैच 16वें ओवर तक हमारी पकड़ में था लेकिन हम इसका फायदा नहीं उठा पाए। ओस का भी असर पड़ा। हमने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हमें काफी कुछ सीखने को मिला।' उन्होंने कहा,' हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और क्षेत्ररक्षकों ने हमारा साथ दिया। उनकी अच्छी शुरुआत के बाद हमने शानदार वापसी की। उन्होंने अपनी रणनीति को बहुत अच्छे से अंजाम दिया। आखिर में हम सिर्फ एक बाउंड्री से चूक गए।' भारत की निगाहें इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टी20 सीरीज जीतने पर टिकी थीं, लेकिन डंकले और वायट-हॉज ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। डंकले ने 53 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि व्याट-हॉज ने अपनी 42 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। दीप्ति शर्मा (3/27) ने 16वें ओवर में डंकले को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। अरुंधति रेड्डी (3/32) ने 17वें ओवर में एलिस कैप्सी (02), वायट-हॉज और एमी जोन्स (00) को आउट करके इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। टैमी ब्यूमोंट (02) को राधा यादव (1/15) ने बोल्ड किया। श्री चरनी (2/43) ने पैगे स्कोल्फील्ड (04) और वोंग (00) को जबकि दीप्ति ने एक्लेस्टोन (10) और फाइलर (00) को आउट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ए के कप्तान संजय ने कहा, यूरोप दौरे से बेंच स्ट्रेंथ तैयार होगी

बेंगलुरू। भारत ए पुरुष हॉकी टीम के कप्तान संजय का मानना है कि यूरोप के आगामी दौरे में खिलाड़ियों को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत ए' पुरुष टीम आठ से 20 जुलाई तक होने वाले दौरे के लिए शनिवार सुबह नीदरलैंड के आइंडहोवन के लिए रवाना हुई। संजय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''इस दौरे से हमें अपने मजबूत और कमजोर पक्षों को समझने का मौका मिलेगा। हमारे पास अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। इससे हमें यह आकलन करने का मौका मिलेगा कि हमारे खिलाड़ी किस स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, '' इस तरह के अंतरराष्ट्रीय अनुभव से हमें टीम को मजबूत बनाने और सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी। भारतीय टीम अपने इस दौरे में यूरोप के तीन शहरों में कुल आठ मैच खेलेगी। वह आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के खिलाफ आइंडहोवन में दो-दो मैच, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ क्रमशः एम्सटेलवीन (नीदरलैंड) और एंटवर्प (बेल्जियम) में एक-एक मैच खेलेगी।

### सबालेंका ने स्थानीय दावेदार राडुकानु को दी शिकस्त

**लंदन।** शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने विम्बलडन में स्थानीय दावेदार एम्मा राडुकानु के शानदार सफर को विम्बलडन में 7-6(6) 6-4 की जीत के साथ रोक दिया। ऑल इंग्लैंड क्लब में दो बार की सेमीफाइनलिस्ट सबालेंका ने शुक्रवार रात को दोनों सेटों में 2021 यूएस ओपन चैंपियन के खिलाफ जोरदार वापसी की। राडुकानु 18 साल की उम्र में यूएस ओपन में एक क्वालीफायर के रूप में अपने खिताब के बाद से अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रही थीं। राडुकानु 74 मिनट के पहले सेट में एक समय 4-2 से आगे थी लेकिन सबालेंका ने अगले 12 में से 11 अंक हासिल कर 5-4 की बढ़त बना ली। राडुकानु इसके बाद टाईब्रेकर में भी 6-5 से आगे थी लेकिन सबालेंका ने शानदार वापसी कर अंतिम तीन अंक को जीत कर बढ़त कायम की। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने इसके बाद दूसरे सेट में ब्रिटेन की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिये। सबालेंका पिछले लगातार तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें उन्होंने पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन जीता था। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैडिसन कीज़ से और जून में फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ से हार कर उपविजेता रही थी।

### हरिद्वार की बेटी संगीता राणा जापान के हिमेजी में करेंगी स्वर्ण पदक की दावेदारी

**हरिद्वार।** हरिद्वार की अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर संगीता राणा ने आज तड़के जापान के हिमेजी शहर की धरती पर कदम रखे, जहां वे एशियन-अफ्रीकन-पैसिफिक मास्टर्स एंड क्लासिक पावरलिफ्टिंग एंड बेंच प्रेस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वे मास्टर-1 डिवीजन (69 किलोग्राम भार वर्ग) की क्लासिक व इक्विप्ड स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदकों के लिए मजबूत दावेदारी पेश करेंगी। अरुण कुमार पाठक ने बताया कि वर्ष 2023 में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रतिष्ठित तीलू रौतेली सम्मान और सुषमा स्वराज एवार्ड से सम्मानित संगीता राणा ने सेंट पीटर्सबर्ग (रूस) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में तीन पदक और अलमाटी (कजाखस्तान) में विश्वकप पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक, ओवरऑल चैम्पियनशिप और स्ट्रांग वूमैन के खिताब भी हासिल किए हैं। रानीपुर की टिहरी विस्थापित कॉलोनी की निवासी संगीता वर्तमान में अपने खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ कई बालक-बालिकाओं और युवा खिलाड़ियों को पावरलिफ्टिंग के गुर सिखा रही हैं। साथ ही, वह अपने दो पुत्रों को मातृत्व भी प्रदान कर रही हैं।

### भुल्लर और अजीतेश ने कट में जगह बनाई, नौ भारतीय चूके

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर और अजीतेश संधू ही 20 लाख डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में कट में जगह बना पाए, जबकि नौ अन्य खिलाड़ी आधे चरण में ही बाहर हो गए। एशियाई टूर पर सबसे सफल भारतीय गोल्फ खिलाड़ी भुल्लर ने अपने शुरूआती राउंड में 72 के बाद पार 73 का कार्ड बनाया और 36 होल के बाद उनका स्कोर एक अंडर 145 है, जिससे वह पार-73 रॉयल गोल्फ डार एस सलाम कोर्स पर संयुक्त 36वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले दो राउंड में 74 और 73 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर हो गया और वह संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। कट एक ओवर पर ही गया।

# रोजमर्रा की जरूरत के सामान पर मौसम का असर जून तिमाही में राजस्व वृद्धि दर घटने का अनुमान

एजेंसी



नयी दिल्ली। रोजमर्रा की जरूरत का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों का अनुमान है कि जून तिमाही में उनकी राजस्व वृद्धि प्रभावित होगी। उनका कहना है कि बेमौसम बारिश, गर्मियों की अवधि कम होना और प्रमुख कच्चे माल पर मुद्रास्फीति का दबाव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण ऐसा हो सकता है।

हालांकि, एफएमसीजी उद्योग ने तिमाही के दौरान मांग में क्रमिक सुधार देखा, जिसमें विशेष रूप से शहरी बाजारों में मात्रा के लिहाज से बिक्री तेजी से बढ़ी। मैरिको, डाबर और गोदरेज कंज्यूमर जैसी प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों का मार्जिन मानक स्तर से नीचे रहा, और उनका अनुमान है कि अप्रैल-जून में मात्रा के लिहाज से कम एक अंकों की वृद्धि होगी। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को उम्मीद है कि जून तिमाही में भारत के कारोबार से उसका मार्जिन 'मानक सीमा' से नीचे रहेगा, लेकिन मात्रा के लिहाज से बिक्री बढ़ने के कारण उच्च एक अंकों की मूल्य वृद्धि हो सकती है। दूसरी ओर डाबर के एकीकृत राजस्व में पेय पदार्थों की बिक्री उम्मीद से कम रहने के कारण कम एक अंकों की वृद्धि होने का अनुमान है। पेय पदार्थों की बिक्री बेमौसम बारिश और छोटी गर्मी के कारण प्रभावित हुई। हालांकि, डाबर को घर और निजी देखभाल खंड में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। इसी तरह, मैरिको को जून तिमाही में मामूली परिचालन लाभ की उम्मीद है, क्योंकि उसके कुछ प्रमुख कच्चे माल जैसे कि कोपरा में क्रमिक मुद्रास्फीति देखने को मिली। मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में ग्रामीण बाजार से सुधार के साथ लगातार मांग के रुझान देखे गए।

# जेन स्ट्रीट जैसी प्रॉप दिग्गज कंपनियां पीछे हटीं तो खुदरा व्यापार असर संभव: जेरोधा सीईओ

एजेंसी

नयी दिल्ली। जेरोधा के संस्थापक और सीईओ नितिन कामथ ने चेतावनी दी है कि अगर जेन स्ट्रीट जैसी प्रोपराइटरी ट्रेडिंग फर्म बाजार में अपनी भागीदारी कम करती हैं, तो खुदरा व्यापार गतिविधि प्रभावित हो सकती है। गौरतलब है कि ये फर्म विकल्प कारोबार में मात्रा के लिहाज से लगभग 50 प्रतिशत का योगदान देती हैं। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम का शेयर बाजारों और ब्रोकरों, दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कामथ ने एक्स पर कहा, जेन स्ट्रीट जैसी प्रॉप ट्रेडिंग फर्म का ऑप्शन कारोबार में मात्रा के लिहाज से लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा हैं। अगर वे पीछे हटती हैं, जो संभावित लगता है, तो खुदरा गतिविधि (करीब 35 प्रतिशत) भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए यह बाजारों और ब्रोकरों दोनों के लिए बुरी खबर हो सकती है। उन्होंने कहा, अगले कुछ दिन बता देंगे। एफएंडओ कारोबार की मात्रा यह बता सकती हैं कि हम इन प्रॉप दिग्गजों पर कितने निर्भर हैं। बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार की सुबह जारी एक आदेश में न्यूयॉर्क स्थित हेज फंड जेन स्ट्रीट (जेएस) को नकदी और वायदा एवं विकल्प बाजारों में दांव लगाकर सूचकांकों में हेरफ़ेर करने का दोषी पाया। सेबी ने इस हेज फंड को बाजार में प्रवेश करने से रोक दिया है और 4,843 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ जब्त कर लिया है। जांच में पाया गया है कि जनवरी 2023 से मई 2025 के दौरान जेएस ने शुद्ध आधार पर 36,671 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। कामथ ने कहा कि अगर जेन स्ट्रीट के खिलाफ आरोप सही हैं, तो यह बाजार में खुलेआम हेरफ़ेर है और शेयर बाजारों की चेतावनियों के बावजूद यह जारी रहा।

# पाकिस्तान, अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता का महत्वपूर्ण दौर संपन्न

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अमेरिका ने व्यापार वार्ता का महत्वपूर्ण दौर पूरा कर लिया है। शनिवार को समाचार पत्र 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के साथ पाकिस्तान की एक ऐसे समझौते पर सहमति बन गई है जो उसके प्रमुख निर्यात क्षेत्रों के भविष्य को आकार दे सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि दोनों पक्ष एक समझौते पर पहुंच गए हैं, लेकिन औपचारिक घोषणा तभी होने की उम्मीद है जब अमेरिका अन्य व्यापार साझेदारों के साथ चल रही इसी तरह की वार्ता पूरी कर लेगा। यह सहमति वाशिंगटन में वार्ता समाप्त होने की नौ जुलाई की समय सीमा से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बनी। वार्ता में वाणिज्य सचिव जवाद पाल ने पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, ताकि दीर्घकालिक जवाबी शुल्क समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। इस समझौते से पाकिस्तानी निर्यात, मुख्य रूप से वस्त्र और कृषि उत्पादों पर 29 प्रतिशत शुल्क को पुनः लागू होने से रोकेगा। इस वर्ष की शुरुआत में अस्थायी रूप से रोकी गई शुल्क राहत के समाप्त होने का खतरा था, यदि नौ जुलाई तक कोई प्रगति नहीं हुई। वार्ता से परिचित अधिकारियों ने कहा कि चार दिवसीय वार्ता सफल रही, जिसमें दोनों पक्ष एक व्यापक रूपरेखा पर सहमत हुए। इस समझौते पर हस्ताक्षर होने पर पाकिस्तान द्वारा अमेरिकी वस्तुओं ऽ विशेष रूप से कच्चे तेल के आयात में वृद्धि हो सकती है, तथा पाकिस्तान के खनन, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में अमेरिकी निवेश की संभावना बढ़ सकती है।

रेको डिक कॉपर और गोल्ड माइन तथा संबंधित ऊर्जा अवसंरचना जैसी परियोजनाएं चर्चा का केंद्र बिंदु रहीं। यह सौदा अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक के माध्यम से विस्तारित भागीदारी का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है।

# सरकार ने उपभोक्ताओं से बीआईएस प्रमाणित हेलमेट के उपयोग का आग्रह किया

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सड़क सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार को देशभर के उपभोक्ताओं से केवल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) प्रमाणित हेलमेट के उपयोग की अपील की। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बीआईएस प्रमाणीकरण के बिना हेलमेट के निर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आह्वान किया। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक भारत में सड़कों पर 21 करोड़ से ज़्यादा दोपहिया वाहन हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता गुणवत्ता पर निर्भर करती है। घटिया हेलमेट सुरक्षा से समझौता करते हैं और अपने उद्देश्य को विफल करते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो ने वित्त वर्ष 2024-25 में 500 से ज़्यादा हेलमेटों का परीक्षण करते हुए 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाए। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने नई दिल्ली में नौ निर्माताओं से 2,500 गैर-अनुपालन वाले हेलमेट जब्त किए गए, जिनके लाइसेंस समाप्त हो चुके हैं या रद्द कर दिए गए हैं। घटिया हेलमेट सुरक्षा से समझौता करते हैं और अपने उद्देश्य को विफल करते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, 2021 से एक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू किया गया है, जिसके तहत सभी दोपहिया सवारों के लिए बीआईएस मानकों (ॠ 4151:2015) के तहत प्रमाणित आईएसआई -चिह्नित हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

# आपकी प्रार्थनाओं का फल मिला, अभी 30 से 40 साल और जिऊंगा : दलाई लामा

## मैक्लोडगंज में शुरू हुआ दो दिवसीय जन्मदिवस समारोह, पहले दिन लंबी उम्र के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन

एजेंसी

धर्मशाला। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा तेंजिन ग्यात्सो ने कहा की कई भविष्यवाणियों को देखते हुए, मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है। मैंने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैं अभी 30 से 40 साल और जीऊंगा। धर्मगुरु ने कहा कि आपकी प्रार्थनाओं का अब तक फल मिला है और आगे भी इसी तरह मिलता रहेगा। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने यह बात उनके 90वें जन्मदिन से एक दिन पूर्व शनिवार को आयोजित प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए कही।

दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस को लेकर शनिवार से दो दिवसीय समारोह शुरू हो गया है। समारोह के पहले दिन शनिवार सुबह मैक्लोडगंज के मुख्य तिब्बती मंदिर चुगलाखांग में उनकी लंबी उम्र के लिए दो दिवसीय धार्मिक प्रार्थना सभा शुरू हुई। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन सीटीए द्वारा धर्मगुरु दलाई लामा की लंबी उम्र के लिए इस प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने कहा कि हालांकि हमने अपना देश खो दिया है और हम भारत में निर्वासन में रह रहे हैं, लेकिन यहीं मैं जीवों को काफी लाभ पंहुचाने में सक्षम रहा हूं। मैं जितना हो सके जीवों को लाभ पंहुचाने और उनकी सेवा करने का इरादा रखता हूं। तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने तिब्बती लोगों की ओर से केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) द्वारा उन्हें दी गई ''दीर्घायु प्रार्थना'' के लिए अपने सभी अनुयायियों के आभार जताया। प्रार्थना सभा में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और तिब्बत समर्थक रिचर्ड गेरे समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न संप्रदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले तिब्बती मूल के बौद्ध धार्मिक नेताओं ने भी भाग लिया और दलाई लामा को प्रार्थनाएं अर्पित कीं। इससे पूर्व दलाई लामा सुबह करीब 9:45 बजे अपने आवास से गोल्फ कार्ट से मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखांग पहुंचे। उम्र संबंधी कमजोरी के कारण दो सहायकों ने उनकी सहायता की। फिर भी, वे प्रसन्न दिखाई दिए और अपने लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करने के लिए एकत्र हुए लोगों का अभिवादन करने और उन्हें आशीर्वाद देने के लिए कई बार रुके। जॉर्जियाई कैलेंडर के अनुसार दलाई लामा का 90वां जन्मदिन 6 जुलाई को है, जबकि तिब्बती कैलेंडर के अनुसार यह उत्सव बीते 30 जून से शुरू हो गया है। इस बार उनके जन्मदिन के उत्सव को खास तौर पर धार्मिक प्रार्थनाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। धर्मगुरु दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस पर मैक्लोडगंज में तिब्बती समुदाय से ही करीब 10 हजार लोगों के जुटने की संभावना है। इसके अलावा वीआईपी सहित अन्य लोगों के भी मैकलोडगंज पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में खासकर ट्रैफिक और सुरक्षा की दृष्टि से जिला पुलिस कांगड़ा ने भी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस समारोह के दौरान 10 हजार से अधिक लोगों के मैक्लोडगंज धर्मशाला में जुटने की जानकारी है, जिसके चलते ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। ट्रैफिक प्लान को दो दिनों के लिए बदला गया है जिसके चलते स्थानीय लोगों से भी पुलिस को सहयोग की अपेक्षा है।



### किरेन रिजिजू ने दलाई लामा से लिया आशीर्वाद

नयी दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में तिब्बती धार्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। श्री रिजिजू ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के मैकलियोड गंज स्थित मुख्य मंदिर (त्सुकग्लागखांग) में परम पावन चौदहवें दलाई लामा के दीर्घायु प्रार्थना समारोह में शामिल हुआ। इस पवित्र अवसर पर उनका आशीर्वाद पाकर अभिभूत हूं।

# वैश्विक केंद्र बन रहा है भारत का फार्मा तथा चिकित्सा अनुसंधान : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को समय की मांग बताते हुए कहा है कि भारत फार्मा और चिकित्सा अनुसंधान के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है इसलिए स्वास्थ्य सेवा प्रणाली गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती होनी आवश्यक है। श्री बिरला ने इनोवेटिव फिजिशियन फोरम-आईपीएफ के 7वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सफलतापूर्वक बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि इन सेवाओं का लाभ देश के हर नागरिक को मिले। उनका यह भी कहना था कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में की गई पहलों से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक समावेशी और रोगी-केंद्रित बनाया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता, डिजिटल स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों और किफायती उपचार विकल्पों में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए इस क्षेत्र में हुए कार्यों की सराहना की और कहा कि न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल इकोसिस्टम के निर्माण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता है। फोरम को चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम शोध, उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचारों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए उन्होंने कहा कि इस मंच से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस जैसे उपकरणों का उपयोग स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने और चिकित्सा में वर्तमान तथा भावी चुनौतियों का समाधान करने उपाय खोजने के लिए किया जा सकता है। लोकसभा अध्यक्ष ने देश की चिकित्सा प्रणाली से जुड़े लोगों और इस क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद, डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण और सेवा ने भारत को कोविड-19 वैश्विक महामारी का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने और सफल उपचार प्रदान करने में सक्षम बनाया और कहा कि इस दौरान हुए विशिष्ट शोध कार्यों ने साबित कर दिया है कि भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की विश्वसनीयता प्रमाणिक है। उन्होंने दवाओं के निर्माण, वैक्सीन उत्पादन और अत्याधुनिक बायोमेडिकल अनुसंधान में देश की बढ़ती क्षमताओं का जिक्र करते हुए कहा कि भारत फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। उनका कहना था कि भारत की सशक्त वैज्ञानिक प्रतिभा, सुदृढ़ अनुसंधान सुविधाएं और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में न केवल देश की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है बल्कि वैश्विक चुनौतियों के समाधानों पर भी काम हो रहा है।

# अर्जेन्टीना में भारतीय संस्कृति की झलक देख भावुक हुए मोदी

एजेंसी

ब्यूनस आयर्स/नई दिल्ली। अर्जेंटीना में भारतीय समुदाय द्वारा किये गये स्वागत से भावविभोर हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश से हजारों किलोमीटर दूर भारतीय संस्कृति की झलक देखकर मन भावुक हो गया।

पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में श्री मोदी शनिवार सुबह ब्यूनस आयर्स पहुंचे जहां बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोगों ने कथक और अन्य नृत्य शैलियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, सांस्कृतिक संपर्क के लिए दूरी कोई बाधा नहीं है! ब्यूनस आयर्स में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए शानदार स्वागत से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह देखना वास्तव में भावुक करने वाला है कि भारतीय समुदाय की बदौलत घर से हजारों किलोमीटर दूर भी भारत की भावना की झलक दिखायी दे रही है। प्रधानमंत्री की अर्जेंटीना यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और दोनों देशों के बीच सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना है। वह अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंत्रण पर आधिकारिक यात्रा पर यहां आये हैं। अर्जेंटीना में लिथियम, तांबा और अन्य दुर्लभ तथ्वों तथा महत्वपूर्ण खनिजों का भंडार है। अर्जेंटीना में अवसादी चट्टानों में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गैस और चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार भी है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2018 में जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए अर्जेन्टीना आए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की अर्जेंटीना की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, हमारे देशों के बीच स्थायी मित्रता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधिकारिक यात्रा पर अर्जेंटीना के शहर ब्यूनस आयर्स पहुंचे हैं। हवाई अड्डे पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। यह 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की अर्जेंटीना की पहली द्विपक्षीय यात्रा है जो भारत-अर्जेंटीना संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ती है।



# बीस साल बाद एक साथ नजर आए उद्धव और राज ठाकरे

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के तहत करीब दो दशक बाद चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे करीब 20 साल बाद महाराष्ट्र और मराठी-मानुष के मुद्दे पर शविवार को मंच पर नजर आये।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता ठाकर बंधुओं के मिलन को बहुत उत्सुकता से देख रहे हैं। इस ऐतिहासिक मिलन से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े बदलाव की अटकलें लगाई जा रही हैं। श्री उद्धव ठाकरे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)पार्टी के प्रमुख हैं और उनकी पार्टी एमवीए की सहयोगी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के संस्थापक अध्यक्ष राज ठाकरे फिलहाल किसी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। श्री राज ठाकरे ने श्री उद्धव से मतभेद के बाद वर्ष 2005 में श्री बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से बाहर हो गए थे और वर्ष 2006 में उन्होंने मनसे का गठन किया था। वर्ष 2026 में शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 100वीं जयंती और शिवसेना का 60वां स्थापना वर्ष होगा। श्री बालासाहेब ठाकरे 23 जनवरी 1926 को शिव सेना का गठन किया था। विभाजन के कारण यह पार्टी दोराहे पर खड़ी है, जो कभी राज्य की राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखती थी। महाराष्ट्र में 25 साल से अधिक समय से गठबंधन की राजनीति चलन में रही है। प्रतिष्ठित शिवाजी पार्क से श्री बालासाहेब ठाकरे ने 30 अक्टूबर, 1966 को अपनी पहली दशहरा रैली में '80 टके समाज-करण, 20 टके राज-करण' (80 प्रतिशत सामाजिक कार्य, 20 प्रतिशत राजनीति) का संदेश दिया था। मौजूदा समय में चचेर ठाकरे बंधु अपनी-अपनी पार्टियों के पुनरुद्धार के लिए 'पुराने धर्रे पर लौटने' की योजना बना रहे हैं। दोनों पार्टियों ने वर्ष 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। शिवसेना की राजनीतिक यात्रा में चार प्रमुख विद्रोह हुए हैं। इस में पहला श्री छगन भुजबल (1991), उसके बाद श्री नारायण राणे (2005), फिर श्री राज ठाकरे (2005-06) और अंत में श्री एकनाथ शिंदे (2022) ने बगावत की। मौजूदा समय में श्री शिंदे के पास 'धनुष-बाण' चुनावी चिह्न वाली 'असली' शिव सेना है। श्री राज ठाकरे ने नौ मार्च, 2006 को मनसे का गठन किया था और उनका चुनाव चिह्न 'रेलवे इंजन' है जबकि श्री उद्धव ठाकरे शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख हैं और उनका चुनाव चिह्न 'मशाल' है। श्री शिंदे ने श्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार को गिरा दिया थी। श्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में कांग्रेस और अविभाजित शिवसेना और श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल थी। शिवसेना से अलग होने के बाद श्री शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाकर मुख्यमंत्री बने थे और पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बने थे। एक साल बाद श्री अजित पवार ने अपने चाचा श्री शरद पवार के खिलाफ बगावत की और उपमुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा से हाथ मिला लिया।

पार्टी के लिए वर्ष 2024 का साल मिलाजुला रहा। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में एमवीए ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ (आरएसएस) के समर्थन से श्री फडणवीस ने बाजी पलट दी। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना मुश्किल से 20 सीटें जीत पाई, जबकि मनसे अपना खाता भी नहीं खोल पायी।



## ट्रंप के टैरिफ के सामने मोदी का झुकना तय : राहुल

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल जो भी दावे करें लेकिन यह तय है कि श्री मोदी दबाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की शर्तों के सामने घुटने टेक देंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा पीयूष गोयल चाहे जितनी चाहें छाती पीट लें, लेकिन मेरी बात पर ध्यान देना कि श्री मोदी ट्रम्प की टैरिफ डेडलाइन के आगे झुक जाएंगे। कंग्रेस नेता ने इसके साथ ही श्री गोयल के बयान पर छपी एक खबर की कतरन भी पोस्ट की है जिसमें वह दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार के लिए अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के दौरान यूएस टैरिफ की तय सीमा से ज्यादा महत्वपूर्ण भारत का हित है। श्री गांधी की यह प्रतिक्रिया वाणिज्य मंत्री के उस बयान पर आई है जिसमे श्री गोयल ने कहा है कि भारत ने कभी व्यापार समझौते या उसके

# रूस उस पर लगाये गये प्रतिबंधों से निपटने में सक्षम: ट्रम्प

एजेंसी

मॉस्को/ वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्वीकार किया है कि रूस का नेतृत्व उसके खिलाफ लगाये गये पश्चिमी प्रतिबंधों से निपटने में सक्षम रहा है।

श्री ट्रम्प ने कहा कि हाल ही में रूस के हमले के मद्देनजर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को पता है कि उनके खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंध आने वाले हैं। श्री ट्रम्प ने विमान 'एयर फोर्स वन' में संवाददाताओं से कहा, वह (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) प्रतिबंधों से निपटने में सक्षम रहे हैं। श्री ट्रम्प ने कहा कि श्री पुतिन के साथ हाल ही में हुई उनकी बातचीत में रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का विषय विस्तार से उठाया गया था। हम प्रतिबंधों के बारे में बहुत बात करते हैं। हां, मैं कहूंगा कि वह इससे रोमांचित नहीं हैं... वह यह समझते हैं कि यह आ सकता है और आप जानते हैं, वह एक पेशेवर हैं। यह बयान रूस द्वारा यूक्रेन पर रात में ड्रोन और मिसाइलों के हमलों के बीच आया है, जो युद्ध में रूस के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक है। इस दौरान उसने यूक्रेन की राजधानी कीव पर सीधे 550 ड्रोन और 11 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियां हालांकि उनमें से अधिकांश को रोकने में सक्षम रहीं, लेकिन 72 से अधिक प्रक्षेपास्त्र प्रणालियों को धता बताकर यूक्रेन के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने में कामयाब रहे। श्री ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह श्री पुतिन के साथ तीन जुलाई को अपनी टेलीफोन पर हुई बातचीत से 'बहुत नाखुश' थे। रूस की सरकारी मीडिया तास की रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रम्प ने कहा, ल्ल वह लोगों को मारना चाहते हैं। यह अच्छा नहीं है। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने रूस के खिलाफ और भी बड़ी कार्रवाई करने का आह्वान किया था तथा पश्चिम से रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया।

गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन को भेजे जानी वाली हथियार प्रणालियों की एक खेप को निलंबित कर दिया था, जिसमें पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलें, जीएमएलआरएस सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री, हेलफायर निर्देशित मिसाइलें और स्टिंगर पोर्टेबल एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम शामिल थे। घरेलू आपूर्ति की कमी का हवाला देते हुए अमेरिका ने यूक्रेन को बड़ा झटका दिया, जिसकी हथियार आपूर्ति कम चल रही है।

# पेज एक का शेष

### बिहार में मतदाता...

है। आयोग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि लगभग 94 प्रतिशत मतदाताओं को गणना फॉर्म वितरित किये जा चुके हैं, जिन्हें कर पुनरीक्षण के लिए अधिकारियों के पास जमा कराया जाना है। विज्ञप्ति में कहा गया है, ल्ल आज (शनिवार) शाम छह बजे तक 1,04,16, 545 गणना फॉर्म प्राप्त हुये हैं, जो 24 जून, 2025 तक बिहार में कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) मतदाताओं की संख्या का 13.19 प्रतिशत है। वितरित किये गये फॉर्मों का काम भी बढ़कर 93.57 प्रतिशत तक पहुंच गया है और अब तक 7,38,89,333 फॉर्म वितरित किये जा चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, ल्ल सभी के सहयोग से और पूरी पारदर्शिता के साथ, बिहार की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण तय समय सीमा में ही पूर्ण किया जायेगा। आयोग ने कहा है कि बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), बीएलओ सुपरवाइजर, सभी चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए और स्वयंसेवक जमीनी स्तर पर अथक परिश्रम कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाये। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 77,895 बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को उनके गणना फॉर्म भरने और उन्हें एकत्र करने में मदद कर रहे हैं। बहुत से मामलों में, बीएलओ मतदाताओं की लाइव तस्वीरें ले रहे हैं और उन्हें अपलोड कर रहे हैं, जिससे मतदाता को अपनी तस्वीरें क्लिक करने की परेशानी से बचा जा रहा है। आंशिक रूप से भरे गये फॉर्म आयोग के पोर्टल वोटरर्स .ईसीआई.जीओवी.इन के साथ-साथ ईसीआईनेट ऐप पर भी डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं और भरे हुए फॉर्म को मतदाता स्वयं इसीआईनेट ऐप पर अपलोड कर सकते हैं।

आयोग ने कहा है कि प्रक्रिया को सुचारू और समय पर पूरा करने के लिए 20,603 बीएलओ, लगभग चार लाख स्वयंसेवक, 239 मतदाता पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), 963 सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), 38 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) मतदाताओं को उनके फॉर्म जमा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए जमीनी स्तर पर मौजूद हैं। इस काम में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1,54,977 बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) भी लोगों को सक्रिय सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### 'फूल' मंडी...

बल दिया। महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने मंडी परिषद की सभी प्रधान कृषि मंडी स्थलों में 'शबरी कैंटीन' स्थापित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि इन कैंटीनों का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि सेवा भावना के साथ सस्ता, स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट भोजन सुनिश्चित करना होना चाहिए। भूमि मंडी परिषद द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए और संचालन गैर-सरकारी या स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस योजना का मूल भाव 'सेवा' हो, 'व्यापार' नहीं। इससे मंडियों में आने वाले किसानों, श्रमिकों और आगंतुकों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार नई मंडियों की स्थापना की जाए और इसके लिए पीपीपी मॉडल पर संभावनाएं तलाश कर योजनाएं बनाई जाएं। साथ ही, लखनऊ के विकल्प खंड, गोमतीनगर में एग्रीमॉल के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक देरी पर जिम्मेदारों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडी परिषद की कुल आय 1994.55 करोड़ रही है, जो कि 2023-24 की तुलना में 16.2 प्रतिशत अधिक है। यह परिषद की आर्थिक स्थिति में सुधार का स्पष्ट संकेत है।

### लालू यादव 13वीं...

तक पार्टी का सफल नेतृत्व किया है। उनकी अगुवाई में पार्टी ने सामाजिक न्याय और गरीबों की आवाज को बुलंद किया है। अब 13वीं बार अध्यक्ष बनना पूरे कार्यकर्ता वर्ग के लिए गर्व की बात है। लालू यादव ने 1997 में जनता दल से अलग होकर राजद का गठन किया था और तभी से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। बीते 28 वर्षों में उन्होंने पार्टी को कई उतार-चढ़ाव से निकालते हुए राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से खड़ा रखा है। इस बैठक को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

### महाराष्ट्र में हिंदी...

है। जल जीवन मिशन तो कोई योजना ही नहीं है। यह भाजपा के लूट का मिशन थी। टंकियां गिर रही है। कहीं पानी नहीं पहुंचा। इस योजना का कोई लाभ नहीं हुआ, बहुत भारी भ्रष्टाचार हुआ। इसी तरह से सड़कों के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ हैं गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे सात हजार करोड से ज्यादा का बना है। लोग बता रहे हैं कि सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो रहे है, सड़क धंस रही हैं। दरअसल मुख्यमंत्री जी इन कामों के एक्सपर्ट नहीं है। वे जिस काम के एक्सपर्ट है उनसे वही काम कराना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में नौकरी, रोजगार के लिए काम नहीं हो रहा है। बड़े-बड़े प्रोजेक्ट बनाकर भ्रष्टाचार करके पैसे बनाने का खेल चल रहा है। भाजपा गरीबों को शिक्षा से दूर करने की साजिश कर रही है। प्राइमरी स्कूल बंद कर रही है। भाजपा चाहती है महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर उससे कोई सवाल न करें। जब गरीब नहीं पढ़ेगा तो सवाल भी नहीं करेगा। स्कूल बंद हो जाएगा तो बच्चियां कैसे पढ़ने जाएंगी। उन्होने कहा कि भाजपा चुनाव में वोटर लिस्ट को लेकर धांधली करती है। भाजपा हर चुनाव में बेईमानी का नया तरीका लेकर आती है। हम समाजवादियों की नजर वोटर लिस्ट पर हैं सभी नेता कार्यकर्ता वोटर लिस्ट ठीक करें। इस मौके पर लखीमपुर में तेंदुए से लड़ने वाले साहसी मजदूर मिही लाल गौतम को बुलाकर सम्मानित किया गया। पिछली 24 जून को मिही लाल ग्राम सभा बबुरी भट्ठे पर गया था वहां छुपे तेदुएं ने उस पर अचानक हमला कर दिया। गौतम का कहना था कि उसके सामने जीवनमरण का प्रश्न था उसने फिर तेंदुए से भिड़ जाना ही ठीक समझा। मिही लाल को दो लाख रुपये का चेक देकर राज्य सरकार से भी आर्थिक मदद किये जाने की मांग की। श्री गौतम की पत्नी पुष्पा देवी, बेटा संजय कुमार और भांजा राजेश कुमार ने भी साथ में भेंट की। प्रेस कंफ्रेंस में सांसद आनन्द भदौरिया, सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक ओम प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व एमएलसी अरुण शंकर शुक्ला अन्ना, पूर्व विधायक मोहम्मद अशरफ खां समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

### मसूद अजहर...

संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था। उल्लेखनीय है कि भारत मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद को सौंपने की लगातार मांग करता रहा है लेकिन पाकिस्तान इन दोनों के वहां सक्रिय होने के सबूतों के बावजूद वहां इनकी मौजूदगी से इनकार कर रहा है। वर्ष 1999 में कंधार विमान अपहरण के बाद आईसी-814 के यात्रियों को छोड़ने के बदले अजहर को रिहा किया गया था। हाफिज सईद के आज़ाद होने के बारे में न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट पर एक सवाल के जवाब में श्री भुट्टो ने कहा, ''यह सही नहीं है। यह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है कि हाफिज सईद एक आज़ाद व्यक्ति है। वह पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है। जहां तक मसूद अजहर का सवाल है, हम उसे गिरफ्तार करने या उसकी पहचान करने में असमर्थ रहे हैं। अफगान जिहाद के संदर्भ में उसके अतीत को देखते हुए हमारा मानना है कि वह अफगानिस्तान में है।'' भारत ने कई बार पाकिस्तान से अनुरोध किया था कि वह 2008 के मुंबई हमलों के सरगना हाफिज सईद को भारत में मुकदमे के लिए प्रत्यर्पित करे, लेकिन सईद को उसके और उसके करीबी सहयोगियों के खिलाफ 23 प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जुलाई 2019 में आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। आतंकवाद निरोधी अदालत ने आतंकवाद के वित्तपोषण के दो मामलों में अप्रैल 2022 में उसे कुल मिलाकर 33 साल कैद की सजा सुनाई थी। हाफिज सईद को भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और 26/11 के मुंबई हमलों में उसकी कथित संलिप्तता के लिए अमेरिका ने उस पर एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का इनाम रखा है।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने राज्य में अपराधों को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा

■ अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में लगातार हो रहे अपराधों को लेकर शनिवार को अपने आवास पर पुलिस महानिदेशक और अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। एक तरफ प्रदेश में विधापसभा चुनाव कर सरगर्मियां तेज हो गई हैं वहीं बढ़ते अपराधों को लेकरराजनीतिक दल नीतीश कुमार पर हमलावर हैं और उनसे कानून व्यवस्था के बाबत सवाल खड़े कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों और पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में मुख्यमंत्री को पुलिस महानिदेशक ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उद्योगपति गोपाल खेमका की हुई हत्या के संबंध में पुलिस महानिदेशक से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपराध के कारणों की पूरी तहकीकात कर दोषी की पहचान करें और बिना किसी भेदभाव के उन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। यदि आपराधिक घटना के पीछे किसी प्रकार की साजिश है तो उसकी भी जांच की जाय और जांचोपरांत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध करनेवाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाय। उन्होंने कहा कि घटित आपराधिक घटनाओं के अनुसंधान कार्यों में तेजी लाये और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर त्वरित कार्रवाई हो सके। कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस और प्रशासन पूरी मुश्तैदी से कार्य करें। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को सीवान में तीन लोगों की तलवार और फरसा से काटकर हत्या कर दी गई, जबकि पटना के प्रसिद्ध व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## लालू यादव 13वीं बार बने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव की एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शनिवार को ताजपोशी हुई। उनका कार्यकाल 2028 तक का होगा। लालू यादव 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। उन्हें पार्टी नेताओं ने प्रमाण पत्र और पुष्प गुच्छ देकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की बधाई दी। राजद की राष्ट्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आज पटना के बापू सभागार में चल रही है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे कर रहे हैं। इससे पूर्व लालू यादव को 13वीं बार राजद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की घोषणा की गयी और मंच पर उन्हें प्रमाण पत्र और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी गयी। लालू यादव ने 23 जून को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था। उनके खिलाफ किसी और ने नामांकन नहीं किया। इसलिए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जिसकी औपचारिक घोषणा की गयी। पहले यह चर्चा थी कि लालू प्रसाद पार्टी की कमान अपने बेटे तेजस्वी यादव को सौपेंगे, लेकिन अब उन्हें इंतजार करना होगा।

## मुख्यमंत्री रेखा ने पीतमपुरा में सड़क, सीवर और स्ट्रीट लाइट्स का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पीतमपुरा के वीपी ब्लॉक और सीपी ब्लॉक में नव निर्मित सड़कों और बीयू ब्लॉक में सेंटर पार्क के नजदीक नई सीवर लाइन और स्ट्रीट लाइट्स का लोकार्पण कर उन्हें क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आज विकास सिर्फ आंकड़ों में नहीं, बल्कि लोगों के दैनिक जीवन में अनुभव किया जाता है। चाहे वो बरसात के मौसम में जलजमाव से राहत हो या रात के समय बेटियों की सुरक्षित आवाजाही, हर पहल इस भावना से जुड़ी है कि सुविधाएं अब दिल्लीवासियों का अधिकार है। दिल्ली में अब विकास का मतलब हर दरवाजे तक रोशनी, हर सड़क तक सुविधा और हर चेहरे पर विश्वास है।

उन्होंने कहा कि ये सुगम आवागमन, प्रभावी जल निकासी और रात्रिकालीन सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त और संवेदनशील पहल है। हर कॉलोनी की जरूरत को समझना, हर समस्या का स्थायी समाधान खोजना और हर नागरिक को एक सुविधाजनक, सुरक्षित जीवन देना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है।

# संक्षिप्त समाचार

### मीरी पीरी दिवस पर गुरमत समागम का आयोजन

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी)ने सिखो के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब के मीरी पीरी दिवस के अवसर पर यहां शनिवार को अकाल तख्त साहिब पर गुरमत समागम का आयोजन किया। समागम में एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी, तख्त श्री केशगढ़ साहिब के जत्थेदार और श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज और अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के हजूरी रागी जत्था ने गुरबाणी कीर्तन किया और अरदास के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी गुरमुख सिंह द्वारा संगत को पवित्र हुकमनामा सुनाया गया। समागम को संबोधित करते हुए जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने संगत को मीरी पीरी दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छठे गुरु ने सिख कौम को मीरी पीरी के सिद्धांत से जोड़कर जो रास्ता दिखाया है, वह धर्म पर चलते हुए सच्चाई की राजनीति के जरिए दीन-दुखियों की रक्षा करने का है। उन्होंने कहा,ल्ल दुनिया में माना जाता है कि धर्म और राजनीति अलग-अलग हैं, लेकिन गुरुओं ने सिखों को एक अनूठा सिद्धांत दिया। श्री गुरु नानक देव जी ने मीर को जुल्म के रास्ते पर चलने से मना किया और पीर को पाखंड और कर्मकांड को त्याग कर ईश्वर से जुड़ने की प्रेरणा दी। श्री गुरु नानक साहिब जी के सिद्धांतों के अनुसार गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने धर्म और राजनीति को एक साथ लाया और मीरी पीरी की तलवारें धारण करके अध्यात्म के साथ सिखों को राजनीतिक सत्ता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।ङ्क उन्होंने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह ने गुरु के सिद्धांतों पर चलते हुए न्याय का ऐसा राज दिया, जैसा दुनिया में कहीं नहीं मिलता। उन्होंने सिख संगत से एकजुट परिवार की तरह रहने और गुरु साहिब के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस दौरान श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी की मीरी पीरी कृपाणें भी संगत को दिखाई गईं। एसजीपीसी अध्यक्ष ने सिख कौम को मीरी पीरी दिवस पर बधाई देते हुए कहा, छठे गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत के बाद छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद जी ने सैद्धांतिक रूप से धर्म आधारित राज्य की अवधारणा को बढ़ावा दिया और मीरी और पीरी की दो तलवारें धारण कीं। जहां श्री गुरु अर्जन देव जी ने शांतिप्रिय रहकर जुल्म का विरोध करते हुए शहादत प्राप्त की, वहीं श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने सशस्त्र खालसाई सेना बनाकर जुल्म का मुंहतोड़ जवाब दिया।

### सुखबीर सिंह बादल को तनखइया घोषित करना तख्त पटना साहिब के अधिकार से परे: हरजिंदर सिंह धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के पंज प्यारे साहिबानों की ओर से शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को तनखइया (धार्मिक सजा) घोषित करने के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे पंथ में भ्रम पैदा करने वाली और अधिकारों से बाहर की कार्रवाई करार दिया है। एडवोकेट धामी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि खालसा पंथ की परंपरायें और रीति-रिवाज राष्ट्र के मुद्दों को हल करने के लिए हैं, न कि राष्ट्रीय संकट पैदा करने के लिए। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को नजरअंदाज करना उचित नहीं है, और ऐसी कार्रवाई से राष्ट्र के भीतर आत्मग्लानि का माहौल पैदा होगा। उन्होंने कहा कि हालांकि तख्त श्री पटना साहिब का सिख जगत में बहुत सम्मान है, लेकिन पंथिक मामलों पर विचार करने का अधिकार केवल श्री अकाल तख्त साहिब को है। एडवोकेट धामी ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के नेतृत्व में पांच सिंह साहिबों द्वारा एक साथ बैठकर किसी भी पंथिक मामले पर फैसला लेने की लंबी ऐतिहासिक परंपरा रही है। यह परंपरा दुनिया में सिख समुदाय को ऊंचा उठाती है। उन्होंने कहा कि अगर श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को अन्य तख्त साहिबों से चुनौती मिलने लगे तो इसे सिख परंपराओं की मौलिकता और समृद्धि के अपमान से कम नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा, ल्ल मौजूदा मुद्दे को लेकर हमें मिलजुल कर बैठना चाहिए और समाधान की ओर बढ़ना चाहिए, ताकि राष्ट्र के अंदर दिखायी दे रहे संघर्ष की बजाय सिख शक्ति का प्रयोग राष्ट्रीय हितों, राष्ट्र की उन्नति और सिख प्रचार के लिए किया जा सके।

### जीप के नहर में गिरने से प्रवासी लड़के की मौत

**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में गढ़शंकर-कोट फतूही मार्ग पर रावलपिंडी गांव के निकट शुक्रवार रात को एक महिंद्रा पिकअप जीप के नहर में गिर जाने से प्रवासी परिवार के 15 वर्षीय लड़के की मौत हो गयी। जीप में करीब 25 प्रवासी मजदूर सवार थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को हुई, जब एक आवारा पशु को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन रावलपिंडी मोड़ के पास बिस्त दोआब नहर में जा गिरा। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी आकाश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अन्य यात्रियों को राहगीरों ने बचा लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़शंकर के सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### मतदाता सूची पर प्रभात यादव का सवाल लोकसभा में मान्य, विधानसभा में क्यों आपत्ति

अररिया। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची को लेकर छिड़े विवाद पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि राज्य के अनेक नागरिकों के पास आज भी जन्म प्रमाणपत्र नहीं है और वर्तमान प्रक्रिया में जन्म प्रमाण पत्र के बिना उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ना लगभग असंभव हो गया है। प्रभात यादव ने स्पष्ट किया कि यदि चुनाव आयोग ने इस मुद्दे पर शीघ्र पुनर्विचार नहीं किया तो जिले के लगभग 30 प्रतिशत मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर ग्रामीण इलाकों और गरीब तबकों में आज भी बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं जिनके पास न तो जन्म प्रमाणपत्र है और न ही डिजिटल दस्तावेज़ बनवाने की कोई सुविधा। मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। यह वही मतदाता सूची है जिसके आधार पर एक साल पूर्व शांतिपूर्ण रूप से लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए थे। अब उसी सूची को विधानसभा चुनाव के लिए अधूरी और अविश्वसनीय बताकर प्रश्नचिह्न खड़े किए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में करोड़ों मतदाताओं ने जिन सूचियों के अनुसार मतदान किया, चुनाव आयोग ने जिन्हें प्रमाणिक माना, वही सूची अब त्रुटिपूर्ण कैसे मानी जा रही है, यह सवाल हर आम मतदाता के मन में उठ रहा है।

## मुख्यमंत्री धामी ने टनकपुर से कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चम्पावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टनकपुर स्थित पर्यटन आवास गृह से कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यात्रियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया और उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े स्मृति चिह्न भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने 11 राज्यों से आए सभी 45 श्रद्धालुओं से संवाद कर उनका देवभूमि उत्तराखंड में हार्दिक स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता, यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग है। उन्होंने कहा श्रद्धालु इस अद्वितीय यात्रा के सहभागी बनकर केवल यात्रा नहीं, बल्कि समर्पण की अनुभूति लेकर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ संकल्प से कैलाश मानसरोवर यात्रा सीमाओं को लांघते हुए शिव से साक्षात्कार का सशक्त माध्यम बन गई है। पहले जिस यात्रा में सात दिन या उससे अधिक का समय लगता था, अब वह कुछ ही घंटों में संभव हो सकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार इस यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है। प्रत्येक पड़ाव पर स्वास्थ्य, आवास, भोजन, सुरक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुदृढ़ की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ से सभी यात्रियों की सफल, मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने चम्पावत वासियों के आत्मीय व्यवहार के लिए आभार व्यक्त किया और यात्रा को स्मरणीय व सुरक्षित बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, आईजी आईटीबीपी और जन सम्पर्क अधिकारी कैलाश मानसरोवर यात्रा संजय गुंजियाल, पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं मंडल रिद्धिम अग्रवाल,प्रबंध निदेशक कुमाऊं मंडल विकास निगम विनीत तोमर, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक चम्पावत अजय गणपति मौजूद थे। बता दें कि कोरोना काल में यात्रा रोक दी गई थी, जो पांच साल बाद फिर शुरू हो पाई है।

### मुख्यमंत्री धामी ने की धान रोपाई, किसानों के श्रम को किया नमन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कुमाऊं दौरे पर हैं। शनिवार सुबह उन्होंने खटीमा के नगरा तराई क्षेत्र में अपने खेतों में किसान बनकर उतरे। इस दौरान उन्होंने खेत जोतकर धान की रोपाई की और किसानों के श्रम, त्याग और समर्पण को करीब से महसूस किया। मुख्यमंत्री धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर इस खास पल को तस्वीरों के साथ साझा करते हुए लिखा, ''अन्नदाता न केवल हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति और परंपराओं के संवाहक भी हैं।''

### दक्षिणपुरी में बंद मकान से मिले चार बेहोश युवक, तीन की मौत, एक की हालत गंभीर

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के दक्षिणपुरी इलाके में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक घर के अंदर से चार युवक बेहोशी की हालत में पाए गए। इन चारों को तत्काल अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया गया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार पुलिस को यह सूचना 5 जुलाई को एक पीसीआर कॉल के ज़रिए मिली, जिसमें जिशान पुत्र मुन्ने निवासी भलस्वा डेयरी ने बताया कि उसका भाई बार-बार फोन करने पर भी कॉल रिसीव नहीं कर रहा है। वह जिस घर में ठहरा था वह भीतर से बंद था। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जब घर का दरवाज़ा खोला गया तो अंदर का नज़ारा चौंका देने वाला था वहां पहली मंज़िल पर चार युवक बेहोश पड़े हुए थे।

## जालंधर जिले के सभी जजों ने 'मिशन वन जज वन प्लांट' के तहत पौधे लगाये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालंधर ने शनिवार को 'मिशन वन जज वन प्लांट' अभियान के तहत हरित शपथ दिवस मनाया। पंजाब राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, मोहाली और श्री निरभाऊ सिंह गिल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालंधर के मार्गदर्शन में, जालंधर, नकोदर और फिल्लौर के न्यायिक अधिकारियों ने इस पहल के तहत एक-एक पौधा लगाया और गोद लिया। शनिवार सुबह, सरकारी मॉडल सह-शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडोवाली रोड, जालंधर और सरकारी मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, स्कूल ऑफ एमिनेंस, लाडोवाली रोड, जालंधर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस कार्यक्रम में जिला मुख्यालय जालंधर के न्यायिक अधिकारियों और बार एसोसिएशन जालंधर के सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने आम, टाहली, नीम, अर्जुन और अमलतास सहित कई लाभकारी पेड़ लगाये गये। ये प्रजातियां अपने बहुमूल्य गुणों के लिए जानी जाती हैं। पौधा गोद लेने वाले प्रत्येक अधिकारी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालंधर के निरभाऊ सिंह गिल, द्वारा उपलब्ध करायी गयी पुस्तिका रखनी होगी। पुस्तिका में पेड़ का नाम और गोद लेने की तिथि दर्ज होगी तथा हस्तांतरण की स्थिति में पुस्तिका उत्तराधिकारी अधिकारियों को सौंप दी जायेगी।

## एसवाईएल पर हरियाणा की बैठक से पहले पंजाब ने बुलाई कैबिनेट बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। एसवाईएल के मुद्दे पर हरियाणा के साथ संयुक्त बैठक से पहले पंजाब सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में पंजाब सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने पर मंथन कर रही है।

पंजाब और हरियाणा के बीच लंबे समय से एसवाईएल को लेकर विवाद चल रहा है। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने हालही में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर संयुक्त बैठक में शामिल होने के लिए कहा था। सूत्रों की मानें तो यह संयुक्त बैठक 9 जुलाई को दिल्ली में होगी। उससे पहले शनिवार को पंजाब सरकार ने एक आदेश जारी करके सात जुलाई को चंडीगढ़ में मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र के साथ होने वाली बैठक के संबंध में अपने सहयोगियों से चर्चा की जाएगी। पंजाब में चर्चा है कि केंद्र सरकार इस संयुक्त बैठक में पंजाब को सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू करने के लिए कह सकती है। जिसके चलते सरकार 10 व 11 जुलाई 2025 को एक विशेष विधानसभा सत्र बुला सकती है। सोमवार को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ड्रग तस्करी के मुद्दे पर भी कोई बड़ा फैसला ले सकती है।

## डीएम-एसपी ने अधिकारियों के साथ ताजिया जुलूस रूट का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। फारबिसगंज में मोहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताजिया जुलूस के रूट का शनिवार को डीएम अनिल कुमार,एसपी अंजनी कुमार अधिकारियों के साथ फारबिसगंज में जायजा लिया।

डीएम और एसपी अधिकारियों के साथ भागकोहलिया के चौरा परवाहा स्थित मीर कचहरी के साथ फारबिसगंज शहर में दस आना कचहरी ग्राउंड,सदर रोड,राम मनोहर लोहिया पथ,मेला रोड सहित जुम्मन चौक स्थित कर्बला मैदान का जायजा लिया और इस दौरान अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिला प्रशासन के अधिकारियों ने फारबिसगंज मोहर्रम कमिटी के सदस्यों के साथ भी बातचीत की और शांतिपूर्ण सौहार्द्र के साथ ताजिया जुलूस निकालने की अपील की। मौके पर डीएम अनिल कुमार ने कहा कि मोहर्रम के मौके पर शांतिपूर्ण और सौहार्द्र तरीके से जुलूस निकालने को लेकर रूट का जायजा लिया गया है।जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने का दावा किया गया।वीडियोग्राफी और ड्रोन कैमरा के साथ शहर में सीसीटीवी कैमरा से जुलूस पर निगरानी रखने की बात कही।वहीं एसपी ने कहा कि मोहर्रम को लेकर निकलने वाले ताजिया जुलूस को लेकर पुलिस अधिकारियों और बलों के साथ संवेदनशील और चौक चौराहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधिकारी और बलों के साथ मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है।साथ ही जिले और अनुमंडल में बने कंट्रोल रूम के माध्यम से जुलूस पर नियंत्रण और निगरानी रखी जाएगी।इसके अलावे साढ़े ड्रेस में पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किए जाने की बात एसपी ने कही।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063